# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




### दिग्गज गायिका आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

# हमेशा जिंदा रहेंगी 'आशा,...बस, वे गाएंगी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय संगीत जगत की महान गायिका आशा भोसले का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया, उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में रविवार दोपहर अंतिम सांस ली। बेटे आनंद भोसले ने कहा कि सोमवार सुबह 11 बजे उनके घर पर अंतिम दर्शन किए जा सकते हैं। अंतिम संस्कार सोमवार शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। आशा जी को शनिवार को अत्यधिक थकान और चेस्ट में इन्फेक्शन की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सात दशकों से अधिक समय तक अपनी जादुई आवाज ▶▶ शेष पेज 6 पर

» **बड़ी बहन लताजी की उम्र में ही दुनिया से विदा हुईं**

» **'दादासाहेब फाल्के' व 'पद्म विभूषण' से सम्मानित थीं**



### 'नया दौर' फिल्म से मिली सफलता

आशा भोसले ने 10 साल की उम्र में गाना शुरू किया और 1943 की मराठी फिल्म 'माझा बाल' के गीत 'चला चला नव बाला' से अपने करियर की शुरुआत की। पांच साल बाद उन्होंने फिल्म 'चुनरिया' (1948) के गीत 'सावन आया' से हिंदी सिनेमा में कदम रखा। उन्हें असली पहचान फिल्म 'नया दौर' (1957) के गीतों 'मांग के साथ तुम्हारा' और 'उड़ें जब जब जुल्फें तेरी' से मिली।

**भावुक हुए पीएम मोदी**

## कहा-उनके गीत हमेशा लोगों की जिंदगी में गूंजते रहेंगे



नरेंद्र मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने कई तस्वीरें शेयर कर लिखा कि उनका अनोखा संगीत सफर दशकों तक चला, जिसने हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया और दुनियाभर के अनगिनत लोगों के दिलों को छुआ। भावपूर्ण गीतों से लेकर जोशीले संगीत तक, उनकी आवाज़ में हमेशा एक खास चमक रही। उनके साथ हुई मेरी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सीएम डॉ. यादव ने दी श्रद्धांजलि-वे सुरों व संगीत की अप्रतिम साधिका



डॉ. मोहन यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे सुरों और संगीत की अप्रतिम साधिका थीं। शास्त्रीय संगीत और गायन का उन्होंने गहरा अभ्यास किया था। आशा जी ने अपने गायन करियर में कई दिग्गज कलाकारों के लिए गीत गाए। जिन भी अभिनेत्रियों के लिए उन्होंने गीत गाए उनको अपने अभिनय करियर में अपार सफलता मिली।



▶▶ पढ़ें पेज 02 भी


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



IPL आज का मुकाबला
एसआरएच आरआर
शाम 7.30 बजे से


**खबर संक्षेप**

### शिवराज बने विधायक दल बैठक के पर्यवेक्षक



**भोपाल।** बिहार में नए सीएम की नियुक्ति के लिए भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इस निर्णय को पार्टी में उनकी मजबूत पकड़ और अनुभव पर भरोसे के रूप में देखा जा रहा है। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से, 15 से रजिस्ट्रेशन



**नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा 2026 की घोषणा हो चुकी है। श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के अनुसार, इस साल की वार्षिक तीर्थयात्रा 3 जुलाई 2026 से शुरू होगी। समापन 28 अगस्त को रक्षा बंधन के पावन अवसर पर होगा। 15 अप्रैल से पंजीयन होंगे।


### एफआईआर के बाद पति का दावा, मोनालिसा गायब



**नई दिल्ली।** प्रयागराज महाकुंभ वायरल गर्ल मोनालिसा केस में नया मोड़ सामने आ गया है। मोनालिसा के पति फरहान ने दावा किया है कि वह उसे छोड़कर भाग गई है, जिसकी तलाश के लिए वह राजस्थान के अजमेर में भटक रहा है। उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**अमेरिका-ईरान शांति वार्ता** » **इस्लामाबाद में 21 घंटे की मैराथन शांति वार्ता विफल, भड़के ट्रंप ने कहा-ईरान में जो कुछ बचा है उसे भी खत्म कर देंगे**

# कोई फॉर्मूला न बन पाने पर रूस के राष्ट्रपति बोले-हम मध्यस्थता करेंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता भले ही विफल हो गई हो पर अंतिम अवसर अभी भी बचा है। पर दो हफ्तों तक सीजफायर के दौरान कोई बात नहीं बनती है तो युद्ध और भीषण रूप ले सकता है

लीजिए, पाकिस्तान फेल हो गया। मिडिल ईस्ट का नया चौधरी बनने की उसकी ख्वाहिश धरी की धरी रह गई। पाक के पीएम शाहबाज शरीफ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के पीछे भागते नजर आए। पर, वेंस अपने 4 साथियों के साथ वॉशिंगटन लौट गए। ईरान का 70 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी तेहरान चला गया। 21 घंटे तक चली शांति वार्ता में पाक कोई समाधान नहीं सुझा सका और दोनों पक्षों को किसी भी फॉर्मूले पर राजी कर सका।

पाक की इस विफलता के बाद रूस सामने आया है। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि वे इस मसले पर मध्यस्थता करने को तैयार हैं। उनके पास फॉर्मूला ▶▶ शेष पेज 6 पर

**वार्ता विफल रहने पर भी सीजफायर रहेगा कायम**

**अमेरिका ने क्या रखी शर्त**

- ईरान परमाणु हथियार हासिल न करे
- स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फौरन खोल दे

**ईरान ने क्या रखी शर्त**

- लेबनान पर तत्काल हमले बंद हों
- परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण रहेगा



इस्लामाबाद में शांति वार्ता के दौरान की तस्वीर

» **पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियन से शांति प्रयासों पर बात की**

» **संभवतः अगली शांति वार्ता मास्को में आयोजित की जाए**



### अमेरिका ने दिया 'अंतिम प्रस्ताव'

जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के सामने अपना अंतिम और सबसे अच्छा प्रस्ताव रखा था। हमें उनकी ओर से इस बात की स्पष्ट प्रतिबद्धता दिखनी चाहिए कि वे परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश नहीं करेंगे और न ही ऐसे ▶▶ शेष पेज 6 पर

**बोले ईरानी स्पीकर**

### भरोसा हासिल करने में नाकाम रहा अमेरिका



ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने कहा कि अमेरिका ईरान का भरोसा हासिल करने में नाकाम रहा, जबकि उन्होंने इसे तेहरान की अच्छी नीयत से बातचीत करने की इच्छा बताया। ईरानी डेलीगेशन के रखे गए प्रस्तावों से आखिरकार कोई तरक्की नहीं हुई। अमेरिका ने हमारे लॉजिक और प्रिंसिपल्स को समझ लिया है, और अब यह तय करने का समय है कि वह हमारा भरोसा जीत सकता है या नहीं। ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी



धूप से बचने चेहरे को ढक रहे लोग, भोपाल स्थित लिंक रोड एक का दृश्य

**सबसे गर्म रतलाम में 41 डिग्री**

## 3 दिन में बनेंगे लू के हालात दो दिन में पारा 4 डिग्री बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- ▶▶ भोपाल में 1.8 डिग्री बढ़त के साथ 38.6 पर पारा
- ▶▶ दर्जनभर जिले 38 से 40 डिग्री के बीच

राजधानी सहित प्रदेशभर में गर्मी का पारा तेजी से बढ़ रहा है। भोपाल में दो दिन में ही अधिकतम तापमान में करीब 4 डिग्री की बढ़त हुई है, जबकि अगले 3 दिन में इसमें 3 से 4 डिग्री तक और बढ़त होने की उम्मीद है। इससे नए पश्चिमी विक्षोभ आने से पहले कई जिलों में लू जैसे हालात बनेंगे। भोपाल में भी पारा 40 से 41 डिग्री तक पहुंच सकता है। भोपाल में रविवार को तेज धूप और नमी में हो रही कमी से दिन के तापमान में 1.8 डिग्री की बढ़त के साथ पारा 38.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से दशमलव 3 डिग्री अधिक है। प्रदेश में सबसे गर्म रहे रतलाम में अधिकतम तापमान 41 डिग्री रहा। करीब आधा दर्जन जिलों में पारा 38 से 40 डिग्री के बीच रहने से गर्मी तेजी पकड़ने लगी है।

### यहां लू जैसे हालात बनेंगे

रविवार को पूर्वी मप्र में गर्मी तेजी से बढ़ी। दमोह, खजुराहो, मंडला, रीवा, सतना, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया, मलाजखंड सहित एक दर्जन जिलों में पारा 2.5 डिग्री से 4 डिग्री तक बढ़ा है। इन जिलों में पारा 40 डिग्री के करीब रहा। धार, नर्मदापुरम, खजुराहो, मंडला और रतलाम में 40 डिग्री पार रहा है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अप्रैल में आमतौर पर गर्मी सामान्य रहती है। डब्ल्यूडी आने और दिन ▶▶ शेष पेज 6 पर

**28 साल पुराना फर्जीवाड़ा**

### 186 लोगों को बांटे थे...एक एक लाख के फर्जी होम लोन




**अपेक्स बैंक के एमडी रहे प्रदीप नीखरा को जेल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सहकारिता विभाग के रिटायर्ड अफसर और अपेक्स बैंक के एमडी रहे प्रदीप नीखरा को 28 साल पुराने एक फर्जीवाड़े में जेल हो गई। मामला सहकारी आवास संघ से जुड़ा है। जिसमें जनरल मैनेजर रहते नीखरा ने रायपुर की एक सहकारी समिति के 186 सदस्यों को 1.86 करोड़ रुपए का ▶▶ शेष पेज 6 पर

**16 से 18 तक विशेष संसद सत्र**

### महिला आरक्षण पर भाजपा ने पहले ही जारी किया व्हिप



**इस दौरान सांसद या केंद्रीय मंत्रियों को छुट्टी नहीं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने आगामी विशेष संसद सत्र को लेकर अपने सभी सांसदों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। पार्टी ने लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्यों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी करते हुए 16 से 18 अप्रैल तक सदन में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है। इस अवधि के दौरान किसी भी ▶▶ शेष पेज 6 पर

**मप्र में 3 सड़क हादसों में गई 10 लोगों की जान**

## डिंडोरी में तेज रफ्तार 'कैप्सूल वाहन' ने 5 लोगों को रौंद डाला, मौके पर मौत

**पिकअप में सवार लोग नीचे उतरकर बैठे थे तभी मौत बनकर आया कैप्सूल वाहन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डिंडौरी

जिले के एनएच 45 गाड़ा सरई थाना क्षेत्र के किकरा तालाब गांव के पास एक अनियंत्रित कैप्सूल वाहन ने सड़क किनारे बैठे 5 लोगों को कुचल दिया। हादसे में 5 व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं। घटना जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर शनिवार-रविवार रात करीब 12:30 बजे की है। परसवाह गांव के निवासी एक पिकअप से सिलयारी गांव में एक चौक कार्यक्रम ▶▶ शेष पेज 6 पर



हादसे के बाद खड़ा कैप्सूल वाहन

### देवास में 3 युवकों की मौत



**देवास।** शनिवार रात करीब डेढ़ बजे नेवरी फाटा के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई और पेड़ से जा टकराई। कार को किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मारी, जिससे यह भीषण हादसा हुआ। तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मोहित (22) निवासी ग्राम गुनाई भौरासा, ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ओवरटेक बना कालः दंपती की मौत

**गुना।** कुंभराज थाना क्षेत्र में रविवार सुबह 10 बजे कुंभराज-मोहनपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हो गया। एक कार द्वारा ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश के दौरान संतुलन बिगड़ गया और दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सामने से आ रही दो मोटरसाइकिलों से जा भिड़ा। इस हादसे में ▶▶ शेष पेज 6 पर

**राहुल गांधी ने भाजपा पर साधा निशाना**

## आंबेडकर की मूर्ति के सामने जोड़ते हैं हाथ पर संविधान को पहुंचाते हैं हानि

**दिल्ली में संविधान की रक्षा के लिए मैराथन को दिखाई हरी झंडी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राहुल गांधी 'रन फॉर आंबेडकर' और 'रन फॉर कांस्टीट्यूशन' मैराथन 2026 में शामिल हुए

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में 'रन फॉर आंबेडकर' और 'रन फॉर कांस्टीट्यूशन' मैराथन 2026 की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर का सबसे बड़ा संदेश संविधान ही था। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस और भाजपा की विचारधारा वाले लोग आंबेडकर के विचारों और संविधान को खत्म करना चाहते हैं। भाजपा के लोग ▶▶ शेष पेज 6 पर

**आष्टा में मुख्यमंत्री ने 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित किए 1836 करोड़ रुपए**

**योजना में मप्र की बहनों को अब तक 55 हजार करोड़ की राशि दी गई**

- ▶▶ आष्टा में 184 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन
- ▶▶ स्वतंत्रता के बाद पहली बार नारी सशक्तिकरण का बड़ा कार्य इसी माह होने जा रहा

## सीएम ने 2 सांदीपनि विद्यालयों का किया लोकार्पण, कक्षा में बच्चों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हमारी सरकार अब तक लाड़ली बहना योजना के जरिए बहनों को 55 हजार करोड़ से अधिक राशि दे चुकी है। रविवार को आष्टा से प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपए अंतरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके ▶▶ शेष पेज 6 पर



लाड़ली बहनों को राशि अंतरित करते सीएम डॉ. यादव

### स्व-सहायता समूहों की 65 लाख से अधिक बहनें सशक्त हुईं

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 12 लाख से अधिक लखपति दीदियां हैं। अकेले सीहोर में 1 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों की दीदियां हैं। प्रदेश के 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों की 65 लाख से अधिक बहनें सशक्त हुई हैं। राज्य सरकार मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत विवाह के लिए 55 हजार रुपए ▶▶ शेष पेज 6 पर










**आशा भोसले** की गायकी का फलक अत्यंत विस्तृत है। चाहे वह चुलबुले और नटखटी गीत हों, रूमानी नगमे हों या फिर थिरकने पर मजबूर कर देने वाले कैबरे। हर विधा में उन्हें महारथ हासिल थी। जहां उन्होंने 'इन आंखों की मस्ती के' जैसी गजलों में रूहानियत और गहराई भरी, वहीं 'दम मारो दम' और 'पिया तू अब तो आजा' जैसे गीतों के ज़रिए भारतीय संगीत में आधुनिकता, साहस और नई ऊर्जा का संचार किया। इसलिए कहा जाता था कि आशा भौंसले की उम्र बढ़ी लेकिन आवाज जस की तस रही। आशा भोंसले का नाम केवल प्रशंसकों के दिलों में ही नहीं, बल्कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है।

# आशा के 'अमर' सुर.. कभी बूढ़ी नहीं हुई 'आवाज'

**1000** से ज्यादा फिल्मों में गाने गाए

**20** भाषाओं में गाने गाने का रिकॉर्ड

**12** हजार से ज्यादा गाने गाए

### झुमका गिरा रे... बरेली को दी पहचान

आशा भोसले का गाया गीत झुमका गिरा रे, बरेली के बाज़ार में, जिसे फिल्म मेरा साया में अभिनेत्री साधना पर फिल्माया गया था। यह गीत आशा भोसले की सुरीली आवाज, भावपूर्ण संगीत और जीवंत माहौल के कारण लोकप्रिय हुआ। भले ही यह गीत 54 साल पुराना है। करीब पांच दशक बाद बरेली ने आखिरकार इस प्रतिष्ठित गीत को अपनाते हुए 14 फीट ऊंचा झुमका स्थापित किया है। इस गीत ने बरेली को 'झुमका सिटी' के रूप में नई पहचान दी।

### 1948 में गाया पहला गाना

आशा के कॅरियर का पहला गीत साल 1948 में आई फिल्म चुनरिया का गीत सावन आया... है। साल 1957 में संगीतकार ओपी नैय्यर के संगीत निर्देशन में बनी निर्माता-निर्देशक बीआर चोपड़ा की फिल्म नया दौर आशा के कॅरियर का अहम पड़ाव साबित हुई। वहीं फिल्म तीसरी मंजिल में आशा भोंसले ने आरडी बर्मन के संगीत में आजा आजा मैं हूं प्यार तेरा... गाने को अपनी आवाज दी। ये गाना सुपरहिट रहा।



**जन्म : 08 सितंबर 1933** **अवसान : 12 अप्रैल 2026**

## आइडियल थीं लता दीदी

आशा भोसले तो लता दीदी को अपना आदर्श मानती थीं। लेकिन कम उम्र में ही आशा भोसले के कारण लता मंगेशकर का दिल दुखा था। दरअसल, आशा भोसले ने 16 साल की उम्र में लता मंगेशकर के सचिव गणपत राव भोसले से प्रेम विवाह कर लिया। गणपत राव आशा से 20 साल बड़े थे। इस रिश्ते को लता मंगेशकर और उनके परिवार ने स्वीकार नहीं किया।

### लता मंगेशकर और आशा भोसले के रिश्तों पर बनी फिल्म

बॉलीवुड में एक फिल्म साज भी बनी थी, इसे साई परांजपे ने बनाई थी। कहा जाता है कि यह फिल्म लता मंगेशकर और आशा भोसले के रिश्तों पर थी। फिल्म में लीड रोल में शबाना आजमी और अरुणा ईरानी थीं, इन्होंने फिल्म में दो बहनों का रोल किया था। एक इंटरव्यू में इस फिल्म के बारे में आशा भोसले ने कहा था, यह बिल्कुल भी सच नहीं है। दो महिलाओं को फिल्म में लेना, कुछ घटनाओं को चुनना और उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर 3 घंटे की फिल्म बना देना, यह तो समय की पूरी बर्बादी है। जबकि डायरेक्टर ने कहा था कि इसका आइडिया उन्हें एक्ट्रेस शबाना आजमी से मिला था। एक्ट्रेस ने उनसे एक प्लेबैक सिंगर पर फिल्म बनाने को कहा था। डायरेक्टर ने यह भी कहा कि फिल्म में दो बहनों की जो कहानी दिखाई गई है, वह एक राइटर के तौर पर उनके खुद के अनुभवों और भावनाओं पर आधारित है।

### पहले पति ने प्रेग्नेंसी की हालत में घर से बाहर निकाल दिया था

आशा भोसले और गणपत राव की शादी ज्यादा नहीं चली। 11 साल बाद आशा भोसले पति से अलग हो गईं। गणपत राव से आशा भोसले को तीन बच्चे हुए। गणपत राव ने आशा भोसले को 2 बच्चों और प्रेग्नेंसी के हालत में घर से निकाल दिया था। गणपत का परिवार रूढ़िवादी था, वह एक सिंगिंग स्टार को स्वीकार नहीं कर सका।



### सिंगर न होतीं तो कुक बनतीं आशा भोसले

आशा भोसले को आज दुनिया एक मशहूर गायिका के रूप में जानती है। अगर वह कभी सिंगर ना बन पातीं तो कुक के प्रोफेशन को चुनतीं। आशा भोंसले ने एक इंटरव्यू में बताया था कि अगर वह सिंगर नहीं बनती तो वह एक कुक होतीं। बता दें कि दुबई, कुवैत में उनके नाम से रेस्टोरेंट भी है। यहां पर भारतीय खाना मिलता है। एक खबर के अनुसार इंटरनेशनल कुक रसेल स्कॉट ने आशा ब्रांड के राइट्स खरीदे थे। वह ब्रिटेन में लगभग 40 रेस्टोरेंट खोलने की योजना बना रहे थे।

### बेटी और बेटे के गुजर जाने से टूटा दुखों का पहाड़

पति आरडी बर्मन को आशा भोसले पहले ही खो चुकी थीं। फिर उनकी जिंदगी से जुड़े दो खास लोग भी दुनिया को अलविदा कह गए। आशा भोसले की बेटी वर्षा ने साल 2012 में आत्महत्या कर ली। वहीं चार साल बाद यानी 2015 में बेटे हेमंत का कैंसर के कारण निधन हो गया। दो बच्चों की मौत ने आशा भोसले को भीतर से तोड़ दिया।

### बड़े पर्दे पर दिखाया एक्टिंग का हुनर


आशा भोसले ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक बेहतरीन गीत गाए। हिंदी के अलावा वह कुल 20 भारतीय और विदेशी भाषाओं में गाने गा चुकी हैं। सिंगिंग के अलावा आशा भोसले ने एक्टिंग में भी हाथ आजमाया था। साल 2013 में आशा भोसले ने एक मराठी फिल्म 'माई' में अभिनय किया। इसमें उनके अभिनय को खूब सराह गया था।

## छह साल छोटे आरडी बर्मन से प्यार और दूसरी शादी

पहली शादी टूटने के बाद आशा भोसले की जिंदगी में फिर से प्यार की बहार आई। एक गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान संगीतकार आरडी बर्मन और आशा भोसले की मुलाकात हुई। आरडी बर्मन ने आशा भोसले के सामने अपने प्यार का इजहार किया था। वह आशा भोसले से 6 साल छोटे थे। आरडी बर्मन से आशा भोसले ने 1980 में शादी की। लेकिन इनकी शादी की राह आसान नहीं थी। आशा भोसले के तीन बच्चे पहली शादी से थे, ऐसे में आरडी बर्मन के परिवार वाले इस शादी के राजी नहीं थे। लेकिन आरडी बर्मन नहीं माने, उन्होंने आशा से शादी की। आगे चलकर दोनों ने बेहतरीन गीतों पर काम किया। साल 1994 में आरडी बर्मन का निधन हुआ, इसके बाद आशा अकेली पड़ गईं।

## आशा का वो गाना, जो रेडियो पर बैन तो दूरदर्शन से हटाया

देव आनंद, जीनत अमान और मुमताज अभिनीत फिल्म हरे रामा हरे कृष्णा में आशा भोसले की आवाज में दम मारो दम गाना रिलीज होते ही विवादों में घिर गया था। आरडी बर्मन का संगीत और आनंद बख्शी के बोल इस गाने में थे। गाने में जीनत अमान को हिप्पी स्टाइल में चिलम फूंकते हुए दिखाया गया था, जो नशे के कल्चर को एक तरह से ग्लैमराइज करने का तरीका था और इस पर गंभीर आरोप भी लगा। कई लोगों ने इसे भारतीय संस्कृति के खिलाफ और युवाओं में नशे को बढ़ावा देने वाला बताया।



बेस्ट प्लेबैक सिंगर फीमेल का अवॉर्ड

### रेडियो पर हुआ बैन

इस गाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि ऑल इंडिया रेडियो ने गाने पर प्रतिबंध तक लगा दिया। यही नहीं दूरदर्शन ने फिल्म के टीवी प्रसारण के दौरान इस गाने तक को काट दिया। जब फिल्म टीवी पर आई तो दम मारो दम को पूरी तरह हटा दिया गया था। गजब की बात यह है कि आशा भोसले को इस गाने के लिए बेस्ट प्लेबैक सिंगर फीमेल का अवॉर्ड भी मिला था। देवानंद ने फिल्म में इसे एंटी-ड्रग मैसेज के तौर पर रखा था लेकिन गाने की कैची धुन और बोल्ड विजुअल्स ने इसे अलग ही पहचान दे दी।

## आशा भोसले को मिले अवॉर्ड्स



- पद्म विभूषण – 2008
- दादासाहेब फाल्के – 2000
- राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ महिला प्लेबैक गायिका) – 1981 और 1986
- फिल्मफेयर पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ महिला प्लेबैक गायिका) – 1968, 1969, 1972, 1973, 1974, 1975 और 1979
- फिल्मफेयर स्पेशल अवॉर्ड (फिल्म रंगीला) – 1996
- फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड – 2001
- आइफा अवार्ड (सर्वश्रेष्ठ महिला प्लेबैक गायिका) – 2002, फिल्म लगान के गीत राधा कैसे न जले के लिए
- नाइटिंगेल ऑफ एशिया अवॉर्ड – 1987
- सिंगर ऑफ द मिलेनियम – 2000 (दुबई)
- बीबीसी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड – 2002
- पद्म विभूषण से सम्मानित, दादासाहेब फाल्के और नेशनल अवॉर्ड तक
- गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम है दर्ज
- साल 2011 में उन्हें गिनीज ने 20 अलग-अलग भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाना रिकॉर्ड करने के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया था।



सेवंती मंगेशकर(मां), लता मंगेशकर, आशा भोसले, ऊषा मंगेशकर, मीना खाड़ीकर, ह्दयनाथ मंगेशकर

## कई शैलियों में गातीं थीं आशा

### चुलबुले और रूमानी गीत

आशा जी को कैबरे और पश्चिमी धुन वाले गानों की रानी माना जाता है। उन्होंने आरडी बर्मन के साथ मिलकर संगीत में एक नई जान फूंकी थी।
**उदाहरण:** दम मारो दम, पिया तू अब तो आजा, ओ हसीना जुल्फ़ों वाली

### ठुमरी और शास्त्रीय संगीत

हालांकि, उनकी छवि एक मॉडर्न गायिका की थी, लेकिन कठिन शास्त्रीय बंदिशों और ठुमरी में उनका कोई सानी नहीं है। फिल्म उत्सव और उमराव जान के गानों में इसकी झलक मिलती है।
**उदाहरण:** मन क्यों बहका रे बहका, दिल चीज़ क्या है

### भावपूर्ण गज़लें

फिल्म उमराव जान के लिए उन्होंने अपनी गायकी का अंदाज़ पूरी तरह बदल लिया था। उनकी आवाज़ की गंभीरता और शब्दों के सही उच्चारण (तलफ़्फ़ुज़) ने गज़लों को अमर बना दिया।
**उदाहरण:** इन आंखों की मस्ती के, जुस्तजू जिसकी थी।

### भजन और भक्ति गीत

उनकी आवाज़ में जहां एक तरफ मादकता थी, वहीं दूसरी तरफ भक्ति गीतों में उतनी ही पवित्रता और सादगी भी थी।
**उदाहरण:** तोरा मन दर्पण कहलाए

### पॉप और रिमिक्स

90 के दशक में जब पॉप संगीत का दौर आया, तब भी आशा जी ने जानम समझा करो और कही आग लगे जैसे गानों से युवा पीढ़ी के बीच अपनी धाक जमाए रखी।

### लोक संगीत और लावणी

मराठी होने के नाते, उन्होंने लावणी (महाराष्ट्र का लोक संगीत) में जो ऊर्जा भरी, वह बेमिसाल है।

# GALGOTIAS UNIVERSITY

# Ranked Globally. Committed to making India Proud.

NAAC GRADE A+
Accredited University

**QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS**
BY SUBJECT 2026

For Computer Science and Information Systems

**Ranked**
**11***th* *in* India amongst Private Universities

**Ranked**
**2***nd* *in* Uttar Pradesh amongst Private Universities

**Ranked**
**30***th* *in* India amongst all Private *and* Government Universities

**Ranked**
**601-650** Band Globally

## Launched India's Finest Active Learning Campus

In consultancy collaboration with

**INSPIRE**
**NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY**
**SINGAPORE**

**G-SCALE**
GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM
• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning

G-SCALE moves education beyond passive lectures to an environment where students actively engage in real-world problem-solving, collaboration, and experiential learning.

Centre for Drone Intelligence & Simulation



Next Gen Structure and Smart Hydraulics Lab



Centre of Excellence - Tableau AI Data Lab




HP-Intel AI for Future Workforce Lab



Semiconductor Research Lab



## INDUSTRY INTEGRATED ACADEMIC CENTRES



Centre for Supercomputing & Advanced AI Research anchored by NVIDIA DGX H200 GPUs



Advanced Geotechnical and Earth Science Centre



Centre for Design Thinking & Augmented Reality



TATA Technologies Learning Centre




Cisco Centre of Excellence

**APPLY TODAY FOR CAREER FOCUSSED 2026–27 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. PROGRAMMES**

Computer Science and Engineering | Electronics and Communication Engineering | Electrical Engineering | Mechanical Engineering | Civil Engineering | Computer Applications and Technology | Defence Technology | Artificial Intelligence | Business | Aviation | Logistics and Supply Chain Management | Tourism Management | Liberal Education | Languages | Finance & Commerce | Basic Sciences | Biosciences and Technology | Forensic Sciences | Agriculture | Law | Pharmacy | Allied Health Sciences | Nursing | Media and Communication Studies | Hospitality | Design | Education | Polytechnic | Vocational Education | Skilling and Entrepreneurship

For Admissions
Scan to Apply

GALGOTIAS UNIVERSITY

**#GetYourSelfPlaced**

Galgotias Admissions Helpline No.: **9810162221, 9717300418, 9582847072** **9971026125** **0120-4370000**

**Web:** www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in



# आचार्य शंकर प्राकट्योत्सव- 'एकात्म पर्व' 17 अप्रैल से, आचार्य की गुरु एवं सन्यास भूमि ओंकारेश्वर में धूमधाम से मनाया जाएगा

## मुख्यमंत्री सहित द्वारिका शंकराचार्य सदानंद सरस्वती, स्वामी अवधेशानंद गिरि होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग की ओर से आदि गुरु शंकराचार्य के प्राकट्योत्सव वैशाख शुक्ल पंचमी के उपलक्ष्य में 'एकात्म पर्व' का पंच दिवसीय भव्य आयोजन 17 से 21 अप्रैल तक ओंकारेश्वर के मांधाता पर्वत पर 'एकात्म धाम' में आयोजित किया जा रहा है। इस पंच दिवसीय मांगलिक अनुष्ठान में भारत की दिव्य संन्यास परंपरा के शीर्ष संतों, आर्ष चिंतकों और विशिष्टजनों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ 17 अप्रैल को द्वारका पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती के पावन सानिध्य तथा संस्कृति और पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, विवेकानंद केंद्र की उपाध्यक्ष पद्मश्री निवेदिता भिड़े, स्वामी शारदानंद सरस्वती की उपस्थिति में होगा, वहीं समापन अवसर पर 21 अप्रैल को शंकरावतरणम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि और चिन्मय मिशन के स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती, दक्षिणामूर्ति मठ, के प्रमुख स्वामी पुण्यानंद गिरि प्रमुख रूप से सम्मिलित होंगे।

### अद्वैतामृतम - विमर्श सभा में विभिन्न विषयों पर होगा संवाद

इस सत्र के तहत अद्वैत वेदांत की समकालीन परंपराओं पर विस्तृत चर्चा होगी, जिसमें 17 अप्रैल को अद्वैत एवं जेन-जी जैसे महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषय पर स्वामी स्वात्मानंद सरस्वती, स्वामिनी ब्रह्मप्रज्ञानंद सरस्वती, सतावधानी ललितादित्य और विशाल चौरसिया युवाओं के नजरिए से अद्वैत की व्याख्या करेंगे। उड़िया बाबा पर मां पूर्णप्रज्ञा, स्वामी प्रणवानंद सरस्वती और आचार्य मिथिलेशनन्दिनी शरण (अयोध्या) इस परंपरा के दार्शनिक पहलुओं पर चर्चा करेंगे।

### 'एक ओंकार' के अंतर्संबंधों पर विमर्श करेंगे

18 अप्रैल को रामकृष्ण मिशन पर स्वामी जपसिद्धानंद, स्वामी वेदतत्त्वानंद पुरी और स्वामी सर्वभद्रानंद (बेलूर मठ) अद्वैत के सेवा भाव पर प्रकाश डालेंगे, वहीं सिख संप्रदाय पर आयोजित सत्र में निर्मल अखाड़ा के स्वामी दर्शन सिंह और प्रो. जगबीर सिंह अद्वैत और 'एक ओंकार' के अंतर्संबंधों पर विमर्श करेंगे। अद्वैत एवं पर्यावरण विषय पर स्वामी चिदानंद सरस्वती (परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश) और डॉ. बालकृष्ण पिसुपति (यूएनईपी) अद्वैत दृष्टि से प्रकृति संरक्षण पर बात करेंगे। इसी दिन रमण आश्रम पर आयोजित सत्र में डॉ. वेंकट एस. रमणन, प्रो.भूपेंद्र गोदारा और स्वामिनी सद्विद्यानंद सरस्वती महर्षि रमण के आत्म-विचार पर संवाद करेंगे।

### आधुनिक प्रासंगिकता- संवाद और कार्यशाला

महोत्सव में अद्वैत दर्शन को नई पीढ़ी, आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए विशेष सत्र रखे गए हैं, जिसमें 19 अप्रैल को अद्वैत एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आयोजित सत्र में स्वामी परम शिवानंद, डॉ. प्रत्युष कुमार, कल्याण मुत्तुराजन और प्रो. राहुल गर्ग एआई और चेतना के विषयों पर चर्चा करेंगे। अद्वैत एवं वैश्विक शांति विषय पर स्वामी परमात्मानंद सरस्वती, प्रो.प्रियंकर उपाध्याय एवं नीमा मजूमदार संवाद करेंगे। इसी दिन सत्त्व, रज, तम मानव स्वभाव के गुणों पर आधारित विशेष सत्र में स्वामी वेदतत्त्वानंद पुरी एवं विशाल चौरसिया संवाद करेंगे।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में देश के प्रमुख कलाकार देंगे प्रस्तुति

- 17 अप्रैल- जयतीर्थ मेवुंडी का शास्त्रीय गायन और शुभदा वराडकर की ओड़िसी प्रस्तुति 'एकम'।
- 18 अप्रैल- जसलीन कौर की गुरु वाणी और डॉ. पद्मजा सुरेश का भरतनाट्यम 'शक्ति'।
- 19 अप्रैल- पार्वती बाउल का 'मोनेर मानुष' और रमा वैद्यनाथन का भरतनाट्यम 'नमामि देवी'।
- 20 अप्रैल- लता सिंह मुंशी का भरतनाट्यम और एस. ऐश्वर्या - सौंदर्या का कर्नाटक संगीत 'शिवोऽहम'।
- 21 अप्रैल- अभय घाट पर पद्मश्री हेमंत चौहान की 'निर्गुण वाणी' और मणिपुर नृत्य की प्रस्तुति।
- 700 से अधिक युवा 'शंकरदूत' के रूप में लेंगे दीक्षा

---

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्नत कृषि महोत्सव के दूसरे दिन किसानों से किया संवाद

# हर ब्लॉक में बनेंगे बीज ग्राम, बेहतर बीज से 20 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा उत्पादन

हरिभूमि ब्यूज भोपाल

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव के दूसरे दिन किसानों को एक बड़ी सौगात देते हुए सीहोर, रायसेन, विदिशा और देवास इन चार जिलों का समग्र कृषि रोडमैप जारी किया। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंटीग्रेटेड फार्मिंग मॉडल का निरीक्षण भी किया। वहीं केन्द्रीय मंत्री ने महोत्सव में फसल बीमा योजना और इंटीग्रेटेड फॉर्मिंग पर आयोजित विशेष सत्र के दौरान किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों के साथ उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कृषि को लाभकारी बनाने के लिए नई तकनीकों, विविध फसलों और एकीकृत खेती पद्धतियों को अपनाना बेहद आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि, किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ पशुपालन, बागवानी, मधुमक्खी पालन और जैविक खेती को भी अपनाएं, ताकि कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त हो सके। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे किसान तक पहुंचे, इसके लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।



केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने उन्नत कृषि महोत्सव पर किसानों को दी बड़ी सौगातें।

**चार जिलों सीहोर, देवास, विदिशा और रायसेन का कृषि रोडमैप किया जारी**

### विदिशा, रायसेन, सीहोर और देवास का कृषि रोडमैप

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि उन्नत कृषि महोत्सव का यह आयोजन केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश की कृषि व्यवस्था में सुधार लाने का एक गंभीर प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज विदिशा, रायसेन, सीहोर और देवास जिलों के लिए कृषि विकास का रोडमैप तैयार किया गया है। आगे मध्यप्रदेश के सभी जिलों के लिए इसी प्रकार की योजना बनाई जाएगी। इन योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा जाएगा बल्कि उन्हें जमीन पर लागू किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब जरूरत इस बात की है कि किसान अपनी मिट्टी, जलवायु, पानी की उपलब्धता और संसाधनों के आधार पर वैज्ञानिक तरीके से खेती करें।

### कृषि रोडमैप में जल प्रबंधन, फसल विविधीकरण और वैल्यू एडिशन पर फोकस

इन चार जिलों की जलवायु, मिट्टी और तापमान को ध्यान में रखते हुए एक समग्र कृषि रोडमैप तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य खेती को अधिक लाभकारी बनाना, जल के कुशल उपयोग को बढ़ावा देना और उपलब्ध संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल से उत्पादन बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इस योजना का फोकस जलवायु-सहिष्णु खेती, उत्पादकता में वृद्धि, किसानों की आय बढ़ाना, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और बाजार से बेहतर जुड़ाव सुनिश्चित करना है।

### वैज्ञानिक खेती के लिए साइल मोबाइल एप लॉन्च, हर ब्लॉक में बनेगा बीज ग्राम

शिवराज ने कहा कि उत्पादन बढ़ाने के लिए अच्छा बीज सबसे महत्वपूर्ण आधार है। विभिन्न फसलों, फल और सब्जियों के साथ-साथ नई संभावनाओं वाली खेती जैसे ड्रैगन फ्रूट, एवोकाडो और ब्लूबेरी को भी रोडमैप में शामिल किया गया है। चौहान ने कहा कि यदि प्रत्येक ब्लॉक में लगभग 10 गांवों को बीज ग्राम बनाकर किसानों को वहीं से अच्छे बीज उपलब्ध कराए जाएं, तो इससे उत्पादन में करीब 20 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है। उन्होंने कहा कि बीज ग्राम विकसित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का उपयोग किया जाएगा। 'बीज और रोपण सामग्री उप-मिशन' के तहत आवश्यक वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

---

किसानों के कर्ज संकट पर सरकार को घेरा

# समय-सीमा बढ़ाने की मांग, लोन लेने का कर्ज चुकाने में फंस जाएंगे अन्नदाता

हरिभूमि ब्यूज भोपाल

**पीसीसी अध्यक्ष पटवारी ने सीएम को लिखा पत्र, किसानों की स्थिति को लेकर जताई**

जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रदेश के किसानों की कर्ज स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के 55 जिलों के करीब 6.20 लाख किसान तय समय-सीमा में फसल ऋण नहीं चुका पाए हैं और डिफॉल्टर घोषित होने का खतरा मंडरा रहा है। पटवारी के मुताबिक किसानों पर लगभग 450 करोड़ रुपये का बकाया है, जिसमें 80 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसान शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि यदि किसानों को डिफॉल्टर घोषित किया गया, तो वे भविष्य में ऋण लेने से वंचित हो जाएंगे और बढ़ते ब्याज के कारण कर्ज के दुष्चक्र में फंस जाएंगे। पत्र में राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इस संकट के पीछे प्राकृतिक कारणों से अधिक नीतिगत विफलताएं जिम्मेदार हैं। समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी में करीब 20 दिन की देरी के कारण किसानों को समय पर भुगतान नहीं मिल सका, जिससे वे ऋण चुकाने में असमर्थ रहे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार इस गंभीर मुद्दे पर केवल बैठकों तक सीमित है। पिछले वर्ष भी ऋण चुकाने की समय-सीमा बढ़ाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।



### पटवारी ने रखीं ये प्रमुख पांच मांगें

फसल ऋण (केसीसी) चुकाने की समय-सीमा बढ़ाने, विलंब पर ब्याज और पेनल्टी माफ करने, समर्थन मूल्य पर खरीदी और भुगतान को समयबद्ध बनाने, फसल चक्र के अनुरूप ऋण पुनर्भुगतान व्यवस्था लागू करने और छोटे किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह आर्थिक संकट सामाजिक संकट में बदल सकता है। साथ ही उन्होंने सरकार से किसानों के हित में तत्काल ठोस निर्णय लेने की अपील की है।

---

### महिला पार्षदों ने वंदेमातरम पर कांग्रेस को फंसाया

वंदेमातरम पर कांग्रेस एक बार फिर फंस गई। इंदौर की दो महिला मुस्लिम पार्षदों ने इसे गाने से इंकार कर पार्टी नेतृत्व को मुसीबत में डाल दिया। यह तब हुआ जब पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार चरम पर है। वंदेमातरम का यह मुद्दा मप्र से लेकर दिल्ली और पश्चिम बंगाल तक गूंजा। खुद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वंदेमातरम गाने से इंकार करने वाली पार्षदों पर कार्रवाई न करने के लिए समूची कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया। दूसरी तरफ इंदौर कांग्रेस अध्यक्ष ने महिला पार्षदों पर कार्रवाई का ऐलान किया लेकिन प्रदेश से मंजूरी नहीं मिली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने वंदेमातरम न गाने वालों पर कार्रवाई की बात तो कही, इसके साथ भाजपा पर यह कह कर तंज कसा कि जिस भाजपा के संगठन ने दशकों तक अपने कार्यालय में तिरंगा नहीं फहराया, वह पार्टी आज कल देशभक्ति का सर्टिफिकेट बांट रही है। मजेदार बात यह है कि संबंधित पार्षद इससे पहले वंदेमातरम गा चुकी हैं।

### कांग्रेस आदिवासियों में बनाएगी यूसीसी को मुद्दा

मप्र सरकार भी प्रदेश में यूसीसी को लागू करने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस संदर्भ में एक समिति बनाने की बात कही है। अगले 6 माह में यह कानून लाया सकता है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार इसे मुस्लिमों की बजाए आदिवासियों के बीच मुद्दा बनाने की तैयारी में हैं। सिंघार पहले से आदिवासी वर्ग को हिंदू नहीं मानते। यूसीसी को लेकर भी उन्होंने कहा है कि समिति की रिपोर्ट और कानून का मासौदा आने दीजिए। हम देखेंगे की यूसीसी आदिवासियों पर तो नहीं लागू हो रहा और उनकी संस्कृति, परंपराओं पर हमले की कोशिश तो नहीं हो रही।

### आदिवासियों के तेवरों ने उड़ाए प्रशासन के होश

केन-बेतवा लिंक परियोजना से विस्थापित होने वाले आदिवासी, किसान मुआवजा राशि वितरण में विसंगति को लेकर आंदोलनरत हैं। पन्ना और छतरपुर जिले के ये आदिवासी निर्माणाधीन बांध से विस्थापित हैं और उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं। आंदोलन का नेतृत्व करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर आंदोलनरत आदिवासियों के साथ जेल तक जा चुके हैं लेकिन विस्थापितों का गुस्सा शांत नहीं हो रहा। इस समय वे चिताओं पर लेटकर चिता आंदोलन





कर रहे हैं। हाल ही में वे इतने उग्र हो गए कि प्रशासन की टीम को भाग कर अपनी जान बचाना पड़ी। आंदोलन के कारण परियोजना के बांध का काम रुका पड़ा है।

### बेकाबू भाषा सज्जन की राह का कांटा

राज्यसभा की मप्र कोटे की तीन सीटें जून में खाली हो रही हैं। इससे पहले इनके लिए चुनाव होना है। दिग्विजय सिंह वाली एक सीट कांग्रेस को मिल सकती है। कांग्रेस में इसके लिए कई नामों पर विचार चल रहा है। सज्जन सिंह वर्मा ने भी अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है लेकिन अपने ही अंदाज में। उन्होंने अपने संसदीय अनुभव का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेतृत्व को संदेश दिया है कि संसद में ऐसे व्यक्ति को भेजना चाहिए जिसके पास लंबा अनुभव हो। इस वक्त भाजपा को संसद में मुंह तोड़ जवाब देने की जरूरत है, जो मैं दे सकता हूं। इससे पहले दावेदारी पर उन्होंने कहा था कि मन में तो है। पर हम जैसे लोगों के लिए बहुत मुश्किल होती है। हम जैसे यदि राज्यसभा पहुंच जाएं, जिनका पूरे प्रदेश में नेटवर्क है तो दूसरे नेताओं की दुकानदारी बंद हो जाएगी। यह अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना नहीं तो क्या है?

### हर राजनीतिक दल में ऐसी हिम्मत की जरूरत

कांग्रेस ने युकां के 38 पदाधिकारियों के पद यह कह कर होल्ड कर दिए है कि ये परफॉर्मेंस रिव्यू में फेल पाए गए। शौक के लिए पद लेने वालों के लिए ऐसी व्यवस्था हर दल में होना चाहिए। विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने महिलाओं के खाते में सीधे पैसे डालने वाली योजनाओं का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि इन्हें तुरंत बंद कर देना चाहिए। आज कल हम कुछ भी बोलने से डरते हैं कि ऐसा बोला तो पार्टी नेता नाराज हो जाएंगे, वैसा बोला तो महिलाएं नाराज हो जाएंगी, लेकिन अगर हम इस नाराजगी से घबराते रहेंगे, तो देश की सेवा कब करेंगे?

- दिनेश निगम 'त्यागी'

---

# एक आदर्श प्रशासक, राजनेता के साथ मेरे शिक्षक भी रहे इंद्रापुरकरः शेजवलकर

हरिभूमि न्यूज भोपाल

### स्व. माधव शंकर इन्दापुरकर की 12 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्मृति सभा का आयोजन

स्व. माधव शंकर इन्दापुरकर की 12 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्मृति सभा का आयोजन ग्वालियर के महाराज बाड़े पर स्थित भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन पर आयोजित हुआ। ऋषि शब्द कि व्याख्या करते हुऐ प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर ने कहा कि मंत्र और उसकी सिद्धि कर ऋषित्व को प्राप्त किया जाता है अप्पा ने भी भाजपा के मूल मन्त्रो का आत्मसात कर अपने कृतित्व से सिद्ध किया था। पूर्व सांसद, महापौर विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि ऐसा लगता ही नहीं कि आज अप्पा जी हमारे बीच नहीं है, वह हम सभी को परिवार के सदस्य की तरह मानते थे, उनका लंबा राजनैतिक जीवन आदर्श के रूप में जाना जाता है महापौर के रूप में उनका कार्यकाल अविस्मरणीय रहा। उनके एक संस्मरण को याद करते हुऐ उन्होंने कहा कि जब अप्पा जी को लोकसभा का टिकिट पार्टी ने स्व. माधवराव सिंधिया के विरुद्ध दिया और पार्टी के नेतृत्व द्वारा नाम वापिस लेने के आग्रह पर बगैर किसी संकोच के सादगी के साथ नाम वापिस ले लिया जिस पर कुछ तत्कालीन कार्यकर्तागण नाराज भी हुए पर अप्पा ने सभी को समझाते हुए पार्टी के निर्णय को सर्वोपरि बताया।



स्व. इन्दापुरकर की पुण्यतिथि पर स्मृति सभा आयोजित।

---

केंद्रीय मंत्री से की रेलवे की अव्यवस्थाओं को सुधारने की अपील

# पूर्व मुख्यमंत्री उमा ने सोशल मीडिया के जरिए रेलमंत्री को बताई झांसी में ट्रेन छूटने की घटना

हरिभूमि न्यूज भोपाल

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने झांसी रेलवे स्टेशन पर अपने साथ हुई घटना का विस्तृत विवरण साझा करते हुए रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से इस मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान देने की मांग की है। उमा भारती ने सोशल मीडिया के माध्यम से रेलमंत्री को बताया, वह झांसी रेलवे स्टेशन पर निर्धारित समय से पहले पहुंच गई थीं। हालांकि, जिस ट्रेन पंजाब मेल में उन्हें सवार होना था, वह तय समय से पहले ही स्टेशन पर पहुंची और निर्धारित समय से लगभग 2 मिनट पहले ही प्रस्थान कर गई।

### बैटरी कार से प्लेटफॉर्म बदलते समय आई बाधाएं



उन्होंने बताया कि उनकी शारीरिक असमर्थता को देखते हुए रेलवे अधिकारियों ने बैटरी कार की व्यवस्था की थी, जिससे उन्हें प्लेटफॉर्म नंबर 1 से प्लेटफॉर्म नंबर 4 तक ले जाया जा रहा था। लेकिन इसी दौरान कई अप्रत्याशित बाधाएं सामने आईं। जिस ट्रैक को पार करना था, उस पर एक ट्रेन लंबे समय तक गुजरती रही, जिससे उन्हें रुकना पड़ा। आगे बढ़ने पर ट्रैक पर एक हाथ ठेला फंसा हुआ मिला, जिसे हटाने में उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मियों को मदद करनी पड़ी। इन देरी के कारण जब तक वह प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर पहुंचीं, उनकी ट्रेन समय से पहले आई और समय से पहले निकल चुकी थी।

### व्यवस्था को बताया जिम्मेदार

उमा भारती ने स्पष्ट किया कि वह न तो झांसी रेलवे के स्थानीय अधिकारियों को दोषी मानती हैं और न ही खुद को। उनके अनुसार, यह पूरी समस्या रेलवे की व्यवस्था और संचालन प्रणाली में व्यावहारिक संवेदनशीलता की कमी के कारण हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे के आधुनिकीकरण के साथ-साथ पुरानी व्यवस्थाओं को भी सजग और सुचारू बनाए रखना जरूरी है।

### आम यात्रियों, दिव्यांगों और महिलाओं की परेशानी पर चिंता

यात्री ने विशेष रूप से आमजन, दिव्यांगजनों, बुजुर्गों और छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वाली महिलाओं की समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि भारी सामान और अव्यवस्थित प्लेटफॉर्म के कारण ये वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।

---

## राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज


9 अप्रैल को पूरा हुआ दिग्विजय सिंह, सुमेर सोलंकी और जार्ज कुरियन का कार्यकाल

# राज्यसभा की 4 सीटों पर हो सकता है चुनाव- 4 मई को तस्वीर होगी स्पष्ट

हरिभूमि न्यूज भोपाल

मध्यप्रदेश में राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। फिलहाल राज्य से तीन सीटें खाली होना तय है, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बन रही हैं कि यह संख्या बढ़कर चार तक पहुंच सकती है।

दरअसल, मौजूदा स्थिति में दिग्विजय सिंह, सुमेर सिंह सोलंकी और जॉर्ज कुरियन की राज्यसभा सीटें खाली हो रही हैं, जिनका कार्यकाल 9 अप्रैल को पूरा हो चुका है।







### इधर, कांग्रेस में उम्मीदवार पर दावेदारी टिकी

मध्य प्रदेश से कांग्रेस के भीतर कई नाम चल रहे हैं। दिग्विजय सिंह पहले इनकार कर चुके हैं। जीतू पटवारी पहले ही हाई कमान को मना कर चुके हैं लेकिन माना जा रहा है कि जीतू पटवारी भी इच्छा रखते हैं। वहीं, अरुण यादव, कमलेश्वर पटेल भी सक्रिय दोनों नजर आ रहे हैं। साथ ही सज्जन सिंह वर्मा ने अलग दावेदारी पेश की है।

### तमिलनाडु में विस चुनाव लड़ रहे कुरियन

अब नजरें एल मुरुगन पर टिकी हैं, जो वर्तमान में मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद होने के साथ केंद्र में मंत्री भी हैं। वे इस बार तमिलनाडु की एक विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के तहत 23 अप्रैल को मतदान होना है और 4 मई को नतीजे घोषित किए जाएंगे। 4 मई की तारीख इसलिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि उसी दिन यह साफ होगा कि मध्यप्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों पर चुनाव होगा या चार पर। यदि एल मुरुगन विधानसभा चुनाव जीतते हैं, तो उन्हें विधायक पद के कारण अपनी राज्यसभा सीट छोड़नी पड़ेगी, जिससे एक और सीट खाली हो जाएगी और कुल सीटों की संख्या चार हो सकती है। इससे प्रदेश की राजनीति में समीकरण बदलने की संभावना भी जताई जा रही है।

### राज्यसभा की उम्मीदवारी पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष बोले, हमें कोई नहीं चाहता, डॉ. गोविंद सिंह ने कहा- मैं दिन में सपने नहीं देखता



भोपाल। एमपी में राज्यसभा की तीन सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें से कांग्रेस के कब्जे वाली सीट पर दिग्विजय सिंह सांसद हैं। उनके तीसरी बार राज्यसभा जाने से इनकार करने के बाद कांग्रेस में केंडिडेट को लेकर रेस चल रही है। इस बीच राज्यसभा सीट पर उम्मीदवारी को लेकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा- सच्चाई ये है कि न तो हमें कोई चाहता है।,

# शहर में ई-बसों के आने में देरी, अब मई-जून तक पहुंचेगी बसों की पहली खेप

## 40 करोड़ रुपए से दो हाईटेक डिपो का होना है निर्माण, एक का काम शुरू नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की सड़कों पर मार्च-अप्रैल में चलने वाली ई-बसें अब मई-जून माह के अंत तक ही शुरू हो पाएंगी। केंद्र सरकार से नगर निगम को अभी तक बसों की पहली खेप नहीं मिली है वहीं दूसरी ओर शहर में बसों के लिए बनने वाले डिपो भी तैयार नहीं हैं।

40 करोड़ रुपए से दो हाईटैक डिपो बनना हैं, लेकिन एक डिपो ही तैयार हो पाया है, जिसका काम अंतिम चरण में है, जबकि दूसरे डिपो का निर्माण अभी शुरू ही नहीं हुआ है। ऐसे में बसें मिलती भी हैं तो शहर की सड़कें भी बसों के अनुरूप नहीं हैं, क्योंकि तीन बड़े प्रोजेक्ट शहर में चल रहे हैं जिसके चलते सड़कें जगह-जगह से खुदी पड़ी हैं। हालांकि निगम ने पांच रूट तक तय कर लिए हैं।

*बसों के संचालन के लिए पांच रूट तैयार, लेकिन बसों का इंतजार*

*शहर की सड़कें अभी ई बसों के अनुरूप नहीं तीन बड़े प्रोजेक्ट चल रहे*

### संत नगर में निर्माण कार्य पूरा, कस्तूरबा नगर में भेल की आपत्ति पर काम नहीं हो सका शुरू



फाइल फोटो

केंद्र सरकार से भोपाल नगर निगम को 100 ई-बसें मुहैया करवाने की मंजूरी मिलने के बाद निगम प्रशासन ने शहर के दो स्थानों पर हाईटैक डिपो बनाने के लिए जगह चिन्हित की। दिसंबर में भूमिपूजन किया गया और महापौर ने स्थल निरीक्षण किया, ताकि समय पर यह बनकर तैयार हो जाएं। संत नगर में तो निर्माण कार्य पूरा हो गया है, लेकिन कस्तूरबा नगर में भेल की एक आपत्ति के चलते निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। इसके लिए प्रशासनिक प्रक्रिया चल रही है। उधर ई-बसों की पहली खेप फरवरी-मार्च में मिलने की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन बसें भोपाल नहीं पहुंची।

### पांच रूट तय, एक रूट पर पांच से छह होंगी बसें

बीसीएलएल मैनेजर रोहित यादव का कहना है कि आगामी कुछ माह में 100 नई ई-बस सड़कों पर दौड़ेंगी। शुरूआत में 5-6 रूट पर चलेंगी। एक रूट पर 15 से 20 बस चलेंगी। जून से जर्जर बस स्टॉप का रिडेवल्पमेंट पीपीपी मॉडल के तहत होगा। पहले चरण में 100 बस स्टॉप का रिडेवल्पमेंट होगा।

### निगम की संचालन के लिए तैयारियां पूरीं कोई दिक्कत नहीं

महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर का कहना है कि केंद्र सरकार से बसें अप्रैल तक मिलने की उम्मीद थी, लेकिन अब नहीं मिली हैं। भोपाल नगर निगम बसों के संचालन के लिए पूरी तरह से तैयार है। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। ई बसों क आने के बाद भोपाल के लोगों को आवागमन की अच्छी सुविधा मिलेगी।

---



ट्रांसफॉर्मर में लगी आग।

## नजदीक खड़ी फॉर्च्यूनर कार जली, आसपास के भवनों में भरा धुआं

# ट्रांसफॉर्मर में तेज धमाके के साथ लगी आग, अफरा-तफरी, दहशत

*एमपी नगर जोन-2 में हुआ हादसा, मौके पर पहुंची दमकलें, आग पर पाया काबू*

*दिनभर ट्रांसफार्मर को सुधारने में लगा रहा बिजली कंपनी का अमला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के व्यवसायिक केंद्र एमपी नगर जोन-2 में रविवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे एक ट्रांसफार्मर में तेज धमाके के साथ आग लगने से हड़कंप मच गया।

आसपास मौजूद लोग घबरा गए और अपने आप को सुरक्षित करने इधर-उधर भागे। हालांकि रविवार होने के कारण लोगों की आम दिनों की तरह भीड़ नहीं थी वरन बड़ा हादसा हो सकता था। आग से ट्रासंफार्मर के नजदीक खड़ी एक फॉर्च्यूनर कार का भी कुछ हिस्सा जल गया। मौके पर पहुंची दमकलों ने आग पर काबू पाया। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

अचानक लगी आग को पहले लोगों ने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेजी से फैलाव को देखते हुए इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर कंट्रोल को 11 बजे आग लगने की सूचना मिलने पर तत्काल दमकलें मौके पर भेजी गईं और करीब आधा घंटे में आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका। आग लगने की संभावना शार्ट-सर्किट बताई जा रही है।

### पास ही मैकेनिक की दुकान, अवकाश के कारण वाहन कम थे



जिस जगह पर ट्रांसफार्मर में आग लगी, उसके पास ही मैकेनिक की दुकान है। वहां सुधरने के आई फॉर्च्यूनर कार खड़ी थी जो आग की चपेट में आ गई। आसपास होटल और जिम भी हैं। कई भवनों में धुआं भर गया और भवन में मौजूद लोग घबराकर बाहर निकल आए। हालांकि अधिकांश व्यापारिक संस्थान बंद थे।

### फायर कंट्रोल को आगजनी की सूचनाएं मिलने की संख्या बढ़ी

गर्मी बढ़ने के साथ ही निगम के फायर कंट्रोल को आग लगने की सूचनाएं मिलने की संख्या भी बढ़ गई है। रविवार को एक ही दिन में पांच सूचनाएं मिलीं। हालांकि अधिक सूचनाएं खेतों में नरवाई में आग लगने की हैं।

### फायर कंट्रोल को एक दिन में 17 सूचनाएं मिलीं

नगर निगम के फायर कंट्रोल को रविवार को एक दिन में आग लगने की 17 सूचनाएं मिलीं। 24 घंटे कार्यरत कंट्रोल रूम से दिनभर फायर दमकलों को मौके पर रवाना किया जाता रहा। शहर के एमपी नगर के अलावा गांधी नगर, करोंद मंडी, विद्या नगर, कोलार, सूखीसेवनिया सहित ग्रामीण इलाकों से कचरे, झाडी और भूसे में आग लगने की सूचनाएं फायर कंट्रोल रूम में दर्ज की गईं। इसी तरह खेतों में नरवाई में आग की जानकारी मिलने पर दमकलें रवाना की गईं।

#### इन क्षेत्रों से मिली आग लगने की सूचनाएं

निगम के फायर कंट्रोल रूम को गांधी नगर में खेत में आग लगने, करोद सब्जी मंडी में खाली प्लॉट में आग, विद्या नगर कॉलोनी होशंगाबाद रोड के पास खाली प्लाट में आग, परवलिया से आगे टिकरिया में आग, कोलार होली क्रॉस स्कूल लेफ्ट टर्न साइड अमरावत गांव के पास गोबर के ढेर में आग, सूखीसेवनिया में पवार हॉउस पर आग, खजुरी थाना से पहले जमोनिया छीर में कचरे में आग, थाना कटारा हिल्स के पास नरवाई में आग, कस्तूरबा मैदान के पास कचरे में आग, करोंद मंडी गेट नंबर एक पर कचरे में आग, सूरज नगर भदभदा ईसाई कब्रिस्तान के पास झाड़ियों में आग, आदमपुर खंती के पास खेत में आग, खजुरी कला के पास खेत में आग, नीलबढ़ में खेत में आग, कोकता बायपास पर खेत में आग लगने की सूचनाएं दर्ज हुईं। सभी जगह निगम की दमकलें पहुंची और आग पर काबू पाया।

---

## गोविंद गार्डन के सामने हरियाली पर वार, जिम्मेदार कौन?

# प्रत्यक्षदर्शी बोले- बिजली कंपनी ने मेंटेनेंस के नाम पर छायादार पेड़ों की कर दी 'हत्या'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छंटाई के नाम पर हरे-भरे पेड़ों की बेरहमी से कटाई, एक घंटे में उजाड़ दिए एक दर्जन से ज्यादा पेड़

रायसेन रोड से गायब हो रही हरियाली को लेकर पर्यावरणविद चिंतित, पेड़ काटने पर जताई नाराजगी



काटे गए हरेभरे पेड़।

रायसेन रोड स्थित गोविंदपुरा क्षेत्र में रविवार को पेड़ों को बेहरमी से काटने का मामला सामने आया है। बिजली कंपनी के मुख्यालय के मेन गेट के सामने, गोविंद गार्डन मार्केट के पास एक दर्जन से अधिक हरे-भरे और छायादार पेड़ों को मेंटेनेंस के नाम पर बेरहमी से काट दिया गया। इस मामले को लेकर शहर के पर्यावरणविदों ने नाराजगी जताते हुए पर्यावरण के प्रति चिंता व्यक्त की है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रविवार को दोपहर करीब 2 बजे बिजली कंपनी का अमला लाइन मेंटेनेंस के लिए मौके पर पहुंचा था। इसी दौरान एक अलग टीम पेड़ों की छंटाई के नाम पर वहां पहुंची, लेकिन छंटाई के बजाए पेड़ों की मोटी-मोटी डालियां और शाखाएं पूरी तरह काट दी गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेड़ों को जानबूझकर मोटी डगालों को काट दिया गया, जबकि उनकी छंटाई की जा सकती थी। छंटाई करने वालों की टीम केवल एक घंटे में बेहरमी से कुल्हाड़ी चलाकर पेड़ों को काटकर चली गई। इस संबंध में बिजली कंपनी के जन संपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी ने कहा कि, उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है।

### रोड किनारे से हरियाली हो रही खत्म

गोविंद गार्डन निवासी ओम प्रकाश ने बताया कि बिजली कंपनी के गेट के सामने से अप्सरा टॉकीज तक सैंकडों हरे-भरे पेड़ काफी पुराने लगे थे। धीरे-धीरे इनकी संख्या कम होती गई। जब से मेंटेनेंस के नाम पर कंटाई और छंटाई का काम शुरू हुआ है, तब तो पूरी तरह से हरियाली उजड़ गई है। रविवार को एक दर्जन पेड़ों को ही काट दिया गया। जिस समय पेड़ों पर कुल्हाड़ी चल रही थी उस समय लोग वीडियो भी बना रहे थे, लेकिन किसी ने विरोध इसलिए नहीं किया कि सरकारी काम में बाधा का मामला न बने।

### धरना-प्रदर्शन कर विरोध दर्ज करवाएंगे

पर्यावरणविद दीपक गुप्ता का कहना है कि बिजली कंपनी द्वारा कई बार देखा गया है कि मेंटेनेंस के नाम पर पेड़ों की छंटाई करने के बजाए उन्हें बेरहमी से काट देते हैं। अयोध्या बायपास रोड, रायसेन रोड पर मेट्रो के कारण पहले ही पेड़ों की बडी संख्या में कटाई की जा चुकी है। गोविंदपुरा में जिस तरह से पेड़ों का काटा गया है, उसका विरोध किया जाएगा और शिकायत भी करेंगे।

---

## श्यामला हिल्स में हुई लूट के आरोपियों को पकड़ने पहुंची थी टीम

# मेरठ में ट्रैक्टर ट्रॉली में घुसा भोपाल क्राइम ब्रांच का वाहन, आधा दर्जन पुलिसकर्मी हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



फाइल फोटो

मेरठ के ऐटा में भोपाल क्राइम ब्रांच का वाहन ट्रैक्टर ट्रॉली में जा भिड़ा। घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। हादसा उस समय हुआ जब टीम श्यामला हिल्स में हुई लूट के आरोपियों की लोकेशन मिलने पर गिरफ्तारी के लिए पहुंची थी।

एकाएक खेत से सड़क पर आए ट्रैक्टर ट्रॉली में क्राइम ब्रांच का इनोवा वाहन टकराने से सभी को गंभीर चोट आई है। उनका आगरा में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसरा श्यामला हिल्स के किलोल पार्क के पास डॉक्टर मनोज वर्मा की आंखों में मिर्च झोंककर तीन बदमाशों ने सोने का कड़ा और पर्स सहित खड़ी छीन ली थी। श्यामला हिल्स पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम आरोपियों की धरपकड़ में लगी हुई थी। इसी दौरान क्राइम ब्रांच को आरोपियों की लोकेशन मिली। क्राइम ब्रांच की टीम में सुरेश रंधावा और पारस सोनी सहित आधा दर्जन क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मी इनोवा वाहन से निकले थे। मेरठ के ऐटा के पास पहुंचते ही मुख्य सड़क पर खेत से निकलकर ट्रैक्टर ट्रॉली आ गई। ट्रैक्टर ट्रॉली एकाएक आने से इनोवा वाहन ट्रॉली में जा भिड़ा। सभी को पास ही स्थित अस्पताल ले जाया गया, वहां से आगरा के बड़े अस्पताल में रेफर किया गया है। हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं है। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

---

# निगम के पेट्रोल पंप से सप्लाई बंद, पुलिस पेट्रोल पंप से मिलेगा डीजल-पेट्रोल

## निगम के 1700 वाहनों में रोज होती है 18 हजार डीजल की खपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के लिंक रोड नंबर-3 पर पेट्रोल-डीजल पंप से सप्लाई बंद हो गई। निगम के वाहनों को 25वीं बटालियन भदभदा रोड और लाल परेड ग्राउंड के पास पुलिस पेट्रोल पंप से डीजल-पेट्रोल मिलेगा। रविवार को अधिकांश वाहनों से इन्ही पंपों से सप्लाई दी गई। पंप बंद करने का कारण एक माह तक पंप पर चल रहे निर्माण कार्य और पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा दरों में बढोत्तरी बताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार नगर निगम को पेट्रोलियम कंपनियां पहले 82 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से डीजल सप्लाई कर रही थीं। जनवरी-फरवरी में इस दर को बढ़ाकर कंपनियों ने 90 रुपए कर दिया था, लेकिन जब से अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू हुआ, कंपनियों ने हर दिन रेट बढ़ाने शुरू कर दिए। बताया जाता है कि पेट्रोलियम कंपनी ने बीते सप्लाई का अंतिम टैंकर 142 रूपए प्रति लीटर दर से डीजल भेजा था। इसे लेकर निगम के अधिकारियों ने बैठक कर दूसरी जगह से बाजार भाव से डीजल लेने का निर्णय लिया।

1. लिंक रोड नंबर-3 पर पेट्रोल-डीजल पंप से सप्लाई बंद हो गई
2. भदभदा रोड और लाल परेड ग्राउंड के पास से डीजल-पेट्रोल मिलेगा

### पुलिस कारपोरेशन से लिए डीजल-पेट्रोल के भाव

निगम प्रशासन ने पुलिस कॉर्पोरेशन से डीजल-पेट्रोल के भाव लिए हैं। पुलिस कॉर्पोरेशन ने निगम को रोज बाजार भाव से डीजल-पेट्रोल उपलब्ध करवाने का भरोसा दिया है। इसके बाद निगम प्रशासन ने अपने सभी वाहनों के ड्राइवरों को पुलिस पंपों के इंडेन जारी कर दिए हैं।

### अब यहां से मिलेगा पेट्रोल-डीजल



बंद पेट्रोल पंप

लाल परेड के सामने स्थित पेट्रोल पंप, 25वीं बटालियन भदभदा रोड और कोकता ट्रांसपोर्ट नगर से निगम के वाहनों को पेट्रोल-डीजल मिलेगा। बताया जा रहा है कि सोमवार को पुलिस कॉर्पोरेशन और निगम अधिकारियों के बीच इस संबंध में लिखित अनुबंध भी होगा।

### वाहनों में रोजाना 18 हजार डीजल की होती है खपत

नगर निगम के पास करीब 1700 वाहन हैं। जिसमें रोजाना करीब 18 से 19 हजार डीजल का उपयोग होता है। यह काफी बड़ी मात्रा में है।

---

## हलाली डैम से 30 मार्च को छोड़ा गया था गिद्ध, फिर अमले को नहीं मिला जीपीएस सिग्नल

# भोपाल से छोड़ा गिद्ध पाकिस्तान पहुंचा: वन विहार टीम की जागरुकता से लोगों के कब्जे से छूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल से छोड़ा गया एक गिद्ध पाकिस्तान पहुंच गया है। वह वहां के खानेवाल जिले में मिला। वन विहार नेशनल पार्क को इसकी तब जानकारी लगी, जब गिद्ध में लगे जीपीएस का सिग्नल नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि गिद्ध को हलाली डैम से 30 मार्च को छोड़ा गया था।

यह गिद्धों को उनके बसेरों में छोड़ने के लिए एक वैज्ञानिक रूप से चयनित स्थल है। रिलीज के बाद यह गिद्ध राजस्थान होते हुए अंतरराष्ट्रीय सीमाएं पार कर 6 अप्रैल तक पाकिस्तान पहुंच गया। वन विहार डायरेक्टर विजय कुमार ने बताया कि 7 अप्रैल को जब इसके मूवमेंट का सिग्नल प्राप्त नहीं हुआ, तब डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया को तत्काल सूचित किया गया। इसके बाद डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया ने अपने समकक्ष संगठन डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-पाकिस्तान से संपर्क स्थापित किया। पाकिस्तान वन विभाग एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-पाकिस्तान ने खानेवाल जिले में इस गिद्ध को स्थानीय निवासियों से बरामद कर लिया। बताया गया कि 7 अप्रैल को खानेवाल एवं मुल्तान जिलों में आए भीषण ओलावृष्टि तूफान के कारण एक सिनेरियस गिद्ध एवं एक यूरेशियन ग्रिफॉन गिद्ध प्रभावित हुए, जो उड़ान भरने में असमर्थ होकर जमीन पर पाए गए। स्थानीय लोगों के सूचना दिए जाने पर अधिकारियों ने दोनों गिद्धों को रेस्क्यू कर प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद चंगा मंगा वल्चर कैप्टिव ब्रीडिंग सेंटर में स्थानांतरित किया। सिनेरियस गिद्ध को हल्की चोटें आई थीं और वह अब स्वस्थ हो रहा है।

### 2025 में भी पाकिस्तान होते हुए भारत पहुंचा था

*गिद्ध राजस्थान होते हुए 6 अप्रैल तक पाकिस्तान पहुंचा*

*खराब मौसम से गिरने के कारण गिद्ध घायल हुआ था*



साल 2025 में भी वन विहार ने एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की थी। एक गिद्ध को हलाली डैम से रिलीज किया गया था। टेलीमेट्री निगरानी से पता चला कि यह गिद्ध 4300 किमी से अधिक की दूरी तय कर कजाकिस्तान स्थित अपने प्रजनन क्षेत्र तक पहुंचा। इसके बाद पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ताजिकिस्तान होते हुए वह अक्टूबर में पुनः भारत लौट आया। इस अध्ययन से प्रवासी मार्ग, अंतरराष्ट्रीय संरक्षण चुनौतियों एवं आवास उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

#### सीएम के नेतृत्व में चार गिद्धों का किया गया पुनर्वास

इसी क्रम में 23 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चार लंबी चोंच वाले गिद्ध एवं एक सिनेरियस गिद्ध सहित कुल पांच गिद्धों का सफलतापूर्वक पुनर्वास, टैगिंग एवं वन में पुनःस्थापन किया गया।

---

## ओनीरेक्स की 211 शीशियां बरामद

# ओनीरेक्स की नशीली दवा बेचने वाला मेडिकल स्टोर्स संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद पुलिस ने शिफा मेडिकल स्टोर्स का संचालन करने वाले संचालक को गिरफ्तार कर उसके पास से पास से ओनीरेक्स की 211 शीशी बरामद की हैं। बरामद नशीली दवाइयों की कीमत 42 हजार 411 रुपए बताई जा रही है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी डॉक्टर के पर्चे के बिना ही नशे के आदी लोगों को बढ़ी हुई कीमत पर बेच रहा था। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूना मिली कि शिफ मेडिकल स्टोर्स का संचालक अरबाजुद्दीन (30) बाग मुफ्ती साहब, टीलाजमालपुरा अपने मेडिकल स्टोर्स में बिना डॉक्टर के पर्चे के नशीली दवाई ओनीरेक्स बेच रहा है। पुलिस की टीम दुकान में तलाशी लेने पहुंची। इस दौरान दुकान से 2 पेटियों में रखी 211 ओनीरेक्स की शीशियां मिलीं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह दवाई दर्द निवारक है और इससे नशा आता है। उक्त दवाई वह डॉक्टर के पर्चे के बिना ही लोगों को बढ़ी हुई कीमत में बेच रहा था।

## पेज एक का शेष...

### हमेशा जिंदा रहेंगी...

से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली आशा ताई ने भारतीय संगीत को अनगिनत अमर गीत दिए और अपने पीछे एक अतुलनीय विरासत छोड़ गईं। आशा जो को पद्म विभूषण और दादासाहेब फाल्के जैसे बड़े अवॉर्ड मिले। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उन्हें सबसे ज्यादा गीत रिकॉर्ड करने वाली गायिका के रूप में स्थान मिला। आशा भोसले के निधन के बाद प्रधानमंत्री मोदी, मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव समेत लोगों ने शोक व्यक्त किया है। इतना ही नहीं, आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने पोस्ट शेयर कर श्रद्धांजलि दी है।

### कहा-उनके गीत...

बातचीतों की यादें मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। वे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी और उनके गीत हमेशा लोगों की ज़िंदगी में गूंजते रहेंगे।

### कोई फॉर्मूला न ...

है। दोनों पक्ष इस पर राजी हो सकते हैं। व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने इस्लामाबाद में विफल वार्ता पर चर्चा की। वार्ता के टूटने के बाद दुनिया भर के नेताओं ने अमेरिका और ईरान से अपील की है कि वे मौजूदा अस्थायी युद्धविराम का पालन करें और कूटनीतिक रास्ता अपनाएं। बातचीत विफल होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भड़क उठे हैं। उन्होंने धमकी दी है कि अमेरिका तत्काल प्रभाव से होर्मुज में प्रवेश करने या बाहर निकलने की कोशिश करने वाले जहाजों की नाकेबंदी शुरू कर देगा । अगर इसके रास्ते में कोई आता है तो उसे उड़ा दिया जाएगा।

### अमेरिका ने दिया ...

साधन हासिल करने की कोशिश करेंगे, जिनसे वे बहुत जल्दी परमाणु हथियार हासिल कर सकें।

### यहां लू जैसे...

का पारा 42 से 43 डिग्री के बीच पहुंचने पर मौसम में बदलाव होता है। पिछले 10 साल में वर्ष 2016 से 2019 के साथ ही 2021, 2022 में दिन का पारा 43 से 44 डिग्री तक रहा है। इस साल भी दिन का पारा अप्रैल के अंतिम सप्ताह में 42 से 43 डिग्री को पार करेगा।

### 186 लोगों को ...

फर्जी लोन मंजूर दिया था। जांच में सब कुछ फर्जी पाया गया। छत्तीसगढ़ एंटी करप्शन ब्यूरो और ईओडब्ल्यू की टीम ने नीखरा को 3 अप्रैल को भोपाल स्थित निवास से गिरफ्तार किया था और अपने साथ रायपुर ले गई थी। जहां कोर्ट में पेश कर पांच दिन की रिमांड पर लिया था। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर 7 अप्रैल को जेल भेज दिया गया। नीखरा वर्तमान में मध्यप्रदेश सहकार भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। साल 1995-98 के बीच प्रदीप नीखरा मध्य प्रदेश आवास संघ के जनरल मैनेजर थे। इसी दौरान रायपुर की आधुनिक गृह निर्माण सहकारी समिति के नाम से 186 सदस्यों को एक-एक लाख रुपए का लोन मंजूर किया गया था। यह लोन समिति के फर्जी सदस्यों को प्लॉट के नाम से दिया गया था। मामले की जांच में न तो कोई असली सदस्य मिला और न ही उनके कहीं प्लॉट नजर आए। प्रदीप नीखरा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और दो बार के सांसद रामेश्वर नीखरा के भतीजे हैं।

### महिला आरक्षण पर....

सांसद या केंद्रीय मंत्री को छुट्टी नहीं दी जाएगी। यह विशेष संसद सत्र महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए बुलाया गया है। सरकार का लक्ष्य इस ऐतिहासिक विधेयक पर व्यापक बहस और आगे की प्रक्रिया को तेज करना है। भाजपा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है - सदस्यों से अनुरोध है कि वे व्हिप का कड़ाई से पालन करें और सदन में अपनी निर्बाध उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### डिंडोरी में तेज...

से लौट रहे थे। किकरा तालाब के पास पिकअप का टायर पंक्चर हो गया। ड्राइवर सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर टायर बदल रहा था, जबकि पिकअप में सवार लोग नीचे उतरकर पास में ही बैठ गए थे। इसी दौरान अमरकंटक की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कैप्सूल ने इन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो लोग हवा में 10 फीट उछलकर दूर जा गिरे। कैप्सूल वाहने ने एक छोटी मढ़िया, बिजली के पोल और यात्री प्रतीक्षालय को जोरदार टक्कर मारी, जिससे वे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। वाहन करीब 300 मीटर दूर जाकर रुका। डिंडौरी जिले में हुए हादसे पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 4.50-4.50 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए।

### देवास में 3 ...

शुभम (24) और प्रदीप (20) निवासी दूधलाई सोनकच्छ की मौके पर ही मौत हो गई। शुभम और प्रदीप सगे भाई थे।

### ओवरटेक बना कालः...

बाइक सवार कैलाश सिंह (58) और उनकी पत्नी बदी बाई (55), निवासी बड़ौद, की मौके पर ही मौत हो गई।

### आंबेडकर की मूर्ति...

आंबेडकर की मूर्ति के सामने हाथ जोड़कर सिर्फ दिखावा करते हैं, जबकि उनका असली मकसद संविधान को नुकसान पहुंचाना है। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि सरकार पिछले दरवाजे से संविधान के नियमों की अनदेखी कर रही है। यह मैराथन लोगों को यह बताने के लिए है कि हम सब बाबासाहेब की विचारधारा और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट हैं।

### सीएम ने 2...

लिए संसद की विशेष तीन दिवसीय बैठक 16 अप्रैल से होने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को सीहोर जिले के आष्टा में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने लाड़ली बहना योजना की 35 वीं किस्त की राशि 1836 करोड़ रुपए हितग्राही बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से अंतरित की। स्वतंत्रता के बाद पहली बार नारी सशक्तिकरण का बड़ा कार्य इसी माह होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कन्या महाविद्यालय और कन्या विद्यालय में छात्रावास के साथ कन्या विद्यालय के भवन निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार बेटियों को अच्छे से अच्छी शिक्षण सुविधाएं प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के सांदीपनि विद्यालयों में 90 प्रतिशत बच्चे प्राइवेट स्कूल छोड़कर आए हैं। सीएम ने आष्टा एवं जावर में नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया व आष्टा में कक्षा में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया।

### स्व-सहायता समूहों ....

की राशि दे रही है। उन्होंने 184 करोड़ की लागत के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया।

## वन सुरक्षा श्रमिकों की बैठक संपन्न | पीएफ, बीमा और वर्दी की मांग को लेकर संघर्ष आंदोलन करेंगे वन कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को भोपाल वन मंडल के परिक्षेत्र समर्धा के पड़रिया के वन सुरक्षा श्रमिकों की बैठक रविवार वन सुरक्षा श्रमिकों के अध्यक्ष अरुण पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वन सुरक्षा श्रमिकों ने सदस्य ग्रहण कर लंबित मांगों पर विचार विमर्श कर रणनीति बनाई। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वन सुरक्षा सैनिकों ने बैठक में पीएफ, बीमा, आई कार्ड, वरिष्ठ सूची बनाने, वर्दी सुविधा समेत अन्य मांगों को लेकर आगामी माह में संघर्ष करने का प्रस्ताव पारित किया गया। अरुण पांडे ने बताया कि वन सुरक्षा श्रमिकों को 14 से पांच साल सेवा करने के बावजूद भी शासन के आदेशों एवं श्रम अधिनियम का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

# उज्जैन में फर्जी 'जॉइंट सेक्रेटरी' बनकर सर्किट हाउस में रूम बुक कर भस्म आरती की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

एक व्यक्ति ने खुद को केंद्र सरकार का संयुक्त सचिव बताकर प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास किया। उसने सर्किट हाउस में कमरे बुक करवाए और महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती के लिए विशेष व्यवस्था की मांग की।

संदेह होने पर जांच की गई, जिसके बाद फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली निवासी इस युवक ने स्वयं को केंद्र सरकार के एविएशन मंत्रालय का संयुक्त सचिव बताया था। उसने सर्किट हाउस में दो कमरे आरक्षित करवाए और महाकालेश्वर मंदिर की प्रसिद्ध भस्म आरती में शामिल होने के लिए विशेष व्यवस्था कराने का दबाव बनाया।

### मंदिर प्रशासक को खुद फोन किया


आरोपी अतुल कुमार

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के द्वारकापुरी निवासी अतुल कुमार ने पहले मंदिर प्रशासन के अधिकारी प्रथम कौशिक को फोन कर खुद को उच्च पदस्थ अधिकारी बताया। इसके बाद उसने जिला प्रशासन के प्रोटोकॉल अधिकारी को भी इसी तरह प्रभावित कर देवास रोड स्थित सर्किट हाउस में दो कमरे बुक करा लिए। शनिवार शाम जब अतुल कुमार अपने दोस्त और परिवार के साथ सर्किट हाउस पहुंचा, तो वहां के स्टाफ ने उससे पहचान पत्र (आईडी) मांगा। आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा, जिससे स्टाफ को संदेह हुआ।

### हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार के नाम से भी भेजा पत्र

मामले की पुष्टि होते ही आरोपी को देर रात महाकाल थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार के नाम से भी पत्र भेजने की बात स्वीकार की है। उसने अपने परिवार में आईएएस अधिकारी होने का हवाला देकर भी प्रभाव बनाने की कोशिश की थी।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मसरूर अहमद, पिता शकील अहमद खान, निवासी 57/1 जवाहर बाजार मोहम्मद मियां वाली गली, सिरोंज विदिशा, मध्य प्रदेश 464228, एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम मसरूर अहमद से बदलकर नया नाम मसरूर अहमद, पिता शकील अहमद खान रख लिया है और अब से सभी आधिकारिक दस्तावेजों सहित सभी उद्देश्यों के लिए मुझे मसरूर अहमद, पिता शकील अहमद खान के नाम से जाना जाएगा।


## कृषि मेले में सरपंच संघ ने रखीं जनपद की समस्याएं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रायसेन में आयोजित कृषि मेले के दौरान सरपंच संघ के अध्यक्ष राजू मेहरा अपने साथियों के साथ पहुंचे और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर जनपद क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान सरपंच संघ द्वारा एक विस्तृत मांग पत्र भी सौंपा गया, जिसमें बताया गया कि पिछले कई वर्षों से जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में लगभग 7 से 8 करोड़ रुपए की विकास राशि का वितरण नहीं हो पाया है। इसके साथ ही खेत सड़कों और ग्रेवल सड़कों के कार्य लंबित पड़े हैं, जिनकी स्वीकृति शीघ्र देने की मांग की गई। मांग पत्र में प्रत्येक पंचायत में श्मशान सौंदर्यीकरण के लिए राशि उपलब्ध कराने, 15वें वित्त की राशि में टाइड एवं अनटाइड की बाध्यता समाप्त कर ग्राम पंचायतों को कार्य योजना बनाने की अनुमति देने तथा प्रत्येक पंचायत में सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति देने की मांग भी शामिल रही। इसके अलावा तालाबों के जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण की अनुमति, 15वें वित्त में कार्य करते समय मनरेगा की 15 प्रतिशत बाध्यता समाप्त करने और एसएमएस फेस कैप्चरिंग की अनिवार्यता खत्म करने जैसे मुद्दे भी प्रमुख रूप से उठाए गए। मुलाकात में कमलेश मीना, मोहन पटेल, दिनेश पोर्ते, नितेश पाल और



लक्ष्मीनारायण उइके सहित अन्य सरपंच मौजूद रहे। सरपंचों ने सभी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने समस्याओं के समाधान के लिए उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया।


**OFFICE OF THE COMMISSIONER,**
**Gwalior Municipal Corporation**

No.-/PIU/2026 **(NIT)** Date : 07/04/2026

Gwalior Municipal Corporation, Gwalior Invites online for the following work:

| S. no. | E-Tender No. | Tender Name | Probable Amount of Contract (Rs) | EMD (Rs) | Tender Fee (Rs) | Period of completion | Sale Start/Sale End Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD _496182_1 | Detailed Survey, Design drawing and construction of rain water harvesting system at different locations within the limits of Gwalior municipal corporation including maintenance of system for a Period of 03 years so as to ensure efficient functioning of system throughout the maintenance period.. File No. 98/26/3/3 | 1,37,17,026.88 | 68,586/- | 12,500/- | 48 month (12 month construction period + 36 month O&M) | 01/04/26, 10:30 Am & 30/04/26, 5:30 Pm |

Full detail of the above tenders can be seen on www.mptenders.gov.in. Amendments to NIT, if any shall be published on website only. (G.S.T Excluding)

जनसम्पर्क RO क्रमांक 231, दिनांक 11-04-2026 — Executive Engineer (PIU), Gwalior Municipal Corporation

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड अशोक विहार, लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया, भोपाल**

Fax & Phone No. 0755-2930001, E-Mail I.D. emphbpl@mp.nic.in

क्रमांक 471/तक/का.यं./ लो. स्वा./मैके० खण्ड/भोपाल/2026/दिनांक 10/4/26

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/2026-27 दिनांक 10.04.2026 ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2026_PHED_499276_1 दिनांक 10.04.2026**

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत् मैकेनिकल उपखण्ड राजगढ़ की के. एल. आर. 09 विभागीय रिग मशीन में विशेष सुधार कार्य के लिये कलपुर्जे क्रय हेतु ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 27.04.2026 सायं 17.00 बजे बजे तक अधिकृत विक्रेता / प्रतिष्ठित फर्म जिन्हें इस प्रकार के कार्य का अनुभव प्राप्त हो. से फार्म-C पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि की पावती, अधिकृत विक्रेता के पंजीयन का प्रमाण पत्र/अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन-लाईन जमा करना होगा। निविदा दिनांक 28.04.2026 को सायं 17.15 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत रुपए 5,21,343.00/- (रुपये पाँच लाख इक्कीस हजार तीन सौ तिरतालीस) मात्र है तथा प्रतिभूति राशि रुपए 10,427.00/- (रू. दस हजार चार सौ सत्ताईस) मात्र है। निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंटस) राशि रुपए 2000/- ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत वेबसाईटः https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं। परशिष्ट /संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैः-

| कार्य का विवरण | टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | टेण्डर का मूल्य (रू.) | टेण्डर आनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि | टेण्डर खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अन्तर्गत मैकेनिकल उपखण्ड राजगढ़ की के. एल. आर. 09 विभागीय रिंग मशीन के विशेष सुधार कार्य के लिये कलपुर्जे क्रय | 5,21,343.00 | 10,427.00 | 2,000.00 | 27.04.2026 17.00 बजे तक | 28.04.2026 17.15 बजे |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्ते एवं विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा क्रमांक 2026_PHED_499276_1 दिनांक 10.04.2026 पर उपलब्ध है।

जी - 11407/26 — स्वच्छता ही सेवा — कार्यपालन यंत्री लोक स्वा.यां.वि. मै के. खण्ड भोपाल



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड — संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 8515825081 9083218330

R- 31/03/26 to 17/05/26 not 03,14/04/26, 01/05/26

हरिभूमि — रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर — साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद — सफेद दाग — सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव — Timing 10:30 am to 8:00 pm — Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC — कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409 — 5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।


## शब्द पहेली - 6194



**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

**शब्द पहेली - 6193 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6204

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6203 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## खबर संक्षेप



### टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक ट्रक की आपूर्ति शुरू की

**मुंबई।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने कहा कि उसने अपने मालवाहक इलेक्ट्रिक ट्रक प्राइमा ई.55एस की आपूर्ति बिलियन-ई मोबिलिटी को शुरू कर दी है। कंपनी ने कहा कि उसे 250 अतिरिक्त इलेक्ट्रिक ट्रकों की आपूर्ति का भी ऑर्डर मिला है, जिन्हें चरणबद्ध ढंग से गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा के प्रमुख मालढुलाई गलियारों में तैनात किया जाएगा। ट्रकों का इस्तेमाल इस्पात, सीमेंट और अन्य औद्योगिक उत्पादों को पहुंचाने के लिए किया जाएगा।

### सिग्नेचर ग्लोबल का शुद्ध कर्ज 77% घटा




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड का बेहतर नकदी प्रवाह के कारण वित्त वर्ष 2025-26 में शुद्ध कर्ज 77 प्रतिशत घटकर 200 करोड़ रह गया। सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 31 मार्च, 2026 तक कंपनी का शुद्ध कर्ज 200 करोड़ रहा, जो एक साल पहले 31 मार्च, 2025 को 880 करोड़ था। कंपनी ने कहा कि 31 मार्च, 2026 तक उसके पास 2,770 करोड़ रुपये की नकदी और नकदी समकक्ष मौजूद हैं।

### बाजार पूंजीकरण में सबसे आगे एचडीएफसी बैंक रही




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 4,13,003.23 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और आई सीआईसीआई बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 4,230.7 अंक या 5.77% चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 1,337.5 अंक या 5.88% के लाभ में रहा।

### बाजार में उथल-पुथल के बीच तेल के दाम गिरे

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में टकराव के कारण बाजार में उथल-



पुथल की स्थिति के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों के भाव गिरावट दर्शाते बंद हुए। सप्ताह के दौरान सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल की कीमतों में गिरावट रही। केवल सोयाबीन दाना (तिलहन) के दाम स्थिर दिखे। बीते सप्ताह विदेशी बाजारों में भी गिरावट रही जिसका देश में तेल-तिलहन के कारोबार पर असर देखने को मिला।

### आहाना रिजॉर्ट अपने विस्तार पर दे रहा जोर



**रामनगर।** जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के हरे-भरे किनारों पर स्थित 14 एकड़ में फैला आहाना रिजॉर्ट पर्यावरण के अनुकूल विस्तार पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है। रिजॉर्ट के प्रबंधन ने अपनी विस्तार योजनाओं को पूरी तरह से उत्तराखंड की सीमाओं के भीतर ही रखने का संकेत दिया है। आहाना रिजॉर्ट के प्रबंध निदेशक कमल त्रिपाठी ने बातचीत के दौरान आतिथ्य सत्कार के क्षेत्र में राज्य की अप्रयुक्त संभावनाओं पर जोर दिया। हम भविष्य में विस्तार करना चाहेंगे। उत्तराखंड आतिथ्य क्षेत्र के लिए अवसरों का राज्य है।

# 12 हजार करोड़ की कंपनी 74 रुपए में बेचनी पड़ी, कॉरपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शेट्टी ने एक समय हेल्थकेयर और फाइनेंस सेक्टर में अपना 10 अरब डॉलर यानी करीब 93 हजार करोड़ रुपए का अम्पायर खड़ा किया था। लेकिन, कुछ गलतियों की वजह से उनके इस अम्पायर का एक हिस्सा पूरी तरह ढह गया और महज 74 रुपए में बेचना पड़ा। यह कोई अचानक आया तूफान नहीं था, बल्कि कंपनी के डॉक्यूमेंट की बड़ी खामी की वजह से हुआ नुकसान था।

बीआर शेट्टी का जन्म 1 अगस्त, 1942 को उडुपी में हुआ था। उन्होंने मनिपाल से फार्मा की पढ़ाई पूरी की और परिवार में आर्थिक दिक्कत होने की वजह से साल 1973 में यूएई चले गए। वहां सबसे पहले उन्होंने मेडिकल रीप्रेजेंटेटिव यानी एमआर की नौकरी की और साल 1975 में न्यू मेडिकल सेंटर में छोटी सी क्लीनिक शुरू कर दी, जहां उनकी डॉक्टर पत्नी चंद्रकुमारी शेट्टी प्रैक्टिस करती थीं। उन्होंने इलाके के लोगों को सस्ती मेडिकल सर्विस देनी शुरू की जिससे जल्द ही उनकी क्लीनिक काफी पॉपुलर हो गया।

समय के साथ उनकी क्लीनिक की लोकप्रियता बढ़ती गई और सऊदी अरब, ओमान, यूरोप के साथ लैटिन अमेरिका में भी हेल्थकेयर कारोबार पहुंच गया। पैसा आने पर उन्होंने हेल्थकेयर के अलावा साल 1980 में यूएई में मनी ट्रांसफर सर्विस शुरू कर दी। यहां खाड़ी देशों में काम करने वालों को अपने घर पैसे भेजने में मदद की जाती थी। साल 2003 में शेट्टी ने नियोफार्मा नाम से अबु धाबी में फार्मा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शुरू की।

## हेल्थकेयर और फाइनेंस सेक्टर में अपना 10 अरब डॉलर का अम्पायर तैयार किया था

### लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट हो गई कंपनी

साल 2012 में एनएमसी हेल्थ यूएई की पहली हेल्थकेयर कंपनी बनी जो लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट हुई। शुरुआत में इसका मार्केट कैप 1 अरब डॉलर था, जो बाद में बढ़कर 10 अरब डॉलर यानी करीब 93 हजार करोड़ रुपए पहुंच गया। तब शेट्टी की व्यक्तिगत नेट वर्थ बढ़कर करीब 4 अरब डॉलर यानी करीब 38 हजार करोड़ रुपए पहुंच गया था। तब उन्हें भारत सरकार ने पद्म श्री पुरस्कार से भी नवाजा था। शेट्टी के बाद बुर्ज खलीफा में भी लग्जरी प्रॉपर्टी थी।



### टूटा भरोसा और ढहने लगा कारोबार

शेट्टी की कंपनी में शुरू हुए फर्जीवाड़े का असर जल्द ही व्यापक रूप से फैलने लगा और यूएई एक्सचेंज के साथ होल्डिंग कंपनी फिनाब्लर पर भी इसका असर पड़ा। 8 अप्रैल, 2020 को यूके हाईकोर्ट ने एनएमसी हैल्थ के खिलाफ प्रशासन पर जांच बैठा दी। 80 से ज्यादा बैंकों ओर कर्जदाताओं को इससे बड़ा नुकसान हुआ।

### 2019 से शुरू हुआ पतन

शेट्टी के पतन की कहानी साल 2019 से शुरू हुई, जब अमेरिका स्थिति एक शॉर्ट सेलिंग फर्म मडी वॉटर रिसर्च ने एनएमसी हेल्थ के खिलाफ एक रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि कंपनी ने अपने कैश बैलेंस और कर्ज के बारे में निवेशकों से जानकारी छुपाई है। साल 2020 की शुरुआत में एनएमसी हेल्थ ने स्वीकार किया की उस पर 4 अरब डॉलर यानी करीब 38 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है। जांच में फर्जी दस्तावेज, अनाधिकृत लोन और कमजोर कॉरपोरेट प्रबंधन का भी पता चला। फरवरी 2020 में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

## टीसीएस के मुख्य कार्यकारी और एमडी कृतिवासन ने कहा

# टीसीएस ने 25,000 नए स्नातकों को नौकरी की पेशकश की, और भर्तियां मांग पर निर्भर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 25,000 नए स्नातकों (फ्रेशर) को नौकरी देने की पेशकश की है। कंपनी ने संकेत दिया है कि आगे कॉलेज स्नातकों की नियुक्तियां बाजार में मांग की स्थिति पर निर्भर करेंगी। टीसीएस के मुख्य कार्यकारी एवं प्रबंध निदेशक के कृतिवासन ने साक्षात्कार में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 44,000 नए स्नातकों की नियुक्ति की थी, जो देश में निजी क्षेत्र में किसी कंपनी द्वारा की गई भर्तियों का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

एमडी ने कहा कि 2026-27 के दौरान हमने 25,000 नए स्नातकों को नौकरी देने की पेशकश की है। मांग पर स्थिति स्पष्ट होने के बाद हम और नियुक्तियां करेंगे। पिछले तीन वर्षों से टीसीएस हर साल 40,000 से अधिक 'फ्रेशर्स' को नौकरी दे रही है।




### अनुभवी कर्मचारियों की भर्ती बढ़ाने की कोई योजना नहीं

कृतिवासन ने कहा कि अनुभवी कर्मचारियों की भर्ती को बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। नए स्नातकों को किसी परियोजना में जोड़ने से पहले करीब नौ महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है, जबकि अनुभवी कर्मचारी तुरंत काम शुरू कर सकते हैं। ऐसे में भर्ती रणनीति पूरी तरह व्यावसायिक जरूरतों पर निर्भर करती है।

### कंपनी के पास परियोजनाओं की पाइपलाइन स्थिर

कारोबारी माहौल पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी के पास परियोजनाओं की पाइपलाइन 'स्थिर' है, जो वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में सकारात्मक संकेत है। उन्होंने बताया कि नई मांग विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक बाजारों से आ रही है, जिसमें लागत अनुकूलन और डिजिटल बदलाव से जुड़े सौदे शामिल हैं।

### वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों की आवश्यकता कम हुई

वित्त वर्ष 2025-26 में हुई लगभग 12,000 कर्मचारियों की छंटनी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कंपनी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों के लिए लंबे समय तक करियर के अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कृत्रिम मेधा (एआई) का इस छंटनी से कोई सीधा संबंध नहीं था, बल्कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन के तरीके में बदलाव के कारण वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों की आवश्यकता कम हुई है।

### 40 अरब डॉलर के अनुबंध हासिल किए

टीसीएस ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 40 अरब डॉलर के नए अनुबंध हासिल किए हैं। उन्होंने कोई आंकड़ा दिए बिना कहा कि नए अनुबंधों को राजस्व में बदलने की दर भी बढ़ी है। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी समीर सेकसरिया ने कहा कि टीसीएस विभिन्न उपायों से मुनाफा मार्जिन में वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## अप्रैल के पहले 10 दिन में यह राशि निकाली गई

# एफपीआई ने शेयर बाजार से निकाले 48,213 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार से अप्रैल महीने में भी अपनी बिकवाली जारी रखी है। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक



वृहद आर्थिक अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने अप्रैल के पहले 10 दिन में ही 48,213 करोड़ के शेयर बेचे हैं। इससे पहले मार्च में एफपीआई ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ की निकासी की थी, जो अब तक का निकासी का सबसे बड़ा मासिक आंकड़ा है। हालांकि, फरवरी में उन्होंने 22,615 करोड़ का निवेश किया था, जो पिछले 17 माह का उच्चस्तर है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक विदेशी निवेशकों की कुल निकासी बढ़कर 1.8 लाख करोड़ से अधिक हो चुकी है। केवल अप्रैल में ही 10 तारीख तक उन्होंने 48,213 करोड़ निकाले हैं। विश्लेषकों के अनुसार, यह लगातार बिकवाली वैश्विक आर्थिक दबाव और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों का परिणाम है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख शोध प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गई हैं।

### विदेशी निवेश में सुधार की उम्मीद

हाल ही में अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बावजूद बिकवाली पर कोई खास असर नहीं पड़ा। एंजल वन के वरिष्ठ विश्लेषक वकार जावेद खान के अनुसार, निवेशकों ने शेयर बाजार में तेजी का इस्तेमाल अपनी हिस्सेदारी घटाने के अवसर के रूप में किया है।

# तेल की कीमतें व महंगाई के आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता बेनतीजा समाप्त होने से सोमवार को शेयर बाजार खुलने पर निवेशकों की धारणा पर असर पड़ सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है। विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों के अलावा कच्चे तेल की कीमतें भी इस सप्ताह बाजार की दिशा तय करेंगी।

यह सप्ताह अवकाश के कारण छोटा रहेगा, क्योंकि मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के कारण बाजार बंद रहेंगे। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि अमेरिकी पक्ष की अत्यधिक मांगों के कारण वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि कूटनीति कभी समाप्त नहीं होती। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा कि ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे न हटने के कारण शांति समझौता नहीं हो सका। उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बकाई ने कहा कि अमेरिकी पक्ष ने अपना अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव रखा था, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। वहीं, ईरानी पक्ष ने कहा कि कुछ मुद्दों पर सहमति बनी, लेकिन दो से तीन महत्वपूर्ण विषयों पर मतभेद बने रहे। पिछले सप्ताह अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बाद बाजार में जोरदार तेजी आई थी।

### मुद्रास्फीति व कंपनी नतीजों का पड़ेगा असर

इस सप्ताह बाजार पर मुद्रास्फीति के आंकड़ों, कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों का भी असर रहेगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा कि विप्रो, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के नतीजों पर निवेशकों की नजर रहेगी।

### सीपीआई के आंकड़े आज जारी होंगे

इसके अलावा 13 अप्रैल को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और 14 अप्रैल को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े भी जारी होंगे, जो महंगाई के रुझान का संकेत देंगे।

# भारत के फाउंड्री उद्योग पर लागत और लॉजिस्टिक का दबाव बढ़ा

## ईरान-अमेरिका संघर्ष से कच्चे लोहे के दाम 13 फीसदी बढ़े

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

ईरान-अमेरिका संघर्ष के कारण धातुओं की ढलाई के उद्योग (फाउंड्री) पर लागत का भारी दबाव और लॉजिस्टिक संबंधी बाधाएं उत्पन्न हो गई हैं। पिछले तीन महीनों में कच्चे लोहे के दाम 13 प्रतिशत से अधिक बढ़ गए हैं जबकि माल ढुलाई की दरें 60 प्रतिशत तक उछल गई हैं।

फाउंड्री एंड कास्टिंग्स डेवलपमेंट एसोसिएशन (एफसीडीए), इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन फाउंड्रीमेन (आईआईएफ) और इंडियन फाउंड्री एसोसिएशन (आईएफए) जैसे हितधारकों ने एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस्पात श्रेणी के कच्चे लोहे की कीमतें जनवरी 2026 के 36,500 रुपये प्रति टन से बढ़कर 10 अप्रैल तक 41,500 रुपये प्रति टन हो गई हैं।

इस दौरान ढलाई श्रेणी का कच्चा लोहा 40,000 रुपये से बढ़कर 45,000 रुपये प्रति टन हो चुका है। बयान के मुताबिक, पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से माल ढुलाई लागत में वृद्धि और युद्ध से जुड़े अधिभार के कारण घरेलू ''हार्ड कोक'' की कीमतों में भी 2,000-3,000 रुपये प्रति टन की बढ़ोतरी हुई है।



रेजिन की कीमतें जनवरी के 100 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 160 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक हो गई हैं, जबकि कैटलिस्ट की कीमतें 50 रुपये से बढ़कर 75 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं। रेजिन का इस्तेमाल फाउंड्री उद्योग में ढलाई के सांचों को मजबूती देने के लिए किया जाता है। वहीं ''कैटलिस्ट'' सांचे को सुखाने या सख्त करने की प्रक्रिया की गति को बढ़ा देता है।

### विदेशी खरीदारों की और से नए ऑर्डर की गति धीमी

विदेशी खरीदारों की ओर से परिस्थितियों के आकलन की नीति अपनाने के कारण नए ऑर्डर की गति भी धीमी हो गई है। वाहन और निर्माण क्षेत्र से जुड़ी ढलाई की मांग में मामूली गिरावट देखी जा रही है जबकि तेल एवं गैस, पंप और वाल्व कलपुर्जों की मांग स्थिर बनी हुई है। सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र की ढलाई इकाइयों ने अपने मार्जिन में गिरावट, कार्यशील पूंजी के दबाव और भुगतान चक्र लंबा होने की जानकारी दी है।

### लॉजिस्टिक लागत में भी बढ़ोतरी

अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के लिए माल ढुलाई की दरें 50-60 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं, जिससे कुल लॉजिस्टिक लागत में 40-100 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि युद्ध जोखिम अधिभार, आपातकालीन संघर्ष अधिभार, मालवाहक जहाज के बीमा प्रीमियम में 5-10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी और लाल सागर गलियारे में बढ़ते जोखिम के कारण जहाजों के मार्ग परिवर्तन की वजह से और अधिक बढ़ गई है।

# फरवरी में उच्च भंडार के कारण कोयला आयात 8.5 फीसदी घटा

## कोयला आयात घटकर 1.65 करोड़ टन रहा

**नई दिल्ली।** देश में घरेलू कोयले के रिकॉर्ड भंडार और समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों में मजबूती के कारण फरवरी में भारत का कोयला आयात 8.5 प्रतिशत घटकर 1.65 करोड़ टन रह गया।

एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के अनुसार, फरवरी 2024-25 में यह आयात 1.81 करोड़ टन था। वहीं, जनवरी 2026 के 1.66 करोड़ टन के मुकाबले फरवरी में आयात लगभग स्थिर रहा। एमजंक्शन सर्विसेज एक बी2बी ई-कॉमर्स मंच है। यह टाटा स्टील और सेल का संयुक्त उद्यम है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक



अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा कि घरेलू कोयले का भंडार अधिक होने और समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों के ऊंचे बने रहने से तापीय कोयले के आयात में कमी आई है। उन्होंने कहा कि घरेलू खनन कंपनियां अपने भंडार को कम करने की कोशिश कर रही हैं, इसलिए इस महीने भी आयात कमजोर रह सकता है।

## पश्चिम एशिया युद्धविराम से देश में बाजार धारणा सुधरने की उम्मीद

# लक्जरी कार कंपनियों को ग्राहकों के शोरूम लौटने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में 'युद्धविराम' के बाद भारत में बाजार धारणा में सुधार होने और लक्जरी कारों के खरीदारों के एक बार फिर शोरूम में वापस लौटने की उम्मीद बढ़ी है। देश में मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू ग्रुप और ऑडी के शीर्ष अधिकारियों ने यह राय जाहिर की है। देश में लक्जरी कार कंपनियों ने युद्ध के चलते कलपुर्जों ओर किट का स्टॉक किया है और अब उन्हें उम्मीद है कि आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव कम होगा और वे स्थिति के जल्द सामान्य होने की उम्मीद कर रही हैं। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरदीप सिंह बराड़ ने कहा, ''युद्धविराम सही समय पर हुआ है। यह हमारे खरीदारों की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। वे अपनी खरीद को लेकर इस बात पर निर्भर थे कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीजें क्या रूप लेती हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि इस मुद्दे को सुलझा लिया जाए। ढिल्लो ने कहा, ''हमारे ग्राहकों और कंपनियों के लिए भी आम धारणा में सुधार हुआ है और ज्यादा खर्च करने की इच्छा बढ़ी है। यह सब 2026 में आम तौर पर एक मजबूत यात्री कार बाजार को देखते हुए है। हमारा उद्योग सकारात्मक धारणा के साथ आगे बढ़ रहा है। ऐसे में क्षेत्र में किसी तरह के रचनात्मक घटनाक्रम का हम स्वागत करते हैं।



### मार्च तक अच्छे ऑर्डर मिले: मर्सिडीज-बेंज

इसी तरह की राय जताते हुए मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा, ''मार्च में हमें अब तक के सबसे अच्छे ऑर्डर मिले। हालांकि, ये ऑर्डर आगे लिए टाल दिए गए हैं, लेकिन इन्हें रद्द नहीं किया गया है। ज्यादातर ग्राहक अप्रैल या भविष्य में डिलिवरी लेना चाहते हैं।''

### अप्रैल के बाद महीने अच्छे होने लगेंगे

अय्यर ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण पूंजी बाजार में बदलते हालात की वजह से धारणा कुछ सुस्त थी, लेकिन हमें लगता है कि अप्रैल और उसके बाद के महीने अच्छे होने चाहिए, क्योंकि कुछ इलाकों में त्योहार भी हैं।''

### युद्धविराम स्वागत योग्य: ऑडी

इसी तरह की राय रखते हुए ऑडी इंडिया के ब्रांड निदेशक बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, ''युद्धविराम स्वागत योग्य है, क्योंकि यह अगले चरण के लिए ज्यादा निश्चितता प्रदान करता है। हमारे काफी ग्राहक खुद कारोबार करते हैं और इसका असर खुद महसूस कर रहे हैं।''

## चिंतन

# कूटनीति की मेज पर फिर बढ़ा अविश्वास का साया

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनाव को लेकर इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच चली दो दौर की लंबी और बहुप्रतीक्षित वार्ता बिना किसी ठोस नतीजे के समाप्त हो गई। करीब 21 घंटे तक चली इस बातचीत के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने साफ शब्दों में कहा कि हमने अपना अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव दे दिया है, अब देखना है कि ईरान इसे स्वीकार करता है या नहीं। यह बयान केवल एक असफल वार्ता का संकेत नहीं, बल्कि वैश्विक कूटनीति में गहराते अविश्वास और टकराव की नई परतों को भी उजागर करता है। इस पूरे घटनाक्रम में इस्लामाबाद एक अहम कूटनीतिक मंच बनकर उभरा, जहां पाकिस्तान ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई। वेंस द्वारा पाकिस्तान की सराहना यह दर्शाती है कि वार्ता की विफलता का कारण मेज़बान देश नहीं, बल्कि दोनों पक्षों के बीच बुनियादी मतभेद हैं। खासकर परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में ढील और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहमति का अभाव साफ नजर आया। वार्ता के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान का टोल टैक्स वसूलने का निर्णय और उस पर अमेरिका की नाकाबंदी की चेतावनी खाड़ी में एक बड़े संघर्ष की नींव रख रही है। यह स्पष्ट है कि ईरान अब अपनी शर्तों पर क्षेत्रीय दबदबा बढ़ाना चाहता है, जो न केवल अमेरिका के लिए, बल्कि भारत सहित पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं (तेल और गैस) के लिए मिडिल ईस्ट पर बहुत अधिक निर्भर है। होर्मुज में चल रहे इस विवाद से भारतीय जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है और ईंधन की कीमतें बढ़ सकती हैं। दूसरी तरफ, अमेरिका की प्राथमिक चिंता ईरान का परमाणु कार्यक्रम है। वेंस ने दो टूक कहा कि अमेरिका को साफ और ठोस प्रतिबद्धता चाहिए कि ईरान भविष्य में परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा। हालांकि, ईरान की ओर से इस पर कोई स्पष्ट आश्वासन न मिलना इस वार्ता के टूटने की बड़ी वजह बना। यह स्थिति बताती है कि 2015 के परमाणु समझौते के बाद जो भरोसा धीरे-धीरे बना था, वह अब लगभग समाप्त हो चुका है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रुख भी कम चिंताजनक नहीं है। उनका यह कहना कि समझौता हो या न हो, कोई फर्क नहीं पड़ता, यह कूटनीति की गंभीरता को कमतर आंकने जैसा है। ट्रंप की आक्रामक रणनीति और त्वरित परिणामों की चाह, दीर्घकालिक शांति प्रयासों के रास्ते में बाधा बनती दिख रही है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति का अहम मार्ग है और इसका बंद होना न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। इस पूरी प्रक्रिया में एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि लगभग आधी सदी की दुश्मनी के बाद दोनों देश आमने-सामने बैठे। यह अपने आप में एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन इसके साथ ही यह भी स्पष्ट है कि संवाद की यह शुरुआत बेहद नाजुक है। अगर इसे सही दिशा नहीं मिली, तो यह अवसर भी अतीत की तरह विफलता में बदल सकता है। इस्लामाबाद वार्ता की असफलता यह संदेश देती है कि केवल फाइनल ऑफर देने से कूटनीति सफल नहीं होती। इसके लिए धैर्य, लचीलापन और आपसी भरोसे की आवश्यकता होती है। अंततः, यह वार्ता भले ही किसी समझौते पर खत्म न हुई हो, लेकिन इसे एक अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। एक ऐसा अवसर, जो भविष्य में संवाद के नए रास्ते खोल सकता है। यदि दोनों पक्ष अपने रुख में नरमी लाते हैं और क्षेत्रीय हितों को प्राथमिकता देते हैं, तो यह असफलता भी एक बड़ी सफलता की भूमिका बन सकती है।



श्रद्धा स्मरण
डॉ. घनश्याम बादल

# 'अभी न जाओ छोड़ कर...'

भारतीय सिने-संगीत की समृद्ध परंपरा में आशा भोसले का नाम एक ऐसे स्वर के रूप में दर्ज है, जिन्होंने समय, शैली और सीमाओं को लगातार लांघते हुए हर पीढ़ी को अपना मुरीद बनाया। 8 सितंबर 1933 को सांगली में जन्मीं आशा, अपने समय के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ-गायक दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री थीं और उसी संगीत-सिक्त वातावरण में पली-बढ़ीं, जहां सुर ही जीवन का पहला और अंतिम सत्य था। पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारियां अचानक उनके और बड़ी बहन लता मंगेशकर के कंधों पर आ गईं। यही वह दौर था जब बचपन ने बिना आहट युवावस्था का रूप ले लिया और संघर्ष ने उनकी आवाज़ में एक अनोखी परिपक्वता भर दी।

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय फ़िल्म जगत को लगातार बड़े नाम के जाने से झटका लगा है। अभी चले गए कलाकारों के गम को सिने जगत भूल भी नहीं पाया था कि रविवार 12 अप्रैल को चंचल, शोख व रोमांटिक फिल्मी गीतों की अद्भुत गायिका, गायन क्षेत्र की लाइट हाउस, सुरों की मल्लिका और गीत, ग़ज़ल, पॉप के साथ-साथ भजन एवं शास्त्रीय गीतों की स्टूडियो में सबसे ज्यादा एकल गीत रिकॉर्ड करने वाली आशा भोसले भी छोड़ कर चली गई हैं।

भारतीय सिने-संगीत की समृद्ध परंपरा में आशा भोसले का नाम एक ऐसे स्वर के रूप में दर्ज है, जिन्होंने समय, शैली और सीमाओं को लगातार लांघते हुए हर पीढ़ी को अपना मुरीद बनाया। 8 सितंबर 1933 को सांगली में जन्मीं आशा, अपने समय के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ-गायक दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री थीं और उसी संगीत-सिक्त वातावरण में पली-बढ़ीं, जहां सुर ही जीवन का पहला और अंतिम सत्य था। पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारियां अचानक उनके और बड़ी बहन लता मंगेशकर के कंधों पर आ गईं। यही वह दौर था जब बचपन ने बिना आहट युवावस्था का रूप ले लिया और संघर्ष ने उनकी आवाज़ में एक अनोखी परिपक्वता भर दी। परिवार में बड़ी दीदी लता मंगेशकर के साथ उनका संबंध हमेशा विशेष रहा। दोनों ही बहनें अपने-अपने ढंग से संगीत की साधक थीं। यद्यपि पेशेवर प्रतिस्पर्धा की चर्चाएं समय-समय पर होती रहीं, परंतु निजी जीवन में यह रिश्ता सम्मान, स्नेह और एक-दूसरे की कला के प्रति गहरी समझ से भरा रहा। छोटी बहन उषा मंगेशकर के साथ भी उनका रिश्ता आत्मीयता और सहयोग का रहा, जहां परिवार की डोर ने हर उतार-चढ़ाव में उन्हें जोड़े रखा। यह वही पारिवारिक पृष्ठभूमि थी, जिसने आशा को न केवल एक महान गायिका बनाया, बल्कि जीवन के हर मोड़ पर दृढ़ बने रहने की शक्ति भी दी। कम उम्र में उन्होंने गणपत राव भोसले से विवाह किया, जो परिवार की इच्छा के विरुद्ध था।

यह संबंध अधिक समय तक टिक नहीं सका और वैवाहिक जीवन में आए तनावों ने अंततः अलगाव का रूप ले लिया। इस टूटन ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, लेकिन यहीं से उनके जीवन का वह अध्याय शुरू हुआ, जहां उन्होंने अपने अस्तित्व को पूरी तरह संगीत के हवाले कर दिया। वे अपने बच्चों के साथ एक नई शुरुआत के लिए खड़ी हुईं और संघर्ष के उस कठिन दौर में भी अपनी आवाज़ को कभी थकने नहीं दिया। फिल्मी दुनिया में शुरुआती दौर आसान नहीं था। जहां एक ओर उनकी बड़ी बहन लता मंगेशकर स्वर कोकिला के रूप में फिल्म जगत में छाई हुई थी, वहीं उन्हें लंबे समय तक छोटे बजट की फिल्मों और तथाकथित 'दूसरे दर्जे' के गीतों तक सीमित रखा गया। उनकी असाधारण प्रतिभा को पहचानने वालों में सबसे प्रमुख रहे संगीतकार ओ. पी. नैय्यर, जिन्होंने आशा की आवाज़ में वह चंचलता और ऊर्जा देखी, जो मुख्यधारा के संगीत में एक नई ताजगी ला सकती थी। "आईये मेहरबान" और "जरा हौले-हौले चलो" जैसे गीतों ने उन्हें नई पहचान दी।



इसके बाद आर. डी. बर्मन के साथ उनका रचनात्मक और व्यक्तिगत संबंध भारतीय संगीत इतिहास की सबसे सफल साझेदारियों में गिना जाने लगा। "पिया तू अब तो आजा", "दम मारो दम" और "चुरा लिया है तुमने" जैसे गीतों ने न केवल उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचाया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि वे हर शैली, चाहे वह कैबरे हो, ग़ज़ल हो या पॉप सबमें समान अधिकार से गा सकती हैं। फिल्म निर्माताओं और निर्देशकों के साथ भी उनके संबंध बेहद पेशेवर और सृजनात्मक रहे। गुरुदत्त की फिल्मों में उनकी आवाज़ ने संवेदनशीलता को नया आयाम दिया, तो विजय आनंद की फिल्मों में उनकी गायकी ने आधुनिकता और रोमांच का नया रंग भरा। संगीतकारों में खय्याम के साथ फिल्म उमराव जान के गीत "इन आंखों की मस्ती" ने उनकी गायकी के शास्त्रीय पक्ष को अमर कर दिया। इसी तरह इलैया राजा और ए. आर. रहमान जैसे संगीतकारों के साथ भी उन्होंने समय के साथ खुद को ढालते हुए नई पीढ़ी में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखी। उनके जीवन का हर मोड़ मानो उनके गीतों में ढलता चला गया। "पिया तू अब तो आजा" में उनकी आवाज़ की बेचैनी, "दम मारो दम" में विद्रोह की धुन, "इन आंखों की मस्ती" में ठहराव और गहराई, सब उनके अपने जीवन के अलग-अलग रंगों का ही प्रतिबिंब प्रतीत होते हैं। यही कारण है कि उनका संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव बन जाता है। व्यक्तिगत जीवन में आर. डी. बर्मन के साथ उनका विवाह उनके जीवन का स्थिर और सृजनात्मक दौर साबित हुआ, जहां दोनों ने एक-दूसरे की कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनके बच्चों, हेमंत भोसले और वर्षा भोसले के साथ उनका संबंध स्नेह और आत्मीयता से भरा रहा, हालांकि जीवन ने उन्हें कई व्यक्तिगत दुःख भी दिए। फिल्म जगत में जहां व्यक्तिगत संबंध एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि लाभ का सौदा रहती है और फिल्म जगत से जुड़े हुए लोगों को आसानी से प्रमोशन और किकबैक मिल जाते हैं, लेकिन आशा भोसले को लता मंगेशकर की छोटी बहन होने का लाभ कम और नुक़सान ज़्यादा हुआ। एक ऐसा लंबा दौर उनके जीवन में आया, जब सुरीली आवाज, गायन की गहरी समझ और पूरे समर्पण के साथ हर शैली में गाने की महारत के बावजूद उनकी प्रतिभा का इस्तेमाल उतना नहीं हो पाया जितना होना चाहिए था। कई बार तो कुछ बातों को लेकर उनके लता मंगेशकर के साथ गहरे मतभेद भी चर्चा में रहे, लेकिन उनके समर्पण और श्रेष्ठ गायन के चलते समय के साथ उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और पद्म विभूषण जैसे सर्वोच्च सम्मानों से नवाजा गया, लेकिन उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि वह प्रेम है जो उन्हें करोड़ों श्रोताओं से मिला। उम्र और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बावजूद उनका संगीत के प्रति समर्पण कभी कम नहीं हुआ। उनकी विरासत केवल परिवार तक सीमित नहीं रही, बल्कि संपूर्ण भारतीय संगीत जगत में व्यापक रूप से फैली हुई है। आज जब उनकी धुनें स्मृतियों में गूंजती हैं, तो नई पीढ़ी उन्हें एक प्रेरणास्रोत के रूप में देखती है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि कला समय की सीमाओं से परे होती है और स्वर कभी समाप्त नहीं होते, वे केवल रूप बदलकर सदा जीवित रहते हैं। वह आख़िरी समय तक सुरों की साधना में लीन रहीं। आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं, बल्कि एक पूरे युग की प्रतिनिधि गायिका रही हैं, एक ऐसा युग, जिसकी हर धुन, हर गीत और हर स्वर भारतीय संगीत की आत्मा में हमेशा गूंजता रहेगा, जैसे कोई मधुर पुकार-"पिया तू...अब तो आजा..."।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## नमन

कृति जैन




# आशा भोसले : सुरों की वह शक्ति, जो इतिहास बन गई

आज का संगीत संसार एक ऐसी रिक्तता के सामने खड़ा है, जिसे शब्दों में समेटना कठिन है। आशा भोसले के निधन ने भारतीय संगीत की उस धड़कन को मौन कर दिया है, जो कई पीढ़ियों की भावनाओं में जीवित रही। 12 अप्रैल 2026 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 92 वर्ष की आयु में उनका निधन केवल एक कलाकार का अंत नहीं, बल्कि एक युग का शांत हो जाना है। फेफड़ों के संक्रमण, थकान और बढ़ती उम्र ने शरीर को दुर्बल किया, पर उनकी स्वर-छवि स्मृतियों में अमर है। ओ.पी. नैय्यर से लेकर आर.डी. बर्मन तक, उनकी गायकी ने हर दौर को नई पहचान और रंग दिया। इस शोक में भी ऐसा लगता है मानों उनकी धुनें अब भी हवा में तैर रही हों- जैसे संगीत उन्हें पूरी तरह विदा करने को तैयार न हो। बचपन की कठिनाइयों से उभरकर आशा ने संगीत को ही अपना सहारा बना लिया। 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में मंगेशकर परिवार में जन्मी आशा केवल नौ वर्ष की थीं, जब उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर का निधन हो गया। इसके बाद परिवार मुंबई आ गया, जहां अभाव और संघर्ष के बीच उन्होंने बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ संगीत की शिक्षा ली। सोलह वर्ष की आयु में 1949 में उन्होंने गणपतराव भोसले से विवाह किया, जिसे परिवार की स्वीकृति नहीं मिली, फिर भी उन्होंने कठिन परिस्थितियों में अपने संकल्प को बनाए रखा। 1948 में फिल्म 'चुनरिया' के गीत 'सावन आया' से उन्होंने पार्श्वगायन की शुरुआत की, जो आगे चलकर एक ऐतिहासिक संगीत यात्रा बनी। यह शुरुआत एक ऐसी सशक्त आवाज़ का उदय थी, जिसने भारतीय सिनेमा संगीत को नई दिशा और पहचान दी। उनके करियर में सफलता और ऊंचाइयों की श्रृंखला मिलती है। ओ. पी. नैय्यर के साथ गीतों में चंचलता उभरी, जबकि आर. डी. बर्मन के साथ उन्होंने प्रयोगधर्मिता का नया दौर शुरू किया। 'तीसरी मंजिल' का 'आजा आजा', 'हरे राम हरे कृष्णा' का 'दम मारो दम' और 'उमराव जान' का 'दिल चीज क्या है' भारतीय संगीत की पहचान बन गए। उन्होंने 12,000 से अधिक गीत हिंदी, मराठी, बंगाली, तमिल और गुजराती सहित कई भाषाओं में गाए। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उन्हें सबसे अधिक गीत रिकॉर्ड करने वाली गायिका का दर्जा मिला। शंकर-जयकिशन, खय्याम, इलैयाराजा और ए. आर. रहमान जैसे संगीतकारों के साथ उनकी आवाज़ ने नया जादू रचा। वे केवल पार्श्वगायिका नहीं, बल्कि एक स्वर-शक्ति थीं, जिसने हर शैली को नया रूप दिया। 1980 के आसपास आर. डी. बर्मन के साथ उनके संबंधों ने उनके जीवन में भावनात्मक मोड़ जोड़ा, जिसकी चर्चा हुई। उन्होंने 'आशा' नाम से रेस्तरां श्रृंखला शुरू की, जिसने दुबई से दोहा तक पहचान बनाई। 2013 में फिल्म 'माई' से उन्होंने अभिनय में भी कदम रखा। उनका यह बहुआयामी व्यक्तित्व उन्हें एक सशक्त और प्रेरक हस्ती बनाता है। आशा भोसले को उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण, दादासाहेब फाल्के पुरस्कार, सात फिल्मफेयर और दो राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई सम्मान मिले। उन्होंने भजन, ग़ज़ल, पॉप और वेस्टर्न संगीत में भी अपनी सशक्त आवाज़ दी, जिससे उनका प्रभाव राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़कर वैश्विक स्तर तक पहुंचा। 'ये मेरा दिल' जैसे गीतों में हेलेन के लिए उनकी गायकी ने अलग पहचान बनाई, वहीं 'लगान' जैसे प्रोजेक्ट्स में उनकी उपस्थिति ने नई ऊर्जा दी। कॉर्नरशॉप के 'ब्रिमफुल ऑफ आशा' और क्रोनोस क्वार्टेट के साथ सहयोग ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशिष्ट स्थान दिलाया। उनकी सॉप्रानो आवाज़ ने भारतीय संगीत की सीमाएं लांघकर विश्व संगीत में भी अमिट छाप छोड़ी। वे हर शैली में सहज रहीं और हर प्रयोग को सफलता में बदलती रहीं।

जीवन के अंतिम वर्षों में भी आशा भोसले पूरी तरह सक्रिय रहीं। उन्होंने डिजिटल मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। 2026 में गोरिलाज जैसे अंतरराष्ट्रीय समूह के साथ उनका अंतिम सहयोग उनकी प्रयोगधर्मिता और नवाचार के प्रति समर्पण का सशक्त प्रमाण बना। उनकी पोती जनाई भोसले भी संगीत की परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं, जिससे यह धरोहर पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित है। आशा भोसले का जाना केवल एक कलाकार की विदाई नहीं, बल्कि भारतीय संगीत के स्वर्णिम युग के एक महत्वपूर्ण अध्याय का अवसान है। फिर भी यह अंत पूर्ण नहीं, क्योंकि उनके गीत समय के साथ अमर रहेंगे। आज देश और दुनिया भर में उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ स्मरण किया जा रहा है। उनका नाम आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। आशा भोसले-एक स्वर-आत्मा, जो समय से परे जाकर भी अमर है और सुरों की दुनिया में सदा प्रकाश बनकर चमकती रहेगी।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मेहनत के बाद भी क्यों नहीं मिल रही सफलता



संकलित
दर्शन

संसार में किसी भौतिक वस्तु या सुख प्राप्त करने के लिए पुरुषार्थ की आवश्यकता होती है। पुरुषार्थ प्राथमिक आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त वांछित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ऊर्जा, कौशल, दैव (प्रारब्ध या सौभाग्य) और तत्परता (इच्छाशक्ति) भी आवश्यक है। ये पांच तत्व अत्यंत अनिवार्य हैं। अतः पुरुषार्थ करें। यह विश्वास रखें कि सौभाग्य आपके साथ है और फिर कौशल अर्जित करें।

अपनी ऊर्जा और कौशल को कैसे बढ़ाया जाए? जब आप ध्यान और मंत्रोच्चार के द्वारा अपने भीतर की सकारात्मकता को जाग्रत करते हैं, तो यह आपके कौशल, ऊर्जा और सौभाग्य में वृद्धि करता है। इन तीनों के होने के पश्चात भी, आपको पुरुषार्थ करना होगा और फिर यह फलीभूत होने में अपना नियत समय भी लेगा। हमें अपना ध्यान लक्ष्य पर केंद्रित रखते हुए निरंतर कर्म करते रहना होगा; प्रारंभिक समय में बार-बार मिलने वाली असफलता की परवाह किए बिना हमें सतत प्रयास करते रहना चाहिए। प्राचीन वेदों एवं शास्त्रों, वैदिक अनुष्ठानों में, आरंभ में संकल्प का विधान है। संकल्प लें-एक दृष्टि और एक लक्ष्य चुनें और फिर उसे समर्पित कर दें। समर्पण अर्थात उसे ईश्वर को अर्पित करना। यह कहना-"यह मेरी इच्छा है, किन्तु आप जो मेरे लिए श्रेष्ठ समझें। यदि यह या इससे भी उत्तम कुछ हो, तो मैं उसे स्वीकार करने को तत्पर हूं।"


# मृत्यु अटल है, जो ये बात समझते हैं, वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित
प्रेरणा

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## सटाका




## आज की पाती

### सांझा चूल्हा से होगी ऊर्जा की बचत

रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों को लेकर समय-समय पर देश में राजनीतिक बहस तेज हो जाती है। विपक्ष इसे आम आदमी पर बढ़ते आर्थिक बोझ के रूप में उठाता है, तो सत्ता पक्ष अंतरराष्ट्रीय बाजार और वैश्विक परिस्थितियों का हवाला देता है। यह बहस लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, क्योंकि महंगाई और जीवनयापन की लागत सीधे जनता के जीवन को प्रभावित करती है। लेकिन इस पूरे विमर्श में अक्सर एक महत्वपूर्ण पक्ष छूट जाता है- समाज की अपनी सामूहिक शक्ति और संकट के समय मिल-जुलकर समाधान खोजने की क्षमता। भारतीय समाज की मूल संरचना ही सामूहिकता पर आधारित रही है। इसी सामाजिक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है- 'सांझा चूल्हा'। **- संजय खोखर, रोहतक**

## ट्रेंड

### कस्टम रेंटल सेंटर



हर किसान के लिए बड़ी मशीनें खरीदना संभव नहीं होता, इसलिए पंचायत स्तर पर कस्टम रेंटल सेंटर और मशीन बैंक विकसित किए जाएंगे। इससे किसानों को उचित किराए पर आधुनिक मशीनों का उपयोग करने में सुविधा मिलेगी।
**- शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषि मंत्री

### महिला नेतृत्व में विकास



अब महिलाओं की शक्ति ही देश की दिशा तय करेगी। देश के विभिन्न वर्गों की महिलाएं आज प्रधानमंत्री मोदी को सशक्तिकरण के ऐतिहासिक अवसर के लिए धन्यवाद दे रही हैं। चर्चा केवल महिलाओं के विकास तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि महिला नेतृत्व में विकास की होगी।
**-अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### सदा अमर रहेंगी आशा



पद्म विभूषण आशा भोसले के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। आज संगीत जगत ने एक महान व्यक्तित्व को खो दिया है। उनका जाना देश के लिए अपूरणीय क्षति है। वे अपने अनगिनत मधुर गीतों के माध्यम से सदा अमर रहेंगी।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### महिला विधायक



राज्य में चल रहे चुनावों के बीच विशेष सत्र बुलाना इस बात की ओर पुष्टि करता है कि मोदी सरकार महिलाओं को वास्तव में सशक्त बनाने के बजाय राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इस विधेयक को जल्दबाजी में लागू कर रही है।
**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# अमेरिका में विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा

अमेरिका में स्वामी विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा का सिएटल में अनावरण किया गया। यह प्रतिमा प्रसिद्ध भारतीय दार्शनिक और आध्यात्मिक नेता स्वामी विवेकानंद के सम्मान में स्थापित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि सिएटल शहर में 'वेस्टलेक स्क्वायर' पर स्थापित आदमकद कांस्य प्रतिमा अमेरिका में किसी नगर प्रशासन की ओर से लगाई गई अपनी तरह की पहली प्रतिमा है। भारतीय कलाकार नरेश कुमार कुमावत द्वारा बनाई गई इस प्रतिमा का सिएटल की महापौर केटी विल्सन और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता ने शनिवार को संयुक्त रूप से अनावरण किया। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''शिकागो 1893 से सिएटल 2026 तक! ...सिएटल का प्रशासन शहर के मध्य क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद स्मारक स्थापित करने वाला पहला नगर प्रशासन बन गया है।'' विल्सन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्मारक सिएटल की समावेशी भावना को दर्शाता है और भारत एवं अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के इस विविधतापूर्ण महानगरीय प्रौद्योगिकी केंद्र के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करता है।



## ऑफ बीट

# सौ वर्षों से हम तारों की दुनिया से हो रहे रूबरू

तारीख थी सात मई 1925। प्राचीन काल से ही लोग तारों और ग्रहों को अपने-अपने तरीके से समझने का प्रयास करते आएं हैं। 1700 के दशक में, सौरमंडल का एक घड़ीनुमा मॉडल, ऑरेरी, विकसित किया गया। "प्लैनेटोरियम" यानी तारामंडल शब्द का आविष्कार ग्रहों को दर्शाने वाले 'ऑरेरी' का वर्णन करने के लिए किया गया था। खगोलशास्त्री ईसे ईसिंगा ने एक कमरे के आकार का ऑरेरी मॉडल तैयार किया था। यह आज भी नीदरलैंड के फ्रैनेकर में काम कर रहा है। इस दृश्य को देखने के लिए कोई भी मनुष्य सौरमंडल के आसपास नहीं गया है। ऑरेरी और ब्रह्मांड के अन्य यांत्रिक मॉडल जैसे आकाशीय ग्लोब ही बाहरी परिप्रेक्ष्य से दृश्य प्रस्तुत करते हैं। तारों और ग्रहों को वास्तविक रूप से देखने की इच्छा 20वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बढ़ी, क्योंकि बढ़ते शहरीकरण से होने वाले प्रदूषण ने रातों में दिखने वाले आकाश को धुंधला कर दिया था। जर्मनी के म्यूनिख में स्थित डॉयचे संग्रहालय के प्रथम निदेशक ओस्कर वॉन मिलर जैसे लोग तारों और ग्रहों से सभी को रूबरू कराना चाहते थे। दिलचस्प बात यह है कि वॉन मिलर के करियर की शुरुआत एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में हुई थी।



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मिस्त्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पूजा कॉलोनी में मिस्त्री दर्शन सिंह अहिरवार (45) शमशाबाद, जिला विदिशा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना के समय वह घर में अकेला था, जबकि पत्नी बच्चों के साथ शमशाबाद विदिशा गई हुई थी। घटनास्थल पर पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### मेडिकल स्टोर्स संचालक ने जहर खाकर दी जान

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित जाटखेड़ी में रहने वाले मेडिकल स्टोर्स के संचालक ने जहर खा लिया। उन्हें इलाज के लिए एम्स ले जाया गया था। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने उनका मोबाइल जब्त किया है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार प्रियेश चौहान (32) जाटखेड़ी मिसरोद में रहते थे और कृष्णा आर्केड नर्मदापुरम रोड पर मेडिकल स्टोर्स का संचालन करते हैं। गत 10 अप्रैल को उन्होंने गेहूं में रखने वाली कीटनाशक गोली खा ली थी। उन्हें एम्स ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान रविवार तड़के उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि कीटनाशक गोली खाने के बाद से ही उन्हें होश नहीं आया था। लिहाजा उनके मरने से पहले बयान नहीं हो सके। पुलिस ने उनका मोबाइल जब्त किया है।

### नरेश के भोपाल जाने से बागीश मायूस

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 2 के पार्षद प्रतिनिधि नरेश सेठी के भोपाल शिफ्ट होने से उनके करीबी मित्र बागीश अग्रवाल मायूस नजर आ रहे हैं। दोनों की गहरी मित्रता क्षेत्र में मिसाल मानी जाती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि नरेश के जाने से बागीश खुद को थोड़ा अकेला महसूस कर रहे हैं। हालांकि, पारिवारिक कार्यों के चलते दोनों का मिलना-जुलना कभी-कभी होता रहता है। लोगों को उम्मीद है कि दूरी के बावजूद दोनों की दोस्ती पहले की तरह मजबूत बनी रहेगी।

# सेज के छात्रों को गोली मारने वाला सुधांशु गिरफ्तार, फीस के पैसे से बिहार के बेगुसराय से खरीदी थी देशी पिस्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स स्थित सेज यूनिवर्सिटी कैंपस की सनसिटी कॉलोनी में छात्रों पर फायर करने वाले मुख्य आरोपी सुधांशु सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश पहले इंदौर और फिर कोटा पहुंच गया था। कटारा हिल्स थाना पुलिस ने दबिश देकर उसे पकड़ लिया।

पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। आरोपी ने बताया कि 10 मार्च को सेमेस्टर की फीस देने पिता ने 50 हजार रुपए भेजे थे। वह दोस्त के साथ बिहार घूमने निकल गया और वहां बेगुसराय से 20 हजार रुपए में देशी पिस्टल खरीद लाया था। बाकि की रकम उसने पार्टी में उड़ा दी।

### कटारा हिल्स पुलिस ने कोटा से किया गिरफ्तार

19 साल का सुधांशु सिंह शहडोल जिले का रहने वाला है और रायसेन रोड के प्राइवेट कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक कर रहा है। फीस



जमा नहीं होने पर कॉलेज प्रबंधन ने पिता से शिकायत की तो आरेपी ने एआई से कॉलेज की रसीद बनाकर पिता को भेज दी थी। पुलिस इस गोलीकांड में अनिकेत शर्मा, ओम तिवारी और राजवीर को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि सुधांशु की गिरफ्तारी बाकि थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए तीन अलग अलग टीम लगाई गई थी। टीम ने आरोपी सुधांशु को कोटा से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर सात दिन की रिमांड ली गई है। पुलिस उसे बिहार लेकर जाएगी और पिस्टल खरीदने के सबूत जुटाएगी।

### शराब पार्टी में विवाद के बाद चलाई गोली

जानकारी के अनुसार 4-5 अप्रैल की दरम्यानी सुधांशु ने अपने साथी अनिकेत शर्मा और ओम तिवारी के साथ सेज सनसिटी कॉलोनी के एक फ्लैट में शराब पार्टी कर रहा था। रात करीब पौने एक बजे शोर शराबा होने के कारण अन्य छात्रों से उसका विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर सुधांशु अपने साथियों के साथ पार्किंग में पहुंचा और वहां खड़े वासु गुप्ता सहित अंशुतेज पाटिल पर फायर कर दिए। इसके बाद हवाई फायर करते हुए बदमाश बाइक लेकर अपने साथियों के साथ फरार हो गया। इस घटना में वासु गुप्ता को कंधे में गोली लगी थी, जबकि अंशुतेज पाटिल को पेट में गोली लगी थी। दोनों को एम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

## हबीबगंज, एमपी नगर और पिपलानी में झपटमारी की

# मोबाइल झपटने वाले तीन झपटमार गिरफ्तार, पांच मोबाइल किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हबीबगंज पुलिस ने मोबाइल झपटने वाले बाइक सवार 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने हबीबगंज, एमपी नगर और पिपलानी थाना क्षेत्र में मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपियों से झपटे गए पांच आईफोन जब्त किए।

उक्त मामले में झपटमारों से मोबाइल खरीदने वाले दो खरीदारों को भी गिरफ्तार किया है। झपटमारों का कहना है कि वह बाइक से घूमने निकलते थे और इसी बीच मोबाइल पर बातचीत करने वालों से मोबाइल झपट लेते थे। आरोपियों ने बताया कि कम समय में अधिक पैसा कमाने की चाह में वह झपटमारी की घटनाएं कर रहे थे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए तब जाकर आरोपी हाथ लगे। पुलिस के अनुसार रिसालदार कॉलोनी छोला मंदिर निवासी अनुज चौकसे (22) पढ़ाई करता है। 7 अप्रैल की रात करीब 9 बजे वह महाराजा मलाई चाप शॉप के पास 10 नंबर मार्केट हबीबगंज के पास खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी दौरान नेशनल अस्पताल की ओर से एक स्कूटी पर सवार दो अज्ञात युवक आए और उसके हाथ से मोबाइल झपटकर फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। फुटेज से पुलिस को आरोपियों का हुलिया और सुराग मिला। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। इस बीच सूचना मिली कि झपटमार आरोपी 5 नंबर स्टॉप हबीबगंज के पास खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार लिया।

### बाइक से घूमने निकले और कर दी वारदात

आरोपियों ने बताया कि हम तीन लोग घूमने के लिए निकले थे। इसी दौरान आपस में बातचीत हुई। कम समय में अधिक पैसा कमाने की चाह में झपटमारी अथवा लूट की वारदातों को अंजाम देने की योजना बनाई। योजना के तहत 7 अप्रैल की रात महाराजा मलाई चाप शाप के पास 10 नंबर मार्केट में युवक का मोबाइल झपटने की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने निशानदेही पर तीसरे आरोपी को भी हिरासत में ले लिया। आरोपियों के नाम अयान खान (20) निवासी सुंदर नगर अशोका गार्डन, मोहम्मद मुशर्रफ (20) निवासी एकता पुरी ग्राउंड के सामने सेमरा थाना अशोका गार्डन व फरोज खान (19) निवासी सुन्दर नगर अशोका गार्डन, बताए गए हैं। आरोपियों ने हबीबगंज, पिपलानी व एमपी नगर थाना क्षेत्रों में मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया।

### लूट के मोबाइल खरीदने वाले दो अन्य भी गिरफ्तार

झपटमारों ने लूटा मोबाइल अकबर खान उर्फ उजेफा उर्फ भूरा (24) निवासी छोला रोड गौतम नगर को देना बताया। पुलिस ने अकबर खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने मोबाइल घोड़ानक्कास इलाके में मोबाइल रिपेयरिंग शॉप संचालित करने वाले अयान अली (21) निवासी जेपी नगर थाना गौतम नगर, को बेचना स्वीकार लिया। पुलिस ने अयान अली को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने बताया कि उसे अकबर ने आईफोन बेचने के लिए दिया था। पुलिस ने अकबर खान और अयान अली को भी विधिवत रूप से गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद कर लिया।

## बाइक सवार दो बदमाशों ने टीआरटी मार्केट के पास की वारदात

# एक्टिवा सवार महिला का पर्स झपटा, दोनों महिलाएं गिरी, सिर और हाथ में गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में बाइक सवार झपटमारों से लोग दहशत में है। बदमाशों ने गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित टीआरटी



मार्केट के पास एक्टिवा पर सहेली के साथ घर जा रही महिला के कंधे पर लटका बैग झपट लिया। छीना-झपटी में एक्टिवा का बैलेंस बिगड़ गया और दोनों महिलाएं एक्टिवा सहित नीचे गिर गई। झपटमारी की घटना में एक महिला के सिर और हाथ में गंभीर चोट आई है, जबकि गाड़ी चला रही महिला के कंधे में गंभीर चोट है। दोनों महिलाओं को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के पुष्पा नगर, ऐशबाग निवासी ज्योति ठाकुर पत्नी अजय ठाकुर (36) आशा कार्यकर्ता हैं। शुक्रवार 10 अप्रैल को वह अपनी दोस्त कस्तूरी राठौर (45) के साथ एक्टिवा से निकली थी। दोनों नरेला संकरी में रहने वाली परिचित नीतू शर्मा के घर गई थीं। शुक्रवार रात रात करीब पौने 10 बजे ज्योति ठाकुर और कस्तूरी ठाकुर, पुष्पा नगर लौट रहे थे। गाड़ी ज्योति ठाकुर चला रही थीं, जबकि कस्तूरी कंधे पर साइड बैग लटकाए पीछे बैठी थीं। टीआरटी मार्केट के आगे मुख्य रोड पर पहुंचते ही पानी की टंकी के सामने रात करीब पौने 10 बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश तेजी से आए। दोनों उनकी एक्टिवा के करीब पहुंचे और कस्तूर राठौर के कंधे पर लटका बैग झपट लिया। छीना-झपटी में एक्टिवा का बैलेंस बिगड़ गया और फिसलकर गिर गई। इस घटना में ज्योति ठाकुर के दाहिने हाथ के कंधे पर चोट आई है जबकि कस्तूरी के सिर व दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई है। कस्तूरी के बैग में 12 सौ रुपए नगदी और एक मोबाइल समेत अन्य सामान रखा था। बैग छीनने के बाद बाइक सवार दोनों बदमाश मौके से भाग निकले। वहां से गुजर रहे लोगों ने दोनों घायल महिलाओं को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही परिजन और बाद में पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई थी।

### चलते ऑटो में बैठी महिला के गले से चेन झपटी

*चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित मनीषा मार्केट में बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से चेन झपट ली। घटना के समय महिला ऑटो में सफर कर रही थी। पुलिस ने झपटमारी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पवित्रा दांगी ऑटो में बैठकर जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने अचानक उनके गले में पहनी सोने की चेन झपट ली और तेजी से बाइक चलाते हुए फरार हो गए। घटना इतनी जल्दी हुई कि महिला और ऑटो चालक कुछ समझ नहीं सके। झपटी गई सोने की चेन की कीमत 50 हजार रुपए बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार सुबह ही प्रोफेसर कॉलोनी निवासी डॉक्टर मनोज वर्मा (50) के साथ बाइक सवार बदमाशों ने वारदात थी।*

### हुलिया और बाइक का नंबर नहीं दे सकी महिलाएं

*एसआई प्रेम सिंह ठाकुर का कहना है कि एक्टिवा समेत नीचे गिरने से दोनों महिलाएं घायल हो गई थीं। चोट लगने और मारे घबराहट के वे न तो गाड़ी का नंबर देख सकीं और न ही आरोपियों का हुलिया देखा। घटनास्थल और आसपास कहीं भी कैमरे नहीं लगे हैं। आगे मार्केट में कैमरे लगे हैं, लेकिन दुकानदारों के कैमरे सिर्फ अपनी दुकानों को कवर करके लगाए गए हैं। इसलिए फिलहाल सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस की अलग-अलग टीमें लुटेरों का सुराग लगाने में लगी हैं।*

## घायल महिलाओं से मिले मंत्री सारंग: कहा, बख्शा नहीं जाएगा बदमाशों को



रायसेन रोड पर लूट की वारदात में गंभीर रूप से घायल हुई महिलाओं की स्वास्थ्य की जानकारी लेने मंत्री विश्वास सारंग अस्पताल पहुंचे। सारंग ने उपस्थित डॉक्टरों से दोनों महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। सारंग ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही मंत्री सारंग ने पीड़ित महिलाओं के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ खड़ी है और आरोपियों पर सख्त करवाई जाएगी।

## घटिया और सस्ते बिजली के उपकरणों को महंगा बता कर लगाए जा रहे फर्जी बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ औ

जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज के सात जनपद सदस्यों ने जनपद के सीईओ निखिलेश कटारे को जानकारी दी है कि जनपद औबेदुल्लागंज क्षेत्र की कई पंचायत में घटिया और सस्ते बिजली के उपकरणों को महंगा बता कर फर्जी बिल लगाए जा रहे हैं, वहीं जनपद सदस्यों ने सीईओ निखिलेश कटारे को बताया कि पंचायतों में बिजली ठेकेदार से सांठ गांठ कर कर सरपंच को 35% कमीशन रद्दी और महंगी लाइट लगाकर पंचायतों को चूना लगा रहे ठेकेदार कई पंचायतों में नई बिजली लगी और 15 दिनों में ही खराब हो गई।

## द्वारिका नगर बावड़ी के पास से किया गिरफ्तार

# महिला गांजा तस्कर से 3 किलो गांजा और 31 क्वार्टर देशी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्टेशन बजरिया पुलिस ने द्वारिका नगर बावड़ी के पास रहने वाली एक महिला के घर दबिश देकर 3 किलो गांजा और 31 क्वार्टर देशी शराब जब्त की है। इसके अलावा शराब और गांजा बेचकर कमाई गई 21 हजार 730 रुपए की नगदी जब्त की गई। पुलिस महिला के खिलाफ एनडीपीएस और आबकारी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है।

महिला तस्कर ने बताया कि यह उसका पुस्तैनी काम है। पुस्तेनी धंधे को जिंदा रखने के लिए वह गांजा और शराब बेचती है। थाना प्रभारी शिल्पा कौरव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि द्वारिका नगर में बावड़ी के पास बंटी कुचबंधिया अपने घर से अवैध गांजा बेच रहा है। मुखबिर की सूचना पर सर्च वारंट लेकर महिला और पुरुष स्टाफ को साथ पुलिस द्वारिका नगर बावड़ी के पास पहुंचकर दबिश दी। घर में मिली महिला पुष्पा कुचबंधिया पति बंटी कुचबंधिया (40) बावड़ी के पास द्वारिका नगर मिली। तलाशी के दौरान किचन से प्लास्टिक के झोले के अंदर गांजा मिला। उसी झोले में एक स्टील के टिफिन के अंदर 21 हजार 730 रुपए की नगदी मिली। नगदी के बारे में पूछताछ करने पर पुष्पा ने बताया कि यह यह रकम गांजा बेचकर मिली है। पुलिस ने घर की तलाशी ली तो प्लास्टिक की बाल्टी 31 क्वार्टर देशी शराब मिली। उसने बताया कि वह उक्त शराब वह अलग अलग दुकानों से खरीदकर लाती थी और बढ़ी हुई कीमत में बेचती थी। सर्चिंग के दौरान पुलिस ने पुष्पा के घर रखी सिंगल बेड की दीवान खुलवाई। उसके अंदर भी गांजा मिला। पुलिस ने पुष्पा कुचबंदिया के घर से कुल 3 किलो गांजा और 31 क्वार्टर शराब जब्त की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 11वीं के छात्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर तिराहा पर बाइक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। घटना गत 30 मार्च की रात की है। गंभीर रूप से घायल छात्र को हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई।

- हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर तिराहे पर हुई टक्कर, आरोपी चालक की तलाश

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले बाइक चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार सुयश तिवारी (21) एमआईजी क्वार्टर शिवाजी नगर में रहता था और प्राइवेट स्कूल में 11वीं का छात्र था। गत 30 मार्च की रात वह अर्जुन नगर तिराहा की तरफ से जा रहा था। सरस्वती विद्या मंदिर के पास तिराहा पर बाइक टर्न करते समय जय प्रकाश तिराहा की तरफ से आ रहे बाइक के चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सुयश बाइक सहित सड़क पर गिर गया था। उसे गंभीर चोट थी। उसे हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई।

## उद्गम स्थल से प्रवाहित नदियां ही सदानीरा होती हैं: नागर

# मां बेतवा के उद्गम स्थल ग्राम झिरी से दिया नदी संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

नदियों को बचाने के लिए उनके उद्गम स्थलों {जलस्त्रोतों} का संरक्षण अनिवार्य है, क्योंकि यहीं से नदी का शुद्ध जल आगे प्रवाहित होता है। उद्गम स्थल से प्रवाहित नदिया ही सदानीरा होती है।उद्गम स्थल ही नदी के अस्तित्व और मानवीय स्वास्थ्य का आधार होते हैं। अगर इन्हे नहीं बचाया गया तो नदियों के साथ-साथ मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा।

यह बात बेतवा नदी उदगम स्थल ग्राम झिरी पर आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्थाओं एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के श्रमदान एवं भव्य नदी संवाद कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष {पद्मश्री} मोहन नागर राज्य मंत्री दर्जा ने कही।

**त्रिवेणी पेड़ लगाए, मां बेतवा उदगत स्थल का पूजन किया**




### नदियों को स्वच्छ रखने सामुदायिक प्रयास करने होंगे

नागर ने कहा कि हम नदी स्थलों को पर्यटन का केन्द्र बनाकर गंदगी कर चले जाते हैं, हमें नदियों को स्वच्छ रखने सामुदायिक प्रयास करने होंगे। मां बेतवा की धारा को निरंतर बनाएं रखने में स्थानीय लोगों की भूमिका अहम है, जन अभियान परिषद की तरफ से एक अनऔपचारिक समिति का गठन कर हम उदगम स्थल की देखरेख में सहयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान, त्रिवेणी पेड़ लगाए गए, मां बेतवा उदगत स्थल का पूजन एवं कलश यात्रा निकाली गई। उदगम स्थल पर श्रमदान कर सफाई की गई। इस दौरान संभाग समन्वयक वरूण आचार्य ने जल गंगा संवर्धन अभियान पर जानकारी देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संवाद कार्यक्रम में जिला समन्वयक कल्याण सिंह राजपूत, ब्लाक समन्वयक निशा बहेकार,सरपंच, कमल गुर्जर,पंचायत सचिव जीतमल नागर , समाजसेवी राजमल नागर, जनपद सदस्य सज्जन नागर, सेक्टर प्रभारी वीर सिंह चौहान, अमित जैन, धमेन्द्र गोस्वामी, नवांकुर अध्यक्ष एवं पार्षद सुनील सेरिया, बारेलाल नायक, कैलाश पटेल, प्रियंका गौर,समस्त परामर्शदाता एवं सभी सेक्टरों की समितियों के सदस्य, शामिल थे।

## जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर आम लोगों को प्लॉट बेचे जाने के आरोप



# नगर में अवैध कॉलोनियों का खेल! सरकारी जमीन की बिक्री और नाले पर अतिक्रमण से बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में इन दिनों बन रही दो नई कॉलोनियां चर्चा का केंद्र बनी हुई हैं, जहां एक ओर सरकारी जमीन के कथित अवैध सौदे सामने आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नाले पर अतिक्रमण से भविष्य में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।

जानकारी के अनुसार, बैंक के पीछे विकसित हो रही एक कॉलोनी में आरोप है कि सरकारी जमीन को अवैध तरीके से निजी बताकर बेचा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इस जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर आम लोगों को प्लॉट बेचे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले में एक स्थानीय प्रभावशाली नेता की भूमिका संदिग्ध है, जिसने करोड़ों रुपए की जमीन का सौदा कर जनता को गुमराह किया है।

*नाले के ऊपर मिट्टी डालकर उसे आंशिक रूप से बंद कर दिया गया*

### बरसात में नाले का पानी बाधित होकर पास के मोहल्लों में घुस सकता है

यदि यह आरोप सही साबित होते हैं, तो यह सीधे तौर पर आम नागरिकों के साथ बड़ा धोखा है। वहीं, बैंक के सामने विकसित हो रही दूसरी कॉलोनी में गंभीर लापरवाही सामने आई है। यहां एक नाले के ऊपर मिट्टी डालकर उसे आंशिक रूप से बंद कर दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात में नाले का पानी बाधित होकर पास के मोहल्लों में घुस सकता है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। नगरवासियों ने इस पूरे मामले को लेकर प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई की जाना चाहिए।

### जांच के लिए पत्र लिखूंगी: नमीता

इस प्रकार के कार्यों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी कब तक संज्ञान लेते हैं नगर परिषद की सीएमओ किरण रहंगडाले ने फोन पर बताया कि मेरी अभी ड्यूटी रायसेन में है। मुझे कुछ पार्षदों ने बताया कि नाले को बंद किया जा रहा है। मैं इसको देखकर कार्रवाई करूंगी। नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल ने बताया कि नगर परिषद की गंभीर शिकायते मेरे पास भी आई है। मैं इसको उच्च स्तर पर जांच करने के लिए पत्र लिखूंगी।

# विकास कार्यों के कई प्रोजेक्ट अधूरे, दिखाया भारी खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर पंचायत औबेदुल्लागंज में विकास कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आ रहे हैं। सड़क चौड़ीकरण, ऑडिटोरियम निर्माण, संजीवनी अस्पताल योजना जैसे कई प्रोजेक्ट अधूरे पड़े हैं, जबकि इन पर भारी खर्च दिखाया जा रहा है। नगर पंचायत के सामने बनी अस्थाई और पक्की दुकानें लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जिससे न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि सरकारी संसाधनों की भी बर्बादी हो रही है। बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों की हालत भी बेहद खराब बनी हुई है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिल-वाउचर में फर्जीवाड़ा कर सामान की खरीद ऊंचे दामों पर दिखाई जा रही है। स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है न तो नियमित सफाई हो रही है और न ही नालियों की ठीक से सफाई हो पा रही है। वार्ड 4 में कचरे का अवैध डंपिंग किया जा रहा है, जहां आए दिन आग लगा दी जाती है। इससे उठने वाला धुआं आसपास के रहवासियों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। बच्चों और बुजुर्गों में सांस संबंधी बीमारियां बढ़ने लगी हैं। नागरिकों का कहना है कि नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी फोन तक नहीं उठाते, जिससे समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।

## खबर संक्षेप

### दांगी समाज के युवक और युवतियों ने दिया परिचय

**भोपाल।** रविवार को मानस भवन में अखिल भारतीय दांगी क्षत्रीय समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें सैकड़ों युवक-युवतियों ने जीवन साथी चुनने के लिए मंच से अपना परिचय दिया। साथ ही अपनी पसंद बताई। युवतियों ने कहा कि ऐसे लड़के शादी के लिए पसंद हैं, जो नशा न करते हों। वहीं युवकों ने परिवार के साथ तालमेल रखने वाली युवतियों को अपनी पंसद बताया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री कैलाश विश्वास सारंग शामिल हुए।

### सीएम हेल्प लाइन की 16 शिकायतों का निराकरण



**भोपाल।** देहात की सूखीसेवनिया थाना परिसर में सीएम हेल्प लाइन में पहुंची शिकायतों का निराकरण करने के लिए कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में शिकायत करने वाले फरियादियों की शिकायतें सुनी गई और तत्काल निराकरण किया गया। जानकारी के अनुसार सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिए सूखीसेवनिया पुलिस ने शनिवार शाम थाने में कैंप का आयोजन किया था। उक्त आयोजन पुलिस अधीक्षक रामशरण प्रजापति के मार्गदर्शन में किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चौरसिया, एसडीओपी बिलखारिया अंतिमा समाधिया के निर्देशन निर्देशन में आयोजित कैंप में कुल 16 शिकायतों का निराकरण किया गया। इन शिकायतों में 8 शिकायत एल थ्री, की बंद करवाई गई। 5 एलटू शिकायत और तीन शिकायत एलवन की बंद करवाई गई।

### कायस्थम 23 को करेगा पूजन, हवन और भंडारा

**भोपाल।** कायस्थम, मध्यप्रदेश आगामी गुरुवार 23 अप्रैल को भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव के अवसर पर पूजन, हवन, प्रसादी वितरण और भंडारे का आयोजन करेगा।



भगवान श्री चित्रगुप्त के पूजन, हवन का कार्यक्रम अपरान्ह 3 बजे से प्रोफेसर कॉलोनी में संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में होगा। पूजन, हवन महाआरती के बाद इसी स्थान पर शाम 4 बजे से भंडारा होगा और भक्तगण प्रसादी ग्रहण करेंगे। कायस्थम परिवार के गायक सदस्य भगवान श्री चित्रगुप्त पर आधारित भजन की प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर कायस्थम के पदाधिकारी, सलाहकार मंडल, कार्यकारिणी तथा विशेष आमंत्रित एवं आयोजन समिति के सदस्य और कायस्थम के सदस्य तथा कायस्थजन भी उपस्थित रहेंगे। कायस्थम ने सभी चित्रांश बंधुओं से पूजन और भंडारे में शामिल होने की अपील की है।

---

पिछले वर्ष सिर्फ 38 दिन चली थी यात्रा, दो दिन बाद शुरू होगी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

# अमरनाथ यात्रा की तारीख घोषित, भोपाल के शिवभक्तों में खुशी, 3 जुलाई से आरंभ होकर 57 दिन चलेगी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्राइन बोर्ड ने अमरनाथ यात्रा की तारीख घोषित कर दी है। यात्रा 3 जुलाई से आरंभ होकर 28 अगस्त तक जारी रहेगी। इसके लिए दो दिन बाद यानी 15 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो जाएंगे। भोपाल में तीन बैंकों जम्मू कश्मीर बैंक जवाहर चौक, पंजाब नेशनल बैंक, न्यू मार्केट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया न्यू मार्केट में ऑफलाइन बायोमेट्रिक के माध्यम से रजिस्ट्रेशन होंगे। इस बार यात्रा 57 दिन चलेगी, जबकि



बाबा बर्फानी

पिछले वर्ष यह 38 दिन की थी। अमरनाथ यात्रा की तारीख घोषित होने से भोपाल के शिव भक्तों में खुशी का माहौल है। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस साल में अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 28 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी, जो 57 दिनों की होगी। पिछले वर्ष 2025 में यह यात्रा 38 दिनों की थी। साल 2024 में यह यात्रा 52 दिनों की थी। 2023 में 62 दिनों की, वर्ष 2022 में 43 दिनों थी। इस साल 57 दिन मिलेंगे। भटेजा ने बताया कि मंडल द्वारा श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड से सोशल मीडिया के माध्यम से मांग की थी कि अमरनाथ यात्रा की तिथि शीघ्र घोषित की जाए। शीघ्र तारीख घोषित होने से अमरनाथ यात्रियों में हर्ष का माहौल है। भटेजा ने बताया कि रजिस्ट्रेशन से पूर्व हेल्थ सर्टिफिकेट बनाना अनिवार्य होता है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा भोपाल में मात्र 4 डॉक्टर्स अधिकृत किए हैं, जो कि भोपाल शहर एवं इसके आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के हिसाब से कम हैं। भोपाल एवं ग्रामीण क्षेत्र से लगभग प्रति वर्ष लगभग दस हजार से बाबा बफार्नी के दर्शन करने जाते हैं।

---

पन्ना धाम के न्यासियों ने दिलाई नए पदाधिकारियों को शपथ

# कृष्ण प्रणामी मंदिर समिति के अध्यक्ष विनोद उपाध्यक्ष विनीत एवं सचिव बने मम्तेश शर्मा



श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर समिति के चुनाव संपन्न।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रमुख धार्मिक केंद्र श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर समिति के चार वर्षीय चुनाव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए। इस निर्वाचन प्रक्रिया में सभी प्रमुख पदों पर प्रत्याशियों का चयन निर्विरोध किया गया और नई कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। इनमें अध्यक्ष पद पर विनोद प्रणामी, उपाध्यक्षः डॉ. विनीत शर्मा, सचिवः पंडित मम्तेश शर्मा, सह-सचिवः डॉ. अतुल दुबे, कोषाध्यक्षः पंडित रजनीश त्रिपाठी चुने गए हैं।

### समाज उत्थान का संकल्प

शपथ ग्रहण के पश्चात सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे मंदिर के विकास, सेवा कार्यों और समाज के उत्थान के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे। इस घोषणा के बाद भोपाल सुंदर साथ ने समाज के नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों को पुष्पहार पहनाकर बधाई दी एवं सफल कार्यकाल की मंगलकामना की। यह कार्यकाल 2030 तक रहेगा।

---

मान्यता- भक्ति-भाव के साथ व्रत करने से मिलती है नकारात्मकता से मुक्ति, श्याम मंदिरों में भगवान को अर्पित करेंगे 56 भोग

# वरुथिनी एकादशी आजः राजधानी के मंदिरों में खाटू श्याम का फूलों से होगा विशेष श्रृंगार, श्रद्धालु करेंगे आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मंदिरों में कामदा एकादशी के अवसर सोमवार को भगवान विष्णु, श्रीकृष्ण, भगवान खाटू श्याम की विशेष पूजा-पाठ की जाएगी। इस दौरान श्रीकृष्ण व खाटू श्याम मंदिरों में भगवान का विशेष श्रृंगार कर 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि वरुथिनी एकादशी के व्रत करने से नकारात्मकता से मुक्ति मिलती है। तो वहीं दान-पुण्य के लिए खासःभगवान विष्णु की आराधना से नई ऊर्जा का संचार होता है। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि वरुथिनी शब्द संस्कृत के वरुथिनी से बना है। जिसका अर्थ कवच होता है। इसे रक्षा संरक्षित करने वाला भी कह सकते हैं। यह भगवान विष्णु को सर्वाधिक प्रिय है। व्रत रखकर पूजा करने से हमारे भीतर की नकारात्मकता दूर होकर नई ऊर्जा का संचार होता है। राजधानी के सिंधी कॉलोनी टीटी नगर वैष्णो धाम सहित अन्य मंदिरों में भगवान विष्णु की पूजन-अर्चना कर विशेष भोग लगाया जाएगा।



बाबा खाटू श्याम।

### श्रीजी मंदिर लखेरापुरा में जगतगुरु श्री वल्लभाचार्य महाप्रभु का प्राकट्योत्सव आज

लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक जगतगुरु श्री वल्लभाचार्य महाप्रभु का 549वां प्राकट्य उत्सव 13 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस मौके पर सुबह मंदिर से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। तो वहीं दोपहर में यहां जगतगुरु का तिलकोत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद विशेष प्रसाद वितरित किया जाएगा। श्रीजी मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को रक्तदान शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जगतगुरु श्री वल्लभाचार्य महाप्रभु वरुथिनी एकादशी पर प्रकट हुए थे। इसके चलते एकादशी के मौके पर प्राकट्योत्सव मनाया जाएगा।

### राधावल्लभ मंदिर में वैशाख माह का पहला ब्याहुला, दो क्विंटल फूलों से भगवान का किया श्रृंगार

**भोपाल।** इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में रविवार को वैशाख माह का पहला ब्याहुला बड़े भक्तिभाव और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। ग्रीष्म ऋतु के आगमन पर आयोजित इस उत्सव में मंदिर परिसर को गुलाब, मोगरा, रजनीगंधा, गेंदा, सेवती सहित विभिन्न सुगंधित पुष्पों से भव्य रूप से सजाया गया। मंदिर के मुखिया नीलेश आचार्य ने बताया कि परंपरा के अनुसार संध्या आरती के बाद ब्याहुला की शुरुआत हुई। इस दौरान पर्दे के भीतर दूधाभाती की रस्म संपन्न की गई, जो इस आयोजन की प्रमुख विशेषता मानी जाती है। ब्याहुला में ठाकुर जी का दूल्हे के रूप में दो क्विंटल फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। उन्होंने सेहरा धारण किया और पगड़ी पर बांस का मोर सुशोभित किया गया। रसिकों ने गाया सखियन के उर ऐसी आई, ब्याह बिनोद रचें सुखदाई।






स्वच्छता अभियान में शिरकत करतीं महापौर।

### महापौर ने भवानी मंदिर परिसर में स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने सोमवारा स्थित कर्फ्यू वाली माता मंदिर परिसर में स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। इस मौके पर उन्होंने सफाईमित्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। उन्होंने श्रमदान करते हुए स्वयं झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की और पानी से परिसर व अन्य भागों की धुलाई भी की। इस मौके पर महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर के अलावा विकास सोनी, संजय जैन मुंगावली आदि लोग मौजूद थे।

### महापौर ने निःशुल्क रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया शुभारंभ



महापौर मालती राय ने लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर प्रांगण में आयोजित रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने रक्तदान करने वालों द्वारा समर्पित भाव से किए जा रहे रक्तदान की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया साथ ही शिविर आयोजनकर्ताओं को साधुवाद भी दिया।

### कलश यात्रा निकालकर श्रीमद भागवत की कथा का भव्य शुभारंभ

हर्षवर्धन नगर में पंडित रवि शास्त्री के द्वारा श्रीमद भागवत कथा का प्रारंभ, राजमाता सिंधिया मैदान पर हुआ। इस अवसर पर श्री पम्पापुर मंदिर से इंद्राणी दत्ता, संध्या शर्मा एवं अन्य सैकड़ों महिला भक्तों ने भव्य कलश यात्रा कथा स्थल तक निकाली। मुख्य यजमान महेंद्र दवे भागवतजी को व्यास पीठ तक लाए। ये भक्ति रसधारा 18 अप्रैल तक बहेगी, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग बैठक व्यवस्था की गई है।



### आर्थिक स्वावलंबन से बौद्ध सांस्कृतिक क्रांति समारोहः सामाजिक जागरण और धम्म चेतना का ऐतिहासिक संगम

**भोपाल।** चक्रवती सम्राट अशोक, महात्मा ज्योतिबा फूले, बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की 135वीं संयुक्त जयंती के उपलक्ष्य एवं प्रेरणादायक अवसर पर बुद्धभूमि महाविहार मॉनेस्ट्री, चुनाभट्टी, कोलार में रविवार को आर्थिक स्वावलंबन से बौद्ध सांस्कृतिक क्रांति समारोह सम्पन्न हुआ।



---

इसरो भ्रमण से प्रदेश के विद्यार्थियों में विकसित होगी वैज्ञानिक सोच

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विज्ञान मंथन यात्रा 2025-26 के पोस्टर का किया विमोचन



विज्ञान मंथन यात्रा के पोस्टर का विमोचन करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को विज्ञान मंथन यात्रा 2025-26 के पोस्टर का मुख्यमंत्री निवास में विमोचन किया। उन्होंने इस अभिनव योजना को विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए शुभकामनाएं दीं और मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी, कार्यकारी संचालक एवं विज्ञान मंथन यात्रा के प्रमुख डॉ. विवेक कटारे और वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी एवं प्रभारी डॉ. सुनील गर्ग उपस्थित रहे।

### मेपकास्ट चला रहा मिशन एक्सीलेंस अभियान

मध्यप्रदेश में विज्ञान शिक्षा को नई दिशा देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) द्वारा मिशन एक्सीलेंस अभियान के तहत विज्ञान मंथन यात्रा 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य प्रदेश के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि एवं जिज्ञासा को बढ़ावा देना है। योजना में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 10वीं के मेधावी विद्यार्थी और कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विज्ञान संकाय के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष कुल 375 विद्यार्थियों और 27 शिक्षकों का चयन किया गया है। अप्रैल माह में आयोजित इस यात्रा में चयनित विद्यार्थियों के साथ विज्ञान विषय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी सहभागिता करेंगे।

---

ऐतिहासिक सीढ़ियों और तालाब किनारे फैले कचरे को किया एकत्र

# स्वच्छता का संदेश लेकर तालाब किनारे पहुंचे एंबेसडर, टीम ने की गौहर महल किनारे सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की पहचान तालाबों और ऐतिहासिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने की दिशा में रविवार को स्वच्छता एंबेसडर सफाई करने तालाब किनारे पहुंचे। गौहर महल के पास स्वच्छता एंबेसडरों की दो दर्जन से अधिक लोगों की टीम ने सफाई अभियान चलाकर लोगों को जागरुक करने का भी संदेश दिया।

रविवार सुबह से ही टीम ने ऐतिहासिक सीढ़ियों और तालाब किनारे फैली गंदगी को साफ करने का काम शुरू किया। इस दौरान पालिथीन, चिप्स के पैकेट, कोल्ड ड्रिंक की खाली बोतलें, डिस्पोजल सामग्री सहित बड़ी मात्रा में कचरा एकत्र किया गया। स्वयंसेवकों ने न सिर्फ सफाई की, बल्कि वहां मौजूद लोगों को भी कचरा न फैलाने और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अभियान में शामिल सदस्यों का कहना था कि भोपाल अपने तालाबों के कारण देशभर में सिटी ऑफ लेक्स के रूप में जाना जाता है, लेकिन लगातार बढ़ती गंदगी इस पहचान को नुकसान पहुंचा रही है। ऐसे में आम लोगों की भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस तरह के अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना ही नहीं, बल्कि लोगों की सोच में बदलाव लाना भी है। अखलाक अहमद ने बताया कि अक्सर लोग घूमने-फिरने के दौरान प्लास्टिक और अन्य कचरा वहीं छोड़ देते हैं, जिससे न सिर्फ सौंदर्य खराब होता है, बल्कि पर्यावरण पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। स्वच्छता एंबेसडरों ने अपील की कि शहर के हर नागरिक को अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने की जिम्मेदारी समझनी चाहिए।



सफाई करने पहुंचे स्वच्छता एंबेसडर।

---

मध्यम वर्गीय रेल यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर

यात्रियों की सुविधा को देखते हुए कोच संरचना में आंशिक बदलाव

# भोपाल की 14 ट्रेनों में जून से लगेंगे एसी-3 इकोनॉमी कोच, 20 प्रतिशत कम किराए पर कर सकेंगे सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल व आरकेएमपी स्टेशन से मध्यम वर्गीय रेल यात्रियों को अच्छी खबर है। दरअसल रेलवे की ओर इस वर्ग की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, भोपाल की 14 ट्रेनों में एसी-3 इकोनॉमी कोच लगाने जा रहा है। यह कोच जून माह में से जोड़ें जाएंगे। इन कोच में सफर करने वाले यात्री थर्ड एसी से 20 प्रतिशत तक कम किराया देकर एसी का आनंद लेते हुए सफर कर पाएंगे। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि रेलवे द्वारा यात्री सुविधा एवं मांग को देखते 14 ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती मांग एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कोच संरचना में आंशिक संशोधन किया गया है। इसी के तहत स्थाई आधार पर 1 एसी-3 टियर कोच की जगह 1 एसी-3 इकॉनॉमी कोच जोड़ा जाएगा। यात्रियों को अधिक किफायती एसी यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना के लिए रेलवे ने यह निर्णय लिया है।



फाइल फोटो।

### स्थाई रूप से लगाए जा रहे कोच

रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान रखते हुए अपनी सेवा को निरंतर बढ़ा रही है। ट्रेन की यात्रा लोगों की पहली पसंद है। क्योंकि यह सुरक्षित और तेज है। रोजाना लाखों लोग एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए ट्रेन से सफर करते हैं। रेलवे की ओर मध्यम वर्गीय रेल यात्रियों की सुविधा के लिए जून माह से भोपाल से संचालित व गुजरने वाली करीब 14 ट्रेनों में जून माह से स्थाई रूप से थर्ड एसी इकॉनामी कोच लगाए जाएंगे। यह कोच में थर्ड एसी की तुलना में अधिक बेहतर तथा आरामदायक सविधा दी गई है, साथ किराय थर्ड एसी की तुलना में कम होता है। रेलवे सूत्रों के अनुसार एसी 3 कोच की अपेक्षा एसी 3 इकोनॉमी क्लास कोच में करीब 15-20 प्रतिशत तक कम होता है।

### 72 की जगह होती हैं 83 सीटें

एसी-3 इकोनॉमी कोच का डिजाइन पुराने एसी कोच से अलग है। इसमें हर कंपार्टमेंट में एक एक्सट्रा सीट होती है। मसलन एसी-3 कोच में 6 बर्थ और 2 साइड बर्थ होती हैं, लेकिन एसी-3 इकोनॉमी में साइड बर्थ में भी मिडिल बर्थ दी जाती है। इस तरह से एसी-3 डिब्बे में कुल 72 जबकि इकोनॉमी में 83 सीटें होती हैं।

### इन ट्रेनों में लगाए जा रहे कोच

- गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में 15 जून 1 एसी-3 इकॉनॉमी कोच जोड़ा जाएगा।
- गाड़ी संख्या 12186 रीवा-रानी कमलापति एक्सप्रेस ट्रेन में 16 जून से
- गाड़ी संख्या 12155 रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन में 17 जून से
- गाड़ी संख्या 12156 हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति एक्सप्रेस ट्रेन में 20 जून से
- गाड़ी संख्या 20156 नई दिल्ली-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस ट्रेन में 18 जून से
- गाड़ी संख्या 20155 डॉ. अंबेडकर नगर-नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन में 19 जून से
- गाड़ी संख्या 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन में 20 जून से
- गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में 23 जून से
- गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन में 21 जून से
- गाड़ी संख्या 22168 हजरत निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन में 22 जून से
- गाड़ी संख्या 11633 भोपाल-चोपन एक्सप्रेस ट्रेन में 21 जून से
- गाड़ी संख्या 11634 चोपन-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में 22 जून से
- गाड़ी संख्या 11631 भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन में 22 जून से
- गाड़ी संख्या 11632 धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में 24 जून से।

---

करीब 17 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने किया था आवेदन

# एनडीए, एनए और सीडीएस परीक्षाः सख्त जांच के बाद दी एंट्री, प्रदेश में तीन शहरों में बने परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में रविवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), नौसेना अकादमी (एनए) और संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रशासन ने परीक्षा को निष्पक्ष और सुरक्षित बनाने के लिए परीक्षा केंद्र के गेट से लेकर परीक्षा हॉल तक परीक्षार्थियों की सख्त जांच के बाद एंट्री दी। इस दौरान फेस ऑथेंटिकेशन, मेटल डिटेक्टर जांच और सख्त प्रवेश नियम लागू किए गए। शहर के शासकीय नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र का गेट परीक्षा शुरू होने से पहले बंद कर दिया गया। यहां सभी परीक्षार्थियों के लिए आने का समय निश्चित किया गया था, जिसका कड़ाई से पालन किया गया। इस बार परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर फेस ऑथेंटिकेशन की व्यवस्था की गई थी।



### राजधानी में बनाए गए कुल 12 परीक्षा केन्द्र

रविवार को शुरू हुई परीक्षा में प्रदेश के तीन प्रमुख शहरों में इस परीक्षा का आयोजन किया गया। भोपाल में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए। जहां 5 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। इंदौर में 13 केंद्रों पर भी 5 हजार के करीब परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। ग्वालियर में 7 केंद्रों पर 6 हजार के आसपास परीक्षार्थियों के परीक्षा में शामिल होने की बात कही गई है। प्रदेश में इन तीनों शहरों में कुल मिलाकर 17 हजार के आसपास उम्मीदवारों के परीक्षा में शामिल होने की बात कही गई।

### सीडीएस परीक्षा तीन सत्रों में परीक्षा

- पहला सत्रः सुबह 9 बजे से 11 बजे तक
- दूसरा सत्रः दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे
- तीसरा सत्रः शाम 4 बजे से 6 बजे तक चला

### एनडीए परीक्षा दो सत्रों में हुई

- पहला सत्रः सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक
- दूसरा सत्रः दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक रहा




प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर बड़ा राजनीतिक संदेश दिया

# भाजपा के साथ दिख रहा बंगाल का मिजाज, यह लोगों के दिल- दिमाग में छाई, टीएमसी ने केवल राज्य को बर्बाद किया और घुसपैठियों को शरण दी

पीएम मोदी ने कैप्शन दिया 'पश्चिम बंगाल का मिजाज देखने के लिए, यहां सिलीगुड़ी आइए। लोगों के दिलों-दिमाग में सिर्फ एक ही पार्टी सिर्फ भाजपा है। रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जनता का प्यार और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है



एजेंसी ▶▶ सिलीगुड़ी

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में हुई विशाल जनसभा के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल का मिजाज अब साफ तौर पर भाजपा के पक्ष में दिखाई दे रहा है। वे हेलीपैड के पास खड़े होकर समर्थकों की भीड़ की वीडियोग्राफी कर रहे थे। तस्वीरों में भारी संख्या में लोग उनके स्वागत के लिए हेलीपैड के पास पहुंचे थे। पीएम मोदी ने कैप्शन दिया 'पश्चिम बंगाल का मिजाज देखने के लिए, यहां सिलीगुड़ी आइए। लोगों के दिलों-दिमाग में सिर्फ एक ही पार्टी सिर्फ भाजपा है। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जनता का प्यार और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने यह भी कहा कि वह हर पल देश और जनता के लिए समर्पित हैं। पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों में उत्तर बंगाल के विकास को नजरअंदाज किया गया है। सिलीगुड़ी के बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और उद्योग के मामले में पीछे रखा गया।

## टीएमसी ने केवल काले कारनामे किए

टीएमसी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा टीएमसी वालों कान खोलकर सुन लो, 4 मई के बाद भाजपा सरकार बनेगी और 15 साल का पाई-पाई का हिसाब देना पड़ेगा। टीएमसी सरकार अपने 15 साल पूरे कर चुकी है। 15 साल में बर्बादी आपने देखी है। मैं यहां काफी नौजवानों को देख रहा हूं। टीएमसी ने सिर्फ काले कारनामे किए हैं।



जनता का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री ने खुद थाम लिया कैमरा

प्रधानमंत्री की रैली ने जन-समर्थन के तमाम पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। इसने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी। रैली शुरू होने से ठीक पहले पीएम मोदी ने स्वयं अपने मोबाइल फोन से उमड़े हुए जनसैलाब का वीडियो बनाया। उन्होंने लिखा कि सिलीगुड़ी में भाजपा के प्रति जनता का उत्साह और 'फ्रेन्जी' अकल्पनीय है।

## ममता ने बंगाल को तबाह कर दिया

जनसभा के दौरान उन्होंनचुनाव में प्रचंड जीत की हुंकार भरी। ममता और उनकी पार्टी को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि बंगाल के लोगों में जो ऊर्जा मैं देख रहा हूं, उससे मुझे यकीन हो गया है कि टीएमसी की हार निश्चित है। टीएमसी ने अपने 15 साल के कार्यकाल में पश्चिम बंगाल को तबाह कर दिया।

## टीएमसी ने टुकड़े-टुकड़े गैंग को पुरस्कृत किया

उन्होंने कहा कि टुकड़े-टुकड़े गैंग, जिन्होंने सिलीगुड़ी गलियारे को काटने की धमकी दी थी। टीएमसी ने उन्हें संसद भेजकर पुरस्कृत किया। सडबल इंजन की सरकार के साथ बंगाल में विकास की गति दोगुनी हो जाएगी। टीएमसी ने केंद्रीय योजनाओं में बाधा डाली। यहां पर 25 प्रतिशत से भी कम काम पूरा हुआ है। घुसपैठ के कारण उत्तर बंगाल में बड़ा जनसांख्यिकीय परिवर्तन हो रहा है।

भाजपा पर ममता का पलटवार

## एसआईआर सबसे बड़ा घोटाला सभी ईवीएम पर नजर रखें

पूर्वी बर्धमान। बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव से पहले मतदाताओं को रिश्वत देती है और एसआईआर को हाल के



दिनों में देश का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया। ममता ने पूर्वी बर्धमान जिले के खंडघोष में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि अगर भाजपा बंगाल में सत्ता में आई तो वह वहां की जनता से सब कुछ छीन लेगी। मतदान खत्म होते ही वे अपने वादे भूल जाते हैं। बेनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए मतदान प्रक्रिया में हेरफेर करने की कोशिश करेगी और लोगों से सतर्क रहने और ईवीएम पर नजर रखने का आग्रह किया। भाजपा ने धीमी गति से मतदान और धीमी मतगणना की योजना बनाई है।

## स्टालिन ने किया जनसंपर्क



**रामनाथपुरम।** तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन ने चुनावों से पहले रामनाथपुरम, तमिलनाडु में एक सुबह के जनसंपर्क अभियान के दौरान हथकरघा का इस्तेमाल किया।

## बच्चों को देखकर भावुक हो गए

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता अब 'भय' और 'सिंडिकेट को और अधिक बर्दाश्त नहीं करेगी। वहां बच्चों को देख भावुक हो गए।

तमिलनाडु में सरगर्मियां तेज

## भाजपा अध्यक्ष नबीन ने किया रोड शो



**विरुधुनगर।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही राज्य में सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन रविवार को दो दिनी दौरे पर तमिलनाडु पहुंचे। सत्तूर विधानसभा के भाजपा उम्मीदवार नैनार नागेंद्रन के समर्थन में रोड शो किया।

बंगाल में योगी की ललकार



## उर्दू जहां बोली जाती है, वहां चले जाओ

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बंगाल में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। पूर्व मेदिनीपुर में रैली को संबोधित किया। टीएमसी बंगाली पहचान को पूरी तरह खत्म करना चाहते हैं। इन लोगों से कह दो कि अगर उन्हें उर्दू ही बोलनी है तो वहां चले जाएं।

### 15 वर्षों में बंगाल की टीएमसी की सरकार ने बंगाल को नोच डाला

योगी ने कहा, बंगाल जो कभी भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन था, पहले कांग्रेस , फिर वामपंथियों और 15 वर्षों में टीएमसी ने बंगाल को नोच डाला है।

## खबर संक्षेप

### नेताजी के प्रपौत्र चंद्र कुमार टीएमसी में गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से ठीक



पहले बड़ा उलटफेर हुआ है। रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रपौत्र चंद्र कुमार बोस तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। उन्होंने 3 पहले भाजपा छोड़ दी थी। उन्होंने कहा, भाजपा विभाजनकारी राजनीति कर रही है।

### पंजाब में 'बेअदबी' पर होगी उम्रकैदः मान

**अमृतसर।** पंजाब की भगवंत मान सरकार ने गुरु ग्रंथ साहिब का



अपमान करने वालों के लिए उम्रकैद की सजा से जुड़े एक विधेयक को मंजूरी दी है। मान की अध्यक्षता में हुई सूबे के मंत्रिमंडल की बैठक में जागृत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक, 2026 को मंजूरी दी गई।

### भाजपा, कांग्रेस और आप से एक ही उम्मीदवार

**अहमदाबाद।** गुजरात के दाहोद जिले में जिला पंचायत चुनाव के



दौरान एक अनोखा मामला सामने आया है, जिसने सियासी हलचल बढ़ा दी है। पिपेरो सीट के लिए एक ही उम्मीदवार ने तीन अलग-अलग पार्टियों भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी से नामांकन भर दिया है। यह मामला लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है।

### छत के रास्ते घुसे, नकदी लाखों का सामान उड़ाया

**रायबरेली।** हिलहा में शनिवार की रात चोर छत के रास्ते घर में घुस



गए। चोरों ने कमरे और बक्से का ताला तोड़ नकदी समेत 4.5 लाख का सामान पार कर दिया। पीड़ित किसान के भतीजे ने 7 युवकों पर चोरी में शामिल होने की आशंका जताते हुए पुलिस को नामजद तहरीर दी है।राम प्रताप शनिवार को कहीं गए थे। उनकी पत्नी व बेटा सो रहे थे।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर प्रधानमंत्री ने सभी दलों को पत्र लिखा

# एक स्वर में संशोधन को पारित कराने में सभी सहयोग दें, अपने विचार साझा करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर संसद में सभी दलों के नेताओं को पत्र लिखकर उनसे समर्थन का आग्रह किया है। पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी को एक स्वर में इस संशोधन को पारित कराने के लिए एकजुट होना चाहिए और इस विषय पर विचार रखने चाहिए। यह अवसर किसी एक पार्टी या व्यक्ति से ऊपर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 16 अप्रैल से देश की संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़ी एक ऐतिहासिक चर्चा होने जा रही है। ये विशेष बैठक लोकतंत्र को और मजबूत बनाने का अवसर है। ये सबको साथ लेकर चलने की प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है। कोई भी समाज तभी आगे बढ़ता है, जब वहां महिलाओं को आगे बढ़ने, निर्णय लेने और नेतृत्व करने का अवसर मिलता है। देश ने विकसित भारत का जो संकल्प लिया है, अब आवश्यक है कि इस यात्रा में नारी शक्ति अपनी पूरी क्षमता और पूरी भागीदारी के साथ जुड़ें। भारत की बेटियां स्पेस से लेकर स्पोर्ट्स और सशस्त्र बलों से लेकर स्टार्ट-अप्स तक, हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं।

## केंद्र ने 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र आहूत किया



इसके पास होने से संसद होगी गौरवान्वित

### 2029 के चुनाव के पहले अधिनियम लागू हो

पीएम मोदी ने यह भी लिखा कि गहन मंथन के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अब समय आ गया है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम अपनी पूर्ण भावना के साथ देश में लागू हो। यह उचित होगा कि 2029 का लोकसभा चुनाव और सभी विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण को पूरी तरह लागू करने के बाद हों।

### 2023 में सभी ने किया था समर्थन

पीएम मोदी ने कहा कि दसंसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण की चर्चा दशकों से होती आ रही है। उन्होंने पत्र में लिखा कि 2023 में संसद में सभी दलों के सांसदों ने एक साथ आकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया था। यह हमारी एकजुटता को दिखाने वाला एक अविस्मरणीय अवसर था। ऐसा करके हमने देश की नारी शक्ति के प्रति अपने वचन को पूरा किया था।

### इससे देश की माताओं-बहनों और बेटियों के प्रति असीम दायित्वों का निर्वहन होगा

पीएम मोदी ने कहा कि यह देश की नारी शक्ति की सिद्धि का विषय है, 140 करोड़ देशवासियों की सिद्धि का विषय है। इस अवसर को हमें छोड़ना नहीं है। संशोधन को आपका समर्थन देश की माताओं-बहनों और बेटियों के प्रति असीम दायित्वों का निर्वहन होगा।

## अब राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहेः खरगे



कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे ने कहा कि इससे विपक्ष का यह यकीन और पक्का हो जाता है कि केंद्र सरकार इस बिल को लागू करने में इसलिए जल्दबाजी कर रही है ताकि वह महिलाओं को सचमुच सशक्त बनाने के बजाय राजनीतिक फायदा उठा सके। खरगे ने कहा कि जब 2023 में संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था, तब कांग्रेस ने यह मांग की थी कि यह अहम कानून तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए। अब तक 30 महीने बीत चुके हैं, अब यह विशेष सत्र हमें भरोसे में लिए बिना बुलाया गया है।



### ये आचार संहिता का उल्लंघनः जयराम

राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चुनावों के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। जयराम ने 'एक्स' पर लिखा, खरगे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर संसद के विशेष सत्र पर अपनी बात रखी है। यह तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चल रहे चुनावी अभियान के बीच बुलाया जा रहा है, जो कि आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है।

### जातिगत गणना को ठंडे बस्ते में डाल रहे

कांग्रेस ने का कहना है कि सरकार जाति जनगणना को जानबूझकर टालना चाहती है और महिलाओं के आरक्षण कानून में बदलाव करके देश को गुमराह कर रही है। जयराम ने कहा कि सरकार का इरादा जाति जनगणना को 'ठंडे बस्ते' में डालने का है। प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर भारी भ्रम फैला रहे हैं।

बिहार की सियासत में गरमी बढ़ी

# भाजपा ने शिवराज को पर्यवेक्षक बना पटना भेजा, वे जानेंगे राय

राज्य में मुख्यमंत्री पद को लेकर गहमा-गहमी बढ़ी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जल्द ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इस बीच बिहार भाजपा के विधायक दल की बैठक लिए पार्टी ने केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बिहार में भाजपा विधायक दल की बैठक के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। शिवराज की देखरेख में भाजपा विधायक दल की बैठक होगी और पार्टी का नेता चुना जाएगा। भाजपा ने एक्स में लिखा, संसदीय बोर्ड ने बिहार में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

### पटना में लगे सम्राट निशांत के पोस्टर

पटना में सम्राट चौधरी और निशांत कुमार के समर्थन में पोस्टर लगाए गए हैं। कुछ जदयू कार्यकर्ताओं ने नीतीश कुमार से अगला मुख्यमंत्री निशांत कुमार को बनाने की मांग की है। दूसरी ओर वाल्मीकि समाज के कार्यकर्ता सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं। हालांकि भाजपा विधायक दल का नेता किसे चुनती है, इस पर सब कुछ निर्भर करेगा। जेडीयू कार्यकर्ताओं ने पटना में निशांत कुमार के समर्थन में पोस्टर लगाए। इन पोस्टरों पर लिखा है, बिहार में ना तो बुलडोजर बवाल चाहिए और न ही फिर से दंगा फसाद चाहिए।

### 14 को इस्तीफा दे सकते नीतीश

बताया जा रहा बिहार सरकार ने 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे कैबिनेट की बैठक में बुलाई है। इस बैठक की अध्यक्षता नीतीश कुमार कर सकते हैं और इसके बाद नीतीश राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। इस दौरान शिवराज स भी उनके साथ रहेंगे। जेडीयू और भाजपा के नेता मुख्यमंत्री पद को लेकर कुछ बोल नहीं रहे हैं।

### सीएम हाउस पहुंचे कई मंत्री

बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर सियासत तेज हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर कई मंत्रियों का जमावड़ा रहा। लोग उनसे मिलने के लिए पहुंचे। मंत्री श्रवण कुमार, लेसी सिंह, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार समेत कई नेताओं का जमावड़ा रहा। सीएम पद से इस्तीफा के बाद भाजपा की तरफ से एनडीए गठबंधन का अगला मुख्यमंत्री चुना जाएगा।

धर्मशाला में हादसा टला

## एचआरटीसी बस का ब्रेक फेल पहाड़ी से टकराई,12 लोग जख्मी

### बस धर्मशाला से जा रही थी होशियारपुर

एजेंसी ▶▶ कांगड़ा

मुबारिकपुर-भरवाई रोड पर रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। धर्मशाला से होशियारपुर जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस के अचानक ब्रेक फेल हो गए, लेकिन चालक की सतर्कता ने कई लोगों की जान बचा ली। बस जब सिद्ध चलेहड़ मार्ग के पास पहुंची, तो उसके ब्रेक ने काम करना बंद कर दिया। बस



सड़क किनारे खड़ी श्रद्धालुओं की गाड़ी से जा टकराई। चालक ने खाई में गिरने से बचाने पास की एक पहाड़ी से टकरा दिया। बस में लगभग 50 यात्री सवार थे। 12 से ज्यादा यात्री घायल हो गए हैं।

सप्तऋषि घाट पर गंगा का जलस्तर बढ़ने से कई लोग फंसे

# बचाव दलों ने सभी 21 लोगों का सफल रेस्क्यू किया

## 10 पुरुष, 7 महिला और 4 बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया

एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

गंगा में अचानक जलस्तर बढ़ने से रविवार को सप्तऋषि घाट और कबीर कुटीर क्षेत्र में टापू पर फंसे लोगों को प्रशासन और पुलिस की तत्परता से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। संयुक्त रेस्क्यू अभियान में कुल 21 लोगों को सकुशल बचा लिया गया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत के अनुसार सुबह करीब 10:40 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि सप्तऋषि घाट पर गंगा का जलस्तर बढ़ने से कई लोग फंस गए थे।

हरिद्वार में टली अनहोनी



### टापू पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं को बचाया

कबीर कुटीर घाट, सप्तऋषि क्षेत्र में भी गंगा के बीच बने टापू पर स्नान कर रहे श्रद्धालु जलस्तर बढ़ने से फंस गए। तेज बहाव के कारण लोग टापू से बाहर नहीं निकल सके। चौकी इंचार्ज, चेतक कर्मियों और जल पुलिस के साथ बोट एवं राहत उपकरणों के जरिए मौके पर पहुंचे।

**दिल्ली, हरियाणा राजस्थान के थे**

इस अभियान में टापू पर फंसे 10 पुरुष, 7 महिलाएं और 4 बच्चे को सुरक्षित किनारे पर लाया गया। सभी लोग दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के निवासी हैं। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। अब प्रशासन ने चेतावनी दी है।

### यमुना एक्सप्रेसवे पर स्लीपर बस पलटी, 20 लोग घायल

यमुना एक्सप्रेसवे पर रविवार रात एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। मथुरा स्थित नौहझील थाना क्षेत्र में माइलस्टोन 76 पर एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में 20 से यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। थाना प्रभारी सोनू सिंह और उपनिरीक्षक हरेंद्र तोमर पुलिस बल के साथ पहुंचे। उन्होंने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

## वैश्विक तेल व्यापार मार्ग सुरक्षित होगा

# अमेरिका ने होर्मुज में बारूदी सुरंग हटाने का अभियान शुरू किया
# उन्नत युद्धपोत, रोबोटिक ड्रोन और हेलिकॉप्टर तैनात किए गए

*अमेरिकी सेना के मुताबिक, यह अभियान खास तौर पर उन सुरंगों को हटाने के लिए है जिन्हें ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जोड़ा जा रहा है। ये सुरंगें बड़े जहाजों और तेल टैंकरों के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं*

- *दो गाइडेड मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत इस ऑपरेशन में शामिल*
- *यूयूवी ड्रोन समुद्र में सोनार तकनीक से समुद्र की सतह का नक्शा बना रहे*
- *हेलिकॉप्टर खास लेजर सिस्टम की मदद से मौजूद सुरंगों की पहचान कर रहे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में सुरक्षा बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अमेरिकी सेना ने इस अहम समुद्री रास्ते में बिछी संभावित बारूदी सुरंगों को हटाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए उन्नत युद्धपोत, ड्रोन और हेलिकॉप्टर तैनात किए गए हैं। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) के तहत दो गाइडेड मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत इस ऑपरेशन में शामिल हैं। इनका मुख्य काम समुद्र में छिपी बारूदी सुरंगों का पता लगाना और उन्हें नष्ट करना है, ताकि जहाजों की आवाजाही सुरक्षित हो सके। अमेरिकी सेना के मुताबिक, यह अभियान खास तौर पर उन सुरंगों को हटाने के लिए है जिन्हें ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जोड़ा जा रहा है। ये सुरंगें बड़े जहाजों और तेल टैंकरों के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं।

### सुरक्षा के साथ-साथ रक्षा भी

ये युद्धपोत सिर्फ सुरंग हटाने में मदद नहीं कर रहे, बल्कि सुरक्षा भी दे रहे हैं। इनमें आधुनिक एजिस कॉम्बैट सिस्टम और इंटरसेप्टर मिसाइलें लगी हैं, जो हवाई या समुद्री हमलों को रोक सकती हैं। अमेरिकी एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा कि नया सुरक्षित समुद्री रास्ता तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द ही जहाजों के लिए खोला जाएगा ताकि व्यापार सामान्य हो सके।



स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बारूदी सुरंग हटाता अमेरिकी युद्धपोत

### ड्रोन से होगी समुद्र की जांच

अमेरिका इस काम के लिए सीधे जहाजों को खतरे में नहीं डाल रहा है। इसके बजाए पानी के अंदर चलने वाले रोबोटिक ड्रोन यानी यूयूवी (अनमैन्ड अंडरवाटर व्हीकल) का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये ड्रोन टॉरपीडो के आकार के होते हैं और अपने आप समुद्र में घूमकर हाईटेक सोनार तकनीक से समुद्र की सतह का नक्शा बनाते हैं। इससे छिपी हुई बारूदी सुरंगों का पता लगाया जाता है।

### हेलिकॉप्टर भी निभा रहे अहम भूमिका

इसके अलावा अमेरिका ने एमएच-60एस जैसे हेलिकॉप्टर भी तैनात किए हैं। ये हेलिकॉप्टर खास लेजर सिस्टम (एएलएमडीएस) की मदद से समुद्र की सतह या उसके ठीक नीचे मौजूद सुरंगों को पहचान सकते हैं। जब किसी सुरंग का पता चलता है, तो उसे नष्ट करने के लिए एक और रिमोट कंट्रोल सिस्टम (एएमएनएस) का इस्तेमाल किया जाता है। यह छोटा रोबोट सुरंग के पास जाकर उसे विस्फोट से खत्म कर देता है।

## अमेरिकी पोतों का होर्मुज में दाखिल होने का दावा गलतः ईरान

ईरान की संयुक्त सैन्य कमान के एक प्रवक्ता ने अमेरिका के उस दावे का खंडन किया है जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी नौसेना के दो विध्वंसक पोत होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरे थे। प्रवक्ता ने कहा कि किसी भी पोत के गुजरने पर निर्णय लेने का अधिकार ईरान के सशस्त्र बलों के पास है। इससे पहले, अमेरिकी सेना ने कहा था कि ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार उसकी नौसेना के दो विध्वंसक पोत होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरे। हालांकि, ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा कि ईरान ने जलडमरूमध्य पार करने की कोशिश कर रहे अमेरिकी सैन्य पोत को वापस लौटने पर मजबूर कर दिया।

## दक्षिण लेबनान में इजराइली हमला, 5 लोगों की मौत



लेबनान के दक्षिणी शहर काना में इजराइली हमले में 5 लोगों की मौत और कई अन्य के घायल होने की खबर है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, बचाव दल घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटे हुए हैं। इसके अलावा टायर जिले के अन्य इलाकों में भी हमलों की खबरें सामने आई हैं, जहां कई लोग घायल हुए हैं। काना शहर पहले भी 1996 और 2006 में बड़े हमलों का गवाह रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संघर्ष की शुरुआत से अब तक हजारों लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। हालिया हमलों में भी कई लोगों की मौत और घायल होने की पुष्टि की गई है।

### दिल्ली में ईरानी दूतावास ने लगाई मार्मिक प्रदर्शनी

## मिनाब स्कूल के मलबे से मिली ड्राइंग शामिल




नई दिल्ली में ईरानी दूतावास में 'एंजल्स ऑफ मिनाब' नाम की एक प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में बच्चों की बनाई ड्रॉइंग दिखाई गई हैं। इसके अलावा, मिनाब में एलिमेंट्री स्कूल के मलबे से निकाली गई आर्टवर्क दिखाई गई। बता दें, 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजराइल के एयरस्ट्राइक के बाद यह स्कूल तबाह हो गया था जिसमें 165 से ज्यादा बच्चों और स्टाफ सदस्यों की मौत हो गई थी। प्रदर्शनी के जरिए, ईरानी दूतावास ने इस संघर्ष में इंसानी मूल्यों की ओर ध्यान खींचने की कोशिश की और बरामद ड्रॉइंग्स को एक ऐसी दुनिया की झलक के तौर पर पेश किया।

### तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोगन की चेतावनी

## इजराइल पर हमला करना हमारा कर्तव्य



तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने इजराइल को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर कूटनीतिक प्रयासों से तनाव कम नहीं हुआ तो तुर्किए कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। इस बयान में एर्दोगन ने इजराइल पर पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ाने और मानवीय मूल्यों की अनदेखी करते हुए हमले करने का आरोप लगाया। हालिया हिंसा का जिक्र करते हुए एर्दोगन ने इजराइल की तीखी आलोचना की। उन्होंने लेबनान में सीजफायर वाले दिन नागरिकों की हत्या की निंदा की। एर्दोगन ने इजराइल के इन कृत्यों को जनसंहार नेटवर्क का हिस्सा बताया और तुर्किए की तरफ से और आक्रामक रुख अपनाने का संकेत दिया।

### राष्ट्रपति ट्रंप यूएफसी इवेंट में हुए शामिल

## लोगों ने की आलोचना, नजरिए पर उठाए सवाल



फ्लोरिडा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शनिवार को फ्लोरिडा में यूएफसी इवेंट में शामिल हुए। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इवेंट का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। ट्रंप मियामी में यूएफसी 327 में पहुंचे, जहां फाइट देखने के लिए एरीना में जाने से पहले यूएफसी के अध्यक्ष डाना व्हाइट ने उनका स्वागत किया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी बेटी इवांका ट्रंप, पोती काई ट्रंप उनके परिवार के कई सदस्य भी मौजूद रहे। अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी शामिल थे। आलोचकों का कहना है कि एक संवेदनशील भू-राजनीतिक समय के दौरान एक बड़े स्पोर्टिंग इवेंट में राष्ट्रपति की मौजूदगी से गलत मैसेज गया। कई लोगों ने बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव के बीच एक हाई-एनर्जी फाइट नाइट में शामिल होने के नजरिए पर सवाल उठाए।

### अमेरिका ने तीन ईरानी ग्रीन कार्ड रद्द किए

## सैयद हाशमी, पत्नी और बेटा हिरासत में

अमेरिकी विदेश विभाग ने शनिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा और ऐतिहासिक शत्रुता के मद्देनजर 1979 के ईरान बंधक संकट की प्रवक्ता मासूमेह इब्तेकर के बेटे सैयद ईसा हाशमी पर कार्रवाई की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने सैयद ईसा हाशमी और उनके परिवार का कानूनी स्थायी निवासी दर्जा (ग्रीन कार्ड) रद्द कर दिया है। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने तीन ईरानी नागरिकों सैयद ईसा हाशमी, उनकी पत्नी और बेटे के खिलाफ यह कार्रवाई की है। ये सभी ईरानी मूल के हैं और संयुक्त राज्य अमेरिका के वैध स्थायी निवासी हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई के तहत हाशमी, उनकी पत्नी और बेटे को हिरासत में ले लिया गया है और उन्हें जल्द ही देश से निकाला जाएगा।

### सऊदी अरब से दुबई जाने वाली उड़ान रद्द

## जेद्दा जा रहे विमान से उतारे गए 54 यात्री

रविवार को लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई जा रहे 54 यात्रियों को विमान से उतार दिया गया। ये यात्री सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या एसवी 893 में सवार थे, जो लखनऊ से जेद्दा के लिए उड़ान भरती। इन यात्रियों को दुबई जाना था, लेकिन सऊदी अरब से दुबई जाने वाली आगे की उड़ान रद्द हो गई थी। इस वजह से यात्रियों को लखनऊ में ही उतारना पड़ा।

## काठमांडू जा रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

इससे पहले, लखनऊ एयरपोर्ट पर एक और अंतरराष्ट्रीय विमान की इमरजेंसी लैंडिंग भी करानी पड़ी। यह विमान दुबई की उड़ान संख्या एफजेड 1133 थी, जो दुबई से काठमांडू जा रही थी। विमान में ईंधन कम होने की वजह से पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग का फैसला लिया। शाम करीब 8:22 बजे इस विमान को सुरक्षित उतारा गया। इसमें कुल 154 यात्री सवार थे।

---

## खबर संक्षेप

### निजार अमेदी बने इराक के नए राष्ट्रपति



**बगदाद।** ईराक में हुए संसदीय चुनावों के बाद, देश की संसद ने कुर्द राजनेता निजार अमेदी को देश का नया राष्ट्रपति चुना। अमेदी देश के पूर्व पर्यावरण मंत्री थे। वे वर्ष 2024 से बगदाद में कुर्दिस्तान पैट्रियटिक यूनियन के राजनीतिक कार्यालय के प्रमुख भी रहे हैं। इराक में अब पीएम का चुनाव होना है। ईराक में पीएम का शिया मुस्लिम, संसदीय अध्यक्ष का सुन्नी मुस्लिम और राष्ट्रपति का कुर्द होना अनिवार्य है।

### नाइजीरियाई सेना के हमले में 200 की मौत



**मैदुगुरी।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर इलाके में आतंकियों का पीछा कर रहे सेना के लड़ाकू विमानों की गलत बमबारी ने बाजार को श्मशान में तब्दील कर दिया। योबे राज्य के सीमावर्ती इलाके में स्थित साप्ताहिक बाजार पर हुई। इस बमबारी में 200 लोगों के मारे जाने की आशंका है। घटना शनिवार रात की है, जब वायुसेना के जेट विमान कट्टरपंथी संगठन बोको हराम के आतंकियों की तलाश में थे।

### मणिपुर में सुरक्षा बलों ने 21 अवैध बंकर नष्ट किए



**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले में सुरक्षा बलों ने 21 अवैध बंकर नष्ट कर दिए है। सुरक्षा बलों ने शनिवार को लिटान थाना क्षेत्र के सिकिबंग गांव में 14 और मोंगकोट चेपु गांव में 7 बंकर को नष्ट किया। पुलिस ने बताया कि ये बंकर सशस्त्र उपद्रवियों द्वारा अवैध रूप से बनाए गए थे। तेंगनौपाल जिले से 13 आईईडी भी बरामद किए।

### भारत ने अरुणाचल पर चीन के दावों को किया खारिज, कहा

# मनगढ़ंत कहानियों से नहीं बदलेगी हकीकत अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य हिस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश की कुछ जगहों को फर्जी नाम देने की कोशिश को पूरी तरह अस्वीकार कर दिया है। एमईए के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि ऐसी किसी भी शरारती कोशिश को भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। चीन ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश की कई जगहों, पहाड़ों, दर्रों, नदियों और बस्तियों के लिए चीनी नाम जारी किए हैं। भारत इसे दक्षिण तिब्बत मानकर अपना दावा जताता रहा है, लेकिन भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने देखा है कि चीन भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में जगहों के नामकरण के अपने व्यर्थ और बेतुके प्रयासों को जारी रखे हुए है। हमारे सैद्धांतिक रुख के अनुरूप, हम इन प्रयासों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं।

> ऐसी किसी शरारती कोशिश को भारत बर्दाश्त नहीं करेगा

> चीन की हरकतें द्विपक्षीय संबंधों को नुकसान पहुंचाती हैं



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

### क्रिएटिव नामकरण से सच्चाई नहीं बदलेगी

रणधीर जायसवाल ने कहा कि क्रिएटिव नामकरण इस निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदल सकता कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। चीन की ओर से झूठे दावे पेश करना और बेबुनियाद कथानक गढ़ना इस हकीकत को नहीं बदल सकता। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि चीन की ये हरकतें भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के प्रयासों को नुकसान पहुंचाती हैं।

### *भारत शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में*

*जायसवाल ने कहा कि चीन की ये कार्रवाइयां संबंधों में नकारात्मकता घोलती हैं और बेहतर समझ विकसित करने के प्रयासों को कमजोर करती हैं। चीन को ऐसी कार्रवाइयों से बचना चाहिए जो संबंधों में नकारात्मकता डालें। विदेश मंत्रालय ने जोर दिया कि दोनों पड़ोसी देशों को ऐसी हरकतों से दूर रहना चाहिए जो द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित करें। भारत हमेशा शांतिपूर्ण समाधान और सीमा क्षेत्र में शांति बनाए रखने के पक्ष में रहा है।*

### *भारत का अडिग रुख*

*भारत ने पहले भी चीन की इसी तरह की कई कोशिशों को खारिज किया है। हर बार सरकार ने दोहराया है कि नाम बदलने से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों देश सीमा मुद्दों पर बातचीत जारी रखे हुए हैं, लेकिन चीन की ओर से बार-बार उठाए जा रहे ऐसे कदम संबंधों में तनाव बढ़ा सकते हैं।*

### क्षेत्रीय स्थिति में बदलावों पर हुई चर्चा

## विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएई के डिप्टी पीएम नाहयान से की भेंट



एजेंसी ▶▶ अबू धाबी

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, दो दिन की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा पर हैं। इस दौरान डॉ. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से अबू धाबी में मुलाकात की, जिसमें क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलाव और उसके प्रभावों पर चर्चा केंद्रित रही। विदेश मंत्री ने भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने में संयुक्त अरब अमीरात सरकार के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। दोनों पक्षों ने सहयोग की समीक्षा की और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर विचार किया। बता दें विदेश मंत्री एस. जयशंकर 9 से 12 अप्रैल तक मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अपनी चार दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में अबू धाबी में हैं।

### *यूएई के प्रयासों की सराहना की*

*जयशंकर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शनिवार शाम अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी बातचीत क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलावों और उनके प्रभावों पर केंद्रित रही। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने खाड़ी देश में भारतीय समुदाय का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर भारत की ओर से गहरी सराहना व्यक्त की। दोनों देशों ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी और आगे बढ़ती रहेगी। जयशंकर मॉरीशस की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे, जहां उन्होंने नौवें हिंद महासागर सम्मेलन में हिस्सा लिया था।*

### बातचीत में रक्षा, अंतरिक्ष और एआई भी शामिल

## फ्रांस पहुंचे विदेश सचिव विक्रम मिसरी नागरिक परमाणु ऊर्जा पर करेंगे चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी रविवार को भारत-फ्रांस विदेश कार्यालय वार्ता में शामिल होने के लिए पेरिस पहुंचे। फ्रांस में भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट में बताया कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी भारत-फ्रांस विदेश कार्यालय वार्ता के लिए पेरिस पहुंचे हैं। मिसरी फ्रांस के विदेश मंत्रालय के सेक्रेटरी जनरल मार्टिन ब्रिएंस के साथ मिलकर इस बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। इसमें रक्षा, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी, अंतरिक्ष, साइबर और डिजिटल क्षेत्र, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इनोवेशन और लोगों के बीच आपसी संपर्क और सांस्कृतिक रिश्तों जैसे कई मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही, दोनों देश वैश्विक और क्षेत्रीय हालात पर भी बात करेंगे। मिसरी कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और गणमान्य लोगों से भी मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह जर्मनी जाएंगे, जहां वह जर्मन विदेश मंत्रालय के स्टेट सेक्रेटरी गेजा एंड्रियास वॉन गेर के साथ विदेश कार्यालय वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे।

### समुद्री सुरक्षा और रणनीति पर शीर्ष नेतृत्व करेगा मंथन

# *भारतीय नौसेना की कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 14-16 अप्रैल को*

- *चुनौतियों से निपटने की रणनीतियों की समीक्षा करेंगे*
- *यह महत्वपूर्ण सम्मेलन नौसेना भवन में आयोजित होगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी

भारतीय नौसेना के टॉप कमांडर की एक महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। नौसेना के कमांडर्स समुद्री सुरक्षा, परिचालन तैयारियों और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए रणनीतिक दिशा तय करेंगे। इसमें नौसेना का शीर्ष नेतृत्व, ऑपरेशनल कमांडर और वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। यह नौसेना की कमांडर्स कॉन्फ्रेंस हैं। दरअसल, भारतीय नौसेना 'कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2026' का पहला संस्करण आयोजित करने जा रही है। नौसेना के मुताबिक, यह 'कमांडर्स कॉन्फ्रेंस' नई दिल्ली में 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। नौसेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ कमांडर वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों का गहन विश्लेषण करेंगे। बहुआयामी चुनौतियों से निपटने की रणनीतियों की समीक्षा करेंगे। सम्मेलन में ब्लू-वॉटर क्षमताओं के विस्तार, आधुनिक प्रशिक्षण, मानव संसाधन प्रबंधन, प्लेटफॉर्म्स की युद्धक तैयारियों और टिकाऊ रखरखाव प्रणाली पर विस्तार से चर्चा होगी।

### *समुद्री सुरक्षा और तैयारियों पर होगी चर्चा*

*यह सम्मेलन 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद नौसेना की ऑपरेशनल सिद्धांतों की पुष्टि, तीनों सेनाओं के बीच समन्वय को मजबूत करने व तकनीक आधारित प्रतिक्रिया तंत्र को और प्रभावी बनाने के दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व रखता है। यह तीन दिवसीय महत्वपूर्ण सम्मेलन नौसेना भवन में आयोजित होगा, जिसमें नौसेना के शीर्ष नेतृत्व, ऑपरेशनल कमांडर और वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। दूसरी ओर यह सम्मेलन समुद्री सुरक्षा, परिचालन तैयारियों और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए रणनीतिक दिशा तय करने का प्रमुख मंच माना जाता है।*

### *त्वरित तैनाती और समुद्री निगरानी पर विशेष ध्यान*

*इस संदर्भ में सम्मेलन के दौरान त्वरित तैनाती, समुद्री निगरानी और संकट के समय समन्वित प्रतिक्रिया पर विशेष फोकस रह सकता है। इस महत्वपूर्ण नौसैनिक सम्मेलन में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और गृह सचिव भी शामिल होंगे। वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा के व्यापक दृष्टिकोण को सामने रखा जाएगा। इनके साथ विचार-विमर्श के माध्यम से तीनों सेनाओं के बीच तालमेल, संयुक्त संचालन और रणनीतिक समन्वय को मजबूत बनाने पर जोर दिया जाएगा। यह मंच राष्ट्रीय नेतृत्व और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच संवाद को भी सुदृढ़ करेगा।*

### *एआई आधारित समाधानों पर फोकस*

*इस नौसैनिक सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाधानों और डेटा-ड्रिवन तकनीकों की पर फोकस रहेगा। इन्हें नौसेना के संचालन में शामिल करने की दिशा में की गई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इससे निर्णय लेने की क्षमता, निगरानी प्रणाली और मिशन की सटीकता में सुधार होगा। सम्मेलन में स्वदेशीकरण, नवाचार और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के प्रयासों पर भी विचार किया जाएगा।*

# बेंगलुरु की तीसरी जीत, एमआई का नाकाम चेज, साल्ट-कोहली और पाटीदार की तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के टी20 मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हरा दिया। मुंबई इंडियंस की यह लगातार तीसरी हार है। आरसीबी ने शीर्ष क्रम में फिल सॉल्ट (78 रन), कप्तान रजत पाटीदार (53 रन) और विराट कोहली (50 रन) के अर्धशतकों की बदौलत 4 विकेट पर 240 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम शेरफाने रदरफोर्ड की 31 गेंद में नाबाद 71 रन की अर्धशतकीय पारी के बावजूद 20 ओवर में पांच विकेट पर 222 रन ही बना सकी।

- रदरफोर्ड ने खेली अर्धशतकीय पारी

### कोहली ने गेल का तोड़ा रिकॉर्ड

वानखेड़े के मैदान पर विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। आरसीबी की टीम को फिल साल्ट और विराट कोहली ने बेहतरीन शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 10.5 ओवर में ही 120 रन जोड़े। साल्ट के साथ की गई शतकीय साझेदारी के साथ ही कोहली ने क्रिस गेल का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। विराट टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारी निभाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। साल्ट के साथ मिलकर विराट ने इस मुकाबले में 47वीं बार टी20 क्रिकेट में शतकीय साझेदारी जमाई। वहीं, गेल ने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 46 बार शतकीय साझेदारी निभाई है।

### आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराया



### रोहित ने खास उपलब्धि की अपने नाम

वानखेड़े के मैदान पर रोहित शर्मा ने खास उपलब्धि को अपने नाम किया। रोहित ने एमआई की तरफ से खेलते हुए आईपीएल में 6 हजार रन पूरे कर लिए हैं। आईपीएल इतिहास में रोहित इस मुकाम तक पहुंचने वाले महज दूसरे खिलाड़ी है। एमआई की ओर से खेलते हुए इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी रोहित शर्मा के नाम है। एक फ्रेंचाइजी की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में रोहित दूसरे नंबर पर मौजूद हैं। इस लिस्ट में रोहित से आगे सिर्फ विराट कोहली हैं, जिन्होंने आरसीबी की तरफ से खेलते हुए 8,840 रन बनाए हैं।

### रजत ने अभिषेक को पीछे छोड़ा

रजत ने मुंबई के विरुद्ध 20 गेंदों पर 5 छक्के और 4 चौकों की मदद से 53 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 265.00 का रहा। इस दौरान उन्होंने अपना अर्धशतक 17 गेंदों पर पूरा किया और वो इस सीजन में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए। रजत ने अभिषेक को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 18 गेंदों पर ये कमाल किया था। इस लिस्ट में वैभव पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने दो टीम सीएसके और आरसीबी के खिलाफ 15-15 गेंदों पर अर्धशतक लगाए हैं।

### मैच में लगे 29 छक्के और 36 चौके

बेंगलुरु और मुंबई के इस मैच में कुल मिलाकर 462 रन बने। मुकाबले में चार बल्लेबाजों ने अर्धशतकीय पारी खेली, इसलिए चौके और छक्कों की जमकर बारिश हुई। दोनों पारियों में मिलाकर 29 छक्के और 36 चौके लगे। अकेले शेरफान रदरफोर्ड ने ही 9 सिक्स लगाए, जिन्होंने 31 गेंद में 71 रनों की विस्फोटक पारी खेल मुंबई इंडियंस को बहुत बड़ी हार से बचाया।

### स्कोर बोर्ड

| आरसीबी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का हार्दिक बो ठाकुर | 78 | 36 | 6 | 6 |
| कोहली का यादव बो हार्दिक | 50 | 38 | 5 | 1 |
| पाटीदार का तिलक बो सैंटनर | 53 | 20 | 4 | 5 |
| टिम डेविड नाबाद | 34 | 16 | 2 | 3 |
| जितेश शर्मा पगबाधा बो बोल्ट | 10 | 9 | 1 | 0 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 02 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त : 13 कुल योग : 20 ओवर 240/4**
**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-50-1, हार्दिक 4-0-39-1, बुमराह 4-0-35-0, सैंटनर 4-0-43-1, मार्कंडेय 2-0-40-0, शार्दुल 2-0-32-1.

| मुंबई इंडियंस : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकलटन का भुवनेश्वर बो सुयश | 37 | 22 | 3 | 3 |
| रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट | 19 | 13 | 2 | 1 |
| सूर्यकुमार का रसिख बो कृणाल | 33 | 22 | 5 | 0 |
| तिलक वर्मा का डफी बो सूयश | 01 | 3 | 0 | 0 |
| हार्दिक का शेफर्ड बो डफी | 40 | 22 | 6 | 1 |
| शेरफाने रदरफोर्ड नाबाद | 71 | 31 | 1 | 9 |
| धीर का पाटीदार बो रसिख | 01 | 2 | 0 | 0 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 08 | 6 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त : 12 कुल योग : 20 ओवर में 222/5 रन**
**गेंदबाजी :** डफी 4-0-58-1, भुवनेश्वर 4-0-38-0, रसिख सलाम 2.5-0-23-1, कृणाल पंड्या 4-0-26-1, सुयश शर्मा 4-0-47-2, रोमारियो शेफर्ड 1.1-0-28-0.

## खबर संक्षेप



### बरवाल ने मैराथन में तोड़ा 48 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**रोटरडैम।** सावन बरवाल ने रोटरडैम एनएन मैराथन में भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सबसे लंबे समय से कायम 48 साल पुराने राष्ट्रीय मैराथन रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया। हिमाचल प्रदेश के इस लंबी दूरी के धावक ने दो घंटे 11 मिनट और 58 सेकंड का समय लेकर इस शीर्ष स्तर की मैराथन में 20वां स्थान हासिल किया और शिवनाथ सिंह के नाम 1978 से कायम दो घंटे 12 मिनट के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

### केकेआर के लिए राहत, 18 करोड़ के खिलाड़ी को मिली एनओसी



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए अच्छी खबर है। तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से आईपीएल में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल गई है। पथिराना को नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 18 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था। रिपोर्ट के अनुसार पथिराना 14 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में उपलब्ध रहेंगे।

### राष्ट्रीय सर्फिंग के चैंपियन बने शिवराज और कमाली



**नई दिल्ली।** शिवराज बाबू और कमाली मूर्ति ने लिटिल अंडमान प्रो 2026 टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुषों और महिलाओं का ओपन सर्फिंग खिताब जीत लिया। शिवराज 13.63 के स्कोर के साथ राष्ट्रीय चैंपियन बने। उन्होंने श्रीकांत डी को सिर्फ 0.30 अंक के अंतर से हराया, जिनका स्कोर 13.33 रहा। किशोर कुमार 12.87 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे रहे जबकि संजय सेल्वमणि ने एक कड़े मुकाबले में 9.30 अंक बनाए। महिलाओं के ओपन सर्फिंग फाइनल में कमाली का दबदबा देखने को मिला।

## टाइटंस ने सुपर जायंट्स को 7 विकेट से दी शिकस्त

# गुजरात की दूसरी जीत, लखनऊ ढेर बटलर-गिल की फिफ्टी, कृष्णा का कहर


एजेंसी ▶▶| लखनऊ

तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (चार ओवर में 28 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर की कमाल की बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से शिकस्त दी।

सुपर जायंट्स को 8 विकेट पर 164 रन पर रोकने के बाद टाइटंस ने 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 165 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर चार मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। गिल ने 40 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाने के अलावा पहले विकेट के लिए साई सुदर्शन (15) के साथ 31 गेंद में 45 और दूसरे विकेट के लिए जोस बटलर (60) के साथ 58 गेंद में 84 रन की साझेदारी की। बटलर ने 37 गेंद की पारी में 11 चौके लगाए। सुपर जायंट्स के लिए दिग्वेश राठी, मोहम्मद शमी और प्रिंस यादव को एक-एक सफलता मिली। सुपर जायंट्स के लिए एडेन मारक्रम ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। कप्तान ऋषभ पंत (18), निकोलस पूरन (19), अब्दुल समद (18) और मुकुल चौधरी (18) ने क्रीज पर समय बिताने के बाद अपने विकेट गंवा दिए।

### कृष्णा ने फेंका सबसे बेहतरीन स्पेल

प्रसिद्ध कृष्णा ने अपने आईपीएल करियर का सबसे बेहतरीन स्पेल फेंका। प्रसिद्ध ने एडेन मार्करम, आयुष बदोनी, निकोलस पूरन और मुकुल चौधरी का विकेट चटकाया और एलएसजी को 164 रनों के स्कोर पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले साल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलते हुए कृष्णा ने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट निकाले थे, जो इस मुकाबले से पहले उनका बेस्ट बॉलिंग स्पेल था।





### कोहली से आगे निकले गिल

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल के 19वें मैच में कप्तानी पारी खेली और अर्धशतक लगाया। गिल ने अपनी इस अर्धशतकीय पारी के दम पर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया और विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। गिल अब आईपीएल में सबसे कम पारियों में 4000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। गिल ने इस मैच में अपना अर्धशतक 34 गेंदों पर पूरा किया और 56 रन की पारी खेली। इस पारी के दम पर उन्होंने आईपीएल में अपने 4000 रन भी पूरे कर लिए। गिल ने ये कमाल 118 पारियों में किया और इस लीग में सबसे कम पारियों में 4000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए और विराट कोहली को तीसरे नंबर पर धकेल दिया।

### जोस बटलर की खास उपलब्धि

इकाना क्रिकेट स्टेडियम में हुए मुकाबले में जोस बटलर ने टी20 क्रिकेट में खास उपलब्धि हासिल कर ली है। उन्होंने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 14 हजार रन पूरे कर लिए हैं। बटलर टी20 क्रिकेट में 14 हजार रन बनाने वाले महज पांचवें बल्लेबाज हैं। बटलर से पहले यह मुकाम सिर्फ क्रिस गेल, कीरोन पोलार्ड, एलेक्स हेल्स और डेविड वॉर्नर ही हासिल कर सके हैं। टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड गेल के नाम है, जिन्होंने 463 मुकाबलों में 144 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 14,562 रन बनाए हैं। वहीं, पोलार्ड ने 735 मुकाबलों में 150 के स्ट्राइक रेट से 14,482 रन बनाए हैं। हेल्स के नाम 14,449 दर्ज हैं तो वॉर्नर ने 14,121 रन बनाए हैं। बटलर टी20 क्रिकेट में 14 हजार रन पूरे करने वाले इंग्लैंड के महज दूसरे बल्लेबाज हैं।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का सुंदर बो कृष्णा | 30 | 21 | 5 | 1 |
| मार्श का गिल बो रबाडा | 11 | 4 | 1 | 1 |
| पंत का तेवतिया बो सिराज | 18 | 11 | 2 | 1 |
| बडोनी का फिलिप्स बो कृष्णा | 9 | 11 | 1 | 0 |
| निकोलस पूरन का गिल बो कृष्णा | 19 | 21 | 0 | 2 |
| समद का फिलिप्स बो अशोक | 18 | 22 | 2 | 0 |
| मुकुल चौधरी का बटलर, बो प्रसिद्ध | 18 | 4 | 1 | 1 |
| लिंडे का स्थानापन्न बो अशोक | 16 | 10 | 3 | 0 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 12 | 5 | 1 | 1 |
| आवेश खान नाबाद | 4 | 1 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त: 9 कुल योग: (20 ओवर में 8 विकेट पर 164 रन)**
**गेंदबाजी:** सिराज 4-0-19-1, रबाडा 4-0-54-1, अशोक 4-0-32-2, प्रसिद्ध 4-0-28-4, राशिद 4-0-25-0.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का आवेश बो राठी | 15 | 14 | 3 | 0 |
| गिल का पंत बो प्रिंस | 56 | 40 | 6 | 1 |
| बटलर का मारक्रम बो शमी | 60 | 37 | 11 | 0 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 21 | 13 | 2 | 1 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 10 | 8 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त 03 कुल योग: (18.4 ओवर में तीन विकेट पर) 165 रन**
**गेंदबाजी:** शमी 4-0-36-1, प्रिंस4-0-31-1, राठी 4-0-31-1, लिंडे3-0-28-0, आवेश2-0-24-0, मारक्रम 1.4-0-15-0.

## बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप

# शेट्टी को सिल्वर मेडल से करना पड़ा संतोष



एजेंसी ▶▶| निंगबो

- फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी से हारे
- प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने आयुष

भारत के आयुष शेट्टी को रविवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

मंगलुरु के 20 साल आयुष को लय हासिल करने में परेशानी हुई और वह चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन से 8-21, 10-21 से हार गए, जिससे इस प्रतियोगिता में भारत का पुरुष एकल स्वर्ण पदक का 61 साल का इंतजार जारी रहा। हार के बावजूद आयुष का अभियान शानदार रहा। वह दिनेश खन्ना के बाद इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने। खन्ना इस प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय एकल चैंपियन हैं। उन्होंने 1965 में यह खिताब जीता था। खन्ना के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने भी 2023 में यह खिताब जीता था।

### प्रतियोगिता में आयुष का शानदार सफर

आयुष ने हालांकि इस हफ्ते अधिक नियंत्रण और आक्रामकता के साथ खेला और फाइनल के अपने सफर के दौरान दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कुनलावत वितिदसार्न, दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी और वर्ल्ड सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग को हराया।आयुष ने हालांकि शी की कड़ी चुनौती के सामने घुटने टेक दिए। चीन के खिलाड़ी ने उन्हें अपना स्वाभाविक आक्रामक खेल खेलने का मौका नहीं दिया। शी ने अपने खेल की विविधता से भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बनाया और कुछ सटीक स्मैश भी लगाए। चीन के खिलाड़ी ने दो बढ़िया नेट ड्रिबल से शुरुआती अंक हासिल किए और 4-0 की बढ़त बना ली। आयुष के स्मैश शुरू में सटीक नहीं थे और वह पिछड़ गए।

# आरित ने किया आईएम नॉर्म हासिल बने सबसे कम उम्र के भारतीय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के 10 वर्षीय आरित कपिल स्पेन के मेनोरका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के अंतिम दौर में ऑस्ट्रेलिया के सैमुअल असाका के साथ ड्रॉ खेलकर अंतरराष्ट्रीय मास्टर (आईएम) नॉर्म हासिल करने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महज 10 वर्ष सात महीने की उम्र में इस उपलब्धि को हासिल कर नया रिकॉर्ड बनाया। आरित ने प्रतियोगिता की शुरुआत शानदार तरीके से करते हुए दूसरे दौर में कजाखस्तान के पूर्व विश्व अंडर-20 चैंपियन और ग्रैंडमास्टर नोगरबेक काजीबेक को हराया।



### 2015 में जन्मे खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर

दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए पिछले साल अंडर-11 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतना उनके करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। वह वर्तमान में 2015 में जन्मे खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं। इस प्रतियोगिता में आरित का सबसे यादगार प्रदर्शन अर्जेंटीना के 12 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर ओरो फॉस्टिनो के खिलाफ रहा, जिन्हें 'शतरंज की दुनिया का मेसी' कहा जाता है।

# महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर बनीं शिविका



**बुडापेस्ट।** भारत की शिविका रोहिल्ला यहां संपन्न पहले सैटरडे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में क्रोएशिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर रुडोल्फ सेर्टिक के खिलाफ ड्रॉ खेलकर महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर बन गईं। वर्ष 2023 में अपना पहला नॉर्म हासिल करने वाली शिविका पिछले 10 टूर्नामेंट में अंतिम नॉर्म हासिल करने में करीब पहुंचीं थी लेकिन उन्होंने मौके गंवा दिए। इस बार टूर्नामेंट की शुरुआत में बड़ी जीत की बदौलत उन्होंने आत्मविश्वास हासिल किया और अंतिम चरण में लड़खड़ाने के बावजूद दिल्ली की यह खिलाड़ी अंतिम नॉर्म हासिल करने में सफल रहीं। शिविका ने नौ बाजियों में 4.5 अंक जुटाए, जिससे उन्हें रेटिंग में भी फायदा हुआ। उन्होंने महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स के लिए जरूरी रेटिंग अंक 2025 में पोलैंड में टूर्नामेंट में बाद हासिल कर लिए थे। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी की नजरें अब महिला ग्रैंडमास्टर बनने पर टिकी हैं।

# हॉकी में बेटियों के बाद बेटों ने भी इतिहास रचा, दोनों टीमों ने जीते रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

## रांची में सब-जूनियर राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन

16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2026 में मध्यप्रदेश की महिला और पुरुष दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम कर प्रदेश को गौरवान्वित किया।

रांची में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मप्र महिला हॉकी टीम तथा पुरुष हॉकी टीम ने उत्कृष्ट खेल, अनुशासित रणनीति और सशक्त टीमवर्क का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफल सफर तय किया। मध्यप्रदेश महिला हॉकी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में मेजबान झारखंड के खिलाफ टीम ने 2–1 के करीबी स्कोर के साथ अंत तक कड़ा संघर्ष किया। मुकाबले में गीता श्री ने मध्यप्रदेश के लिए पहला गोल दागते हुए टीम को शानदार शुरुआत दिलाई और मैच के दौरान अंत तक दबाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेमीफाइनल में ओडिशा जैसी मजबूत टीम को हराकर फाइनल में पहुंचना टीम की तैयारी और क्षमता का प्रमाण रहा।




### दमदार खेल के दम पर पुरुष टीम ने भी जीता रजत पदक

दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हॉकी की पुरुष टीम ने 16वीं सब-जूनियर मेन हॉकी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में रजत पदक अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ शानदार खेल दिखाते हुए 5–2 का स्कोर बनाया। मैच की शुरुआत में ही गाजी खान ने पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई, जिसके बाद करण गौतम ने दूसरा गोल करते हुए बढ़त को मजबूत किया।




## मेरा युवा भारत के तहत एलएनसीटी में नारी शक्ति यूथ पार्लियामेंट का भव्य एवं सफल आयोजन

# महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी, सामाजिक सशक्तिकरण के साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता उनकी भूमिका पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मध्य प्रदेश में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित 'मेरा युवा भारत (माय भारत) कार्यक्रम के तहत युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक समझ एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने एक भव्य एवं सार्थक आयोजन का सफलतापूर्वक संपादन किया गया।

यह कार्यक्रम राजधानी एलएनसीटी कॉलेज परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेश भर से आए युवा प्रतिभागियों, विशेषकर महिला प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद संपतिया उइके ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर ने भारतीय परंपरा, ज्ञान और शक्ति के प्रतीक के रूप में कार्यक्रम को एक प्रेरणादायक शुरुआत प्रदान की। इस अवसर पर पैरालंपियन एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित प्राची यादव, गुंजन चौकसे तथा मनीष कौरव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का औपचारिक स्वागत राज्य निदेशक तारा पारगी एवं मंगलराम जाखड़ द्वारा किया गया। श्री जाखड़ ने अपने स्वागत उद्बोधन में 'मेरा युवा भारत (माय भारत)' कार्यक्रम की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों एवं युवाओं के लिए इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को इससे जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। प्रथम दिवस 'नारी शक्ति यूथ पार्लियामेंट' का आयोजन किया गया, जो इस पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। इस विशेष सत्र में कुल 40 महिला प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार अत्यंत प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने अपने वक्तव्यों में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी, सामाजिक सशक्तिकरण, आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं निर्णय प्रक्रिया में उनकी भूमिका पर गंभीर एवं विचारोत्तेजक चर्चा की।



### नारी शक्ति वंदन के प्रावधानों को आगे बढ़ाने की दिशा में पहल

यह विशेष सत्र संविधान (संशोधन) विधेयक, 2026 पर केंद्रित रहा, जो संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम, 2023 जिसे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के नाम से जाना जाता है, के प्रावधानों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस विधेयक के अंतर्गत लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का प्रावधान किया गया है। साथ ही, लोकसभा की कुल सीटों की संख्या 816 तक बढ़ाने का प्रस्ताव भी इसमें शामिल है, जिससे महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

### महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य: उईके

सांसद संपतिया उइके ने महिला कहा कि भारत की आधी आबादी महिलाएं हैं, जो देश की आधी शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को 33% आरक्षण प्रदान करने लाया गया यह बिल एक सराहनीय कदम है, जो देश को समावेशी एवं सशक्त लोकतंत्र की दिशा में अग्रसर करेगा।

# विविधतापूर्ण गायन की विशेष प्रतिभा थीं आशा भोंसले

अशोक मनवानी, वरिष्ठ रंगकर्मी, भोपाल



भारतीय सिनेमा में अनेक यादगार गीतों के लिए जानी गई प्रख्यात गायिका आशा भोंसले अपने जीवन के आखिरी दिनों तक अपने अंदाज में रहीं। उन्होंने इतना विविधपूर्ण गायन किया जो अन्य गायिकाएं अमूमन नहीं कर पातीं। जहां लताजी धीर गंभीर गीतों के लिए जानी गईं, वहीं आशाजी विविधता से भरे गीतों की प्रतीक थीं। लटक-झटक वाले गीतों को गाकर उन्होंने नायिकाओं को वैसी ही देह भाषा अभिव्यक्त करने का अवसर दिया। झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में.. (मेरा साया) ऐसा ही एक उदाहरण है। अभिनेत्रियां उनके गीतों के सहारे सफलता के सोपान तय करने में सफल रहीं।



## सामाजिक सक्रियता

आशा भोसले का जीवन बिंदास किस्म के स्वभाव होने के कारण और सामाजिक होने के कारण भी जाना जाता है। लताजी जहां अंतर्मुखी स्वभाव की थीं, वही आशा जी का व्यक्तित्व बहिर्मुखी था। उन्होंने रेस्टोरेंट उद्योग में भी हाथ आजमाया और काफी पैसा भी कमाया। मिलने वालों से सहृदयता से मिलती थीं। उन्होंने आरडी बर्मन के साथ जीवन जीते हुए गीत संगीत के लिए समर्पित और सक्रिय पारी खेली।

## अनेक बेमिसाल गीतों को दिए सुर

आशा ने जो गीत हिंदी सिनेमा के लिए गाए वे बेमिसाल हैं। इनमें फिल्म वक्त का गीत आगे भी जाने ना तू पीछे भी जाने ना तू...विशेष है। इसी तरह कारवां का गीत पिया तू अब तो आजा... उस श्रेणी के दर्शकों की पसंद का है जो सिर्फ मनोरंजन के लिए सिनेमा देखते हैं। ऐसे गीतों पर कैबरे डांस करने वाली कलाकार आजीवन आशा जी की आभारी रहेंगी। आशा जी ने कुछ गजलें भी गाई हैं और उमराव जान से लेकर अन्य फिल्मों में इसका असर देखने को मिला है।

## इंदौर के सराफा में लिया गराडू और रतालू की चाट का स्वाद

जहां तक आशा भोंसले के मप्र से संबंध की बात है तो उन्हें वर्ष 1990 में संस्कृति विभाग ने राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण सम्मान प्रदान किया। यही नहीं, वर्ष 2011 में मप्र के स्थापना दिवस के अवसर पर लाल परेड ग्राउंड पर उन्होंने गीत गंगा बहाई। इसका एक छोटा सा वाक्या मुझे याद आता है तो गुदगुदी महसूस होती है। आशा जी बड़ी बहन लता जी के साथ वे इंदौर के व्यंजनों का आनंद लेने में रुचि लेती थीं। उन्होंने खुद बताया था कि वे सराफा बाजार जाकर गराडू और रतालू की चाट के साथ लकड़ी वाली कुल्फी और भुट्टे की कीस खाने का शौक रखती थीं। जब वे इंदौर के व्यंजनों का बखान कर रही थीं तो मैदान में बैठे एक भोपाली से रहा नहीं गया और वह कुर्सी पर खड़े होकर ज़ोर से चिल्लाया अरे खां, अपने भोपाल का बिरयान भी फेमस है।' यह सुनते ही श्रोताओं में हंसी के ठहाके गूंज उठे। बाद में आशा जी ने कहा किसी एक की तारीफ दूसरे की आलोचना नहीं होती, इसे समझिए।




राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित स्वर साम्राज्ञी ने 2011 में भोपाल में दी थी यादगार प्रस्तुति

# सुरों की सरिता थमीः आशा भोंसले का निधन, शोक में डूबा संगीत जगत

हरिभूमि न्यूज भोपाल

रविवार को भारतीय संगीत जगत की महान गायिका आशा भोसले का निधन हो गया। उनके जाने से न केवल फिल्म और संगीत जगत में, बल्कि देश-विदेश के करोड़ों संगीत प्रेमियों के बीच गहरा शोक व्याप्त है। भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा में आशा भोसले का नाम एक ऐसे स्वर के रूप में दर्ज है, जिसने हर दौर, हर शैली और हर भावना को अपनी आवाज से जीवंत किया। उनकी गायकी में जहां चंचलता थी, वहीं गहराई और भावनात्मक अभिव्यक्ति का अद्भुत संगम भी देखने को मिलता था।



मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 1984 में महान गायिका लता मंगेशकर के नाम पर स्थापित "राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान" भारतीय संगीत के उन दिग्गजों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने योगदान से संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वर्ष 1989 में आशा भोसले को इस प्रतिष्ठित सम्मान से अलंकृत किया गया था। यह सम्मान उनके बहुआयामी गायन और भारतीय संगीत में अमूल्य योगदान की स्वीकृति था। उन्होंने अपने लंबे करियर में हजारों गीतों को अपनी आवाज दी और हर गीत को एक नई पहचान दी।

गीत गुंजन के कलाकारों ने याद की विरासत

# गीतों की गूंज में आशा जी को भावभीनी श्रद्धांजलि



सुनील एवं निशा श्रीवास्तव 'दीवाना हुआ बादल' की प्रस्तुति देते हुए।



रेणु मोरनंदानी प्रस्तुति देते हुए।



मधु तिवारी की प्रस्तुति।

हरिभूमि न्यूज भोपाल

विश्व प्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोंसले के निधन पर भोपाल में उन्हें संगीत के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। गीत गुंजन फाउंडेशन के गायक-गायिकाओं ने उनके लोकप्रिय गीत गाकर उन्हें याद किया और अपनी श्रद्धा अर्पित की।गुंजन फाउंडेशन अकादमी में गुरु कैलाश यादव के सानिध्य में संगीत सीख रहे कलाकारों ने आशा जी के सोलो और युगल गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में कैलाश यादव और स्मिता निगम ने मोहम्मद रफ़ी के साथ गाया गया प्रसिद्ध युगल गीत 'फिर मिलोगे कभी इस बात का वादा कर लो' प्रस्तुत किया। वहीं, सुनील श्रीवास्तव और निशा श्रीवास्तव ने 'दीवाना हुआ बादल' गाकर समां बांध दिया। मधु तिवारी ने 'चुरा लिया है तुमने जो दिल को' गीत से श्रोताओं को भावुक कर दिया। रीटा देराश्री ने 'दम मारो दम' और रंजीव साहनी ने 'ये मेरा दिल प्यार का दीवाना' गीत प्रस्तुत कर माहौल को संगीतमय बना दिया।

संभावना गतिविधि में 'आल्हा-ऊदल' नृत्य-नाट्य का प्रभावी मंचन

# आल्हा-ऊदल ने ले ही लिया अपने पिता और चाचा की हत्या का बदला

## वीरता के साथ पितृ भक्ति और त्याग की गाथा ने दर्शकों को किया भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज भोपाल




जनजातीय संग्रहालय में 'संभावना' गतिविधि के अंतर्गत रविवार को बुंदेलखंड की लोकगाथा 'आल्हा-ऊदल' पर आधारित नृत्य-नाट्य का मंचन किया गया। निर्देशन चंद्रमाधव बारिक ने किया, जिसमें नृत्य, गायन और वादन के समन्वय से लोक परंपरा को प्रस्तुत किया गया।'आल्हा-ऊदल' को मप्र की किसी भी बोली में लिखा गया पहला महाकाव्य माना जाता है, जो बुंदेली भाषा की समृद्धि और उसकी अभिव्यक्ति को दर्शाता है। यह गाथा बुंदेलखंड के साथ अवधी, भोजपुरी और ब्रज क्षेत्र में भी वर्षा ऋतु के दौरान गाई जाती है और लोकजीवन का अभिन्न हिस्सा बनी हुई है।

कथा में आल्हा और ऊदल को अपनी माता देवलदे से पिता दशराज और चाचा बच्छराज की हत्या का पता चलता है, जिसके बाद वे माड़ौगढ़ के राजा करिंगा से बदला लेने का संकल्प लेते हैं। बबुरी वन में हुए युद्ध में ऊदल की वीरता और दोनों भाइयों का साहस दर्शकों को रोमांचित कर देता है।



## कुल सम्मान और त्याग की गाथा

यह गाथा युद्ध और पराक्रम की कहानी नहीं है, बल्कि पितृ भक्ति, कुल सम्मान और त्याग की भावना को भी गहराई से प्रस्तुत करती है। नृत्य-नाट्य के माध्यम से इन भावों को सजीव रूप में उकेरा गया। आलेख योगेश त्रिपाठी (रीवा) और संगीत कुलदीप सारवा (दुर्ग) द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा किया गया।



कहानी, चर्चा और भजन प्रस्तुति ने श्रोताओं को किया भावुक और प्रेरित

# स्टोरी टेलर्स क्लब की बैठक में कहानियों संवाद और संगीत से सजी संध्या

हरिभूमि न्यूज भोपाल

स्टोरी टेलर्स क्लब की रविवार को आयोजित बैठक एक बार फिर कहानियों, संवाद और संगीत से सजी खूबसूरत और प्रेरणादायक संध्या बन गई। कार्यक्रम का संचालन क्लब सदस्य संदीप पोद्दार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अविरल पवार की कहानी "टू मच टू अर्ली" से हुई। यह कहानी भारतीय क्रिकेटर नरेंद्र हिरवानी के जीवन पर आधारित थी। इसमें शुरुआती सफलता के दबाव और खेल जीवन की अनिश्चितताओं को





भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया, जिसने श्रोताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया।

इसके बाद "क्लाइम्बिंग द माउंटेन विद इन" विषय पर प्रेरणादायक संवाद सत्र हुआ। इस सत्र में डॉ. ज्योति रात्रे और मॉडरेटर मोनिका भुरारिया के बीच सार्थक चर्चा हुई। डॉ. रात्रे ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने बचपन में सामाजिक सीमाओं को तोड़कर खुद को मजबूत बनाया। डॉ. रात्रे ने अपने व्यवसाय को छोटे स्तर से शुरू कर करोड़ों के टर्नओवर तक पहुंचाने और माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के अपने संघर्षपूर्ण सफर के बारे में भी बताया।

## कम शब्दों में गहरी बात ही लघुकथा की सफलताः शीला मिश्रा

**भोपाल।** हिंदी लेखिका संघ द्वारा विश्व संवाद केंद्र में लघुकथा पाठ गोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षता वरिष्ठ कथाकार शीला मिश्रा ने की, मुख्य अतिथि चरणजीत सिंह कुकरेजा उपस्थित रहे। संघ की अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने कहा कि लेखिका संघ निरंतर विधा-आधारित गोष्ठियों का आयोजन करता रहा है और इसी क्रम में लघुकथा पर केंद्रित यह आयोजन किया गया है। वहीं शीला मिश्रा ने कहा कि आज की लेखिकाएं शब्दों की साधना में निरंतर संलग्न हैं और लघुकथा सीमित शब्दों में जीवन के अनुभवों और घटनाओं को सारगर्भित ढंग से प्रस्तुत करने की सशक्त विधा है। गोष्ठी में महिमा श्रीवास्तव वर्मा, शालिनी खरे, निरुपमा खरे, मृदुल त्यागी, मधुलिका सक्सेना, नीना सिंह सोलंकी, संगीता सूर्यप्रकाश मुरसेनिया, डॉ. मालती बसंत, डॉ. वर्षा ढोबले, शीला श्रीवास्तव, मधु सक्सेना, उषा चतुर्वेदी, डॉ. कुमकुम गुप्ता, नविता जौहरी, सीमा स्वरागिनी, प्रियंका श्रीवास्तव एवं नीलू शुक्ला सहित लगभग 20 रचनाकारों ने पाठ किया।

# मुशायरे का सफल आयोजन, शायरों ने बिखेरा शब्दों का जादू

## 'सुखन की कहकशां-6' में युवा और वरिष्ठ शायरों ने सुनाई

हरिभूमि न्यूज भोपाल

कमला पार्क स्थित दुर्रानी हॉल में रविवार को 'सुखन की कहकशां-6' मुशायरे का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के कई नामी शायरों और साहित्य प्रेमियों ने भाग लिया। आयोजन की अध्यक्षता जनाब इक़बाल मसूद ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अंजुम बाराबंकवी सहित कई वरिष्ठ शायर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नफीसा सुल्ताना 'अना' विजय तिवारी 'विजय' सरवर हबीब, काज़ी मलिक नवेद, सोहेल उमर सहित कई शायरों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन सोहेल उमर ने किया। मुशायरे में



शायरों ने अपने कलाम से श्रोताओं का दिल जीत लिया। डॉ. अंजुम बाराबंकवी की पंक्तियां 'मैंने बेचे हैं कई शेर परेशानी में, मेरे बच्चे हैं किसी और के कहलाते हैं' को खूब सराहा गया। वहीं विजय तिवारी 'विजय' ने जंग के खिलाफ अपनी सोच पेश की। नफीसा सुल्ताना 'अना और सरवर हबीब की ग़ज़लों ने भी माहौल को भावुक बना दिया।

## भोपाल की इन्फ्लुएंसर शालिनी सिंह को 'मिस बेस्ट पर्सनैलिटी' अवार्ड

प्राइड ऑफ एमपी सीजन-3 के मॉडलिंग कॉन्टेस्ट में मिली उपलब्धि



**भोपाल।** शहर की जानी-मानी कंटेंट क्रिएटर और इन्फ्लुएंसर शालिनी सिंह को वर्ष 2026 के 'प्राइड ऑफ एमपी सीजन-3' के मॉडलिंग कॉन्टेस्ट में 'मिस बेस्ट पर्सनैलिटी' अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शालीमार गार्डन, में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। यह आयोजन हर वर्ष 'रूफी के रॉकर्स (इवेंट ग्रूमिंग एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स)' द्वारा किया जाता है, जिसमें प्रदेशभर के प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। शालिनी एक सक्रिय कंटेंट क्रिएटर और इन्फ्लुएंसर हैं, जो विभिन्न विषयों पर वीडियो बनाकर अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।

# मैनिट में 'युवा संवाद': सैन्य अनुभवों से युवाओं में भरा देशभक्ति का जोश

## लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कुमार सिन्हा ने दिए प्रेरक संदेश

हरिभूमि न्यूज भोपाल

मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में रविवार को 'युवा संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम तूर्यनाद समिति, यंग थिंकर्स फोरम और राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त प्रयास से हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सविता दीक्षित ने दीप प्रज्ज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ की। मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कुमार सिन्हा (सेवानिवृत्त), जिन्हें सेना मेडल से सम्मानित किया गया है, उन्होंने अपने सैन्य जीवन के अनुभव छात्रों के साथ साझा किए। युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है।

उनका संदेश 'मैं एक सपना देकर जा रहा हूं और तुमसे एक सपना लेकर जा रहा हूं' छात्रों के लिए खास रहा। उन्होंने युवाओं को खुद की ताकत पहचानने और देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने की सलाह दी।





कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर रजनीश गौर ने कारगिल युद्ध और 'ऑपरेशन सिंदूर' के उदाहरण देकर भारतीय सेना की मजबूती पर प्रकाश डाला। युवाओं को एक-दूसरे की ताकत समझकर देशहित में मिलकर काम करना चाहिए। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साह से सवाल पूछे और वक्ताओं ने सरल व प्रेरक जवाब दिए।

एमसीयू में विज्ञापन विषय पर प्रदर्शनी

# विज्ञापन और जनसंपर्क के क्षेत्र में अपार संभावनाएंः तिवारी

हरिभूमि न्यूज भोपाल

विज्ञापन और जनसंपर्क का क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है और इसमें युवाओं के लिए कई अवसर मौजूद हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में पब्लिक सर्विस एडवर्टाइजिंग विषय पर प्रदर्शनी और कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि विज्ञापन एक ऐसी कला है, जिसमें कम शब्दों में बड़ी बात कही जा सकती है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र विद्यार्थियों को सृजनात्मकता सिखाता है और उन्हें नए विचारों के साथ काम करने का अवसर देता है। कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय अब पत्रकारिता के क्षेत्र में एक




महत्वपूर्ण पहचान बना रहा है, जहां छात्र लेखन, डिजाइनिंग, सिनेमा और विज्ञापन जैसे क्षेत्रों में अच्छा काम कर रहे हैं।

विज्ञापन एजेंसी के सीईओ संजय धस्माना ने कहा कि सृजनात्मकता की कोई सीमा नहीं होती। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे कंटेंट को सरल और स्पष्ट रखें और अच्छे विजुअल का उपयोग करें। सही शब्दों के चयन से ही संदेश लोगों तक प्रभावी तरीके से पहुंचता है। इसके लिए विद्यार्थियों को अच्छा साहित्य पढ़ने की सलाह दी गई।



## तुलसी साहित्य अकादमी का पुस्तक लोकार्पण एवं विमर्श

**भोपाल।** तुलसी साहित्य अकादमी द्वारा सृजन श्रृंखला - 57 के अंतर्गत पुस्तक लोकार्पण एवं समीक्षात्मक विमर्श तथा कविता पाठ का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.मोहन तिवारी आनंद, द्वारा की गई। मुख्य अतिथि डॉ. प्रभु शंकर शुक्ल सारस्वत अतिथि -डॉ. सुरेश पटवा एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार कैलाश आदमी रहे। कार्यक्रम में डॉ. शिवकुमार दीवान की कृति सही फैसला लघुकथा संग्रह का लोकार्पण किया गया। इसके उपरांत डॉ. अमित दीवान की लेख, आलेख एवं टिप्पणियों की कृति "विचार विविधा" का लोकार्पण किया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930